मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.8 | 18.6 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 18.2 |
| डालटनगंज | 30.4 | 14.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

शुक्रवार 01 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 313

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की
पावन धरती, झारखण्ड पर

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

का हार्दिक
अभिनंदन और
जोहार



श्री सी. पी. राधाकृष्णन
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## ब्रीफ खबरें

### 27 आईपीएस अफसरों का मूवमेंट ऑर्डर जारी

**रांची।** झारखंड सरकार ने बीते 27 फरवरी की रात 23 आईपीएस का तबादला और एक को अतिरिक्त प्रभार दिया था. वहीं आज गुरुवार को चार आईपीएस का तबादला और एक के आदेश को विलोपित किया. इन सभी 27 आईपीएस अधिकारियों का गुरुवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मूवमेंट ऑर्डर जारी कर दिया है. तत्काल सभी अधिकारियों को अपने नव पदस्थापन जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है.

### राज्य में तीन आईपीएस का हुआ तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने तीन आईपीएस का तबादला किया है. प्रिया दुबे को जैप एडीजी बनाया गया है. वहीं बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित प्रियदर्शी आलोक को एसटीएफ एसपी बनाया गया है. पूज्य प्रकाश को बोकारो एसपी बनाया गया है, लातेहार एसपी अंजनी अंजन अपने पद पर बने रहेंगे और पीयूष पांडे को रांची ग्रामीण एसपी के पद पर स्थापित किया गया है.

### तीन जेई को एसडीओ पद पर मिली प्रोन्नति

**रांची।** ऊर्जा विभाग के तीन जूनियर इंजीनियर (जेई) को सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ) के पद पर प्रोन्नति मिली है. साथ ही तीनों का पदस्थापन भी किया गया है. जमशेदपुर में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित घनश्याम प्रसाद को रांची में सहायक विद्युत अभियंता के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं डाल्टेनगंज के जेई शैलजानंद प्रकाश को रांची एसडीओ और रांची के जेई दीपक रजक को दुमका एसडीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड ऊर्जा विकास विभाग ने जारी की है.

### वासुदेव तुरी को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद के हमेंद्र पासवान हत्याकांड के आरोपी वासुदेव तुरी को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. अदालत ने उसे बीस-बीस हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. वासुदेव तुरी की ओर से अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य ने बहस की. हमेंद्र पासवान की हत्या वर्ष 2023 में हुई थी. जिसके बाद उसके परिजनों ने धनबाद के जोड़ा पोखर थाना में कांड संख्या 29/2023 दर्ज करवाई थी.

### आदिवासी संगठनों ने सौंपा मांग पत्र

**रांची।** आदिवासी मूलवासी संगठनों और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ने वाले जनसंगठनों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयोग को मांग पत्र सौंपा. इसमें कहा गया कि देश और राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव ईवीएम से न कराकर बैलेट पेपर से कराया जाए. इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि देश में सता हथियाने के लिए ईवीएम से वोट कराने का प्रयास किया जा रहा है . जय आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के निरंजना हेरेज ने कहा कि ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक मशीन है, जिसे हैक भी किया जाता है.

## एक यूनिट बिजली खपत पर 53.85 लाख कंज्यूमर से मिलेगा 3.58 करोड़

# नई बिजली दर से वितरण निगम का बढ़ेगा राजस्व, पटेगा रेवेन्यू गैप

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

नई बिजली दर से झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम का राजस्व बढ़ेगा. साथ ही रेवेन्यू गैप को भी पाटा जा सकेगा. वर्तमान में वितरण निगम का रेवेन्यू गैप 2811 करोड़ रुपये है. नई टैरिफ दर के अनुसार घरेलू शहरी उपभोक्ताओं की संख्या 5385557 है.

घरेलू कैटेगरी में शहरी उपभोक्ताओं को नई दर के अनुसार अब 6.65 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे. इस हिसाब से कुल उपभोक्ताओं के एक यूनिट बिजली खपत पर वितरण निगम को 35813954 रुपए मिलेंगे. वहीं इंडस्ट्रीज एलटी के 20826 कंज्यूमर के एक यूनिट बिजली खपत पर 125987 रुपये आएगा. नई दर के अनुसार इंडस्ट्रीज एलटी को अब 6.05 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल देना होगा. वहीं सिंचाई के 82884 उपभोक्ताओं से एक यूनिट बिजली की खपत पर 439285 रुपये मिलेंगे. 349648 कॉमर्शियल कंज्यूमर के एक यूनिट बिजली खपत पर 2325145 रुपये मिलेंगे.

- इंडस्ट्रीज के 20826 कंज्यूमर के एक यूनिट बिजली खपत पर आएगा 1.25 लाख
- नियामक आयोग ने 7,075 .83 करोड़ रुपये की दी है स्वीकृति

### फिक्स्ड चार्ज से भी बढ़ेगा राजस्व

सिंचाई कैटेगरी के कंज्यूमर के लिए फिक्स्ड चार्ज में 10 रुपये की वृद्धि की गई है . अब इस कैटेगरी के उपभोक्ताओं को हर महीने फिक्स्ड चार्ज के रूप में 50 रुपये देने होंगे . इस हिसाब से सिंचाई के 82884 उपभोक्ताओं से हर महीने 4144200 रुपये मिलेंगे . इंडस्ट्रियल एलटी के 20826 कंज्यूमर से फिक्स्ड चार्ज के रूप में हर महीने 3123900 रुपये मिलेगा . इसके अलावा इंडस्ट्रियल एचटी के 2122 कंज्यूमर से हर महीने फिक्स्ड चार्ज के रूप में 848800 रुपये मिलेंगे . इंडस्ट्रियल एचटी के लिए फिक्स्ड चार्ज 400 रुपये तय किया गया है .



### नुकसान कम हुआ तो 52 करोड़ की बचत

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली नुकसान कम करने पर जोर दिया है . आयोग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 फीसदी प्रस्तावित वितरण हानि को मंजूरी दी है, जबकि वितरण निगम ने 26 .34 फीसदी तक बिजली नुकसान तक की मांग की थी . इस हिसाब से वितरण निगम का नुकसान आयोग द्वारा निर्धारित मानक से 13 फीसदी अधिक है . अगर एक फीसदी बिजली का नुकसान कम होता है तो चार करोड़ रुपये तक की बचत होगी . इस हिसाब से 13 फीसदी तक नुकसान कम होने से वितरण निगम को 52 करोड़ रुपये की बचत होगी .

## यूजीसी गाइडलाइन : इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को मिलेगा निशिचत स्टाइपमेंड

# इंटर्नशिप के लिए विवि में नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी

### विद्यार्थियों का इंश्योरेंस भी कंपनी से होगा

**विशेष संवाददाता। रांची**

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन(यूजीसी) ने नयी गाइडलाइन जारी की है. इस गाइडलाइन का सीधा लाभ ग्रेजुएशन के चौथे, यानी अंतिम वर्ष में रिसर्च इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को मिलेगा. इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को निश्चित स्टाइपेंड (फाइनेंशियल कंपनसेशन) मिलेगा. साथ ही कंपनी द्वारा छात्रों का इंश्योरेंस कराया जाएगा. इसके अलावा एकेडमिक क्रेडिट भी मिलेगा. इसके लिए यूजीसी ने गाइडलाइन तैयार कर देशभर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को भेजा है. अब नए इंटर्नशिप प्रोजेक्ट और उनके लिए बनाए गए मेंटॉर्स की जानकारी संस्थानों को अपने पोर्टल पर प्रकाशित करनी होगी. विश्वविद्यालय और कॉलेजों में स्टूडेंट करियर काउंसलिंग सेल को अनिवार्य किया गया है. करियर काउंसलिंग सेल में न केवल विश्वविद्याल, बल्कि इंडस्ट्री के प्रतिनिधि भी शामिल होने चाहिए.

### विद्यार्थियों को क्या मिलेगा फायदा

अंडर ग्रेजुएट स्तर पर इंटर्नशिप को कोर्स का हिस्सा बनाए जाने के पीछे मकसद है कि छात्रों को इसका क्रेडिट मिले . नई शिक्षा नीति के अंतर्गत लागू किए गए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में उसका स्कोर एकत्र हो सकेगा . संबंधित कंपनी की सिफारिश पर इंटर्नशिप कर रहे छात्रों की इंटर्नशिप अवधि बढ़ाई भी जा सकती है . उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने पोर्टल पर एपीआई इंटीग्रेशन के साथ व्यवस्था करनी होगी कि कंपनियों के एक्सपर्ट्स या एजेंसियां रजिस्ट्रेशन कर सकें . इंटर्नशिप प्रोजेक्ट स्टूडेंट के स्किल डेवलपमेंट कोर्स से लिंक होगा .

### एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में एकत्र होंगे छात्रों के अंक

यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 के मुताबिक, यूजी लेबल पर क्रेडिट प्रेमवर्क लागू किया गया . अब उच्च शिक्षण संस्थान ग्रुप इंटर्नशिप की संभावनाएं भी तलाश सकते हैं . छात्रों की इम्प्लॉएबिलीट बढ़ाने के लिए इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है . इसी कड़ी में आयोग ने इंटर्नशिप को लेकर गाइडलाइन तैयार की है . इससे छात्रों के प्वाइंट्स एनईपी के तहत लागू एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में एकत्र होंगे . जिस कंपनी में वह इंटर्नशिप कर रहे हैं, तो बाद में उनके प्रोग्राम का समय भी बढ़ाया जा सकेगा . नए गाइडलाइंस पर यूजीसी अपने सभी स्टेक होल्डर्स से सुझाव भी मांगे हैं .

### सात साल तक कर सकेंगे क्रेडिट नंबर का इस्तेमाल

नए गाइडलाइन के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों को एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस एपीआई इंटीग्रेशन के लिए अपने पोर्टल पर व्यवस्था करनी होगी, ताकि कंपनियों या एजेंसियों के एक्सपर्ट्स इस पर रजिस्ट्रेशन कर सकें . वहीं एनईपी के तहत एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्टूडेंट का एकेडमिक रिकॉर्ड रखने, खोलने, बंद करने और उसे वेरिफाई करने के लिए है . यह क्रेडिट एक्यूमुलेशन, क्रेडिट वेरिफिकेशन और क्रेडिट ट्रांसफर आदि काम करेगा . इससे कोर्स दौरान स्टूडेंट्स द्वारा पाए गए क्रेडिट सात साल तक उपयोग में लाए जा सकेंगे . इसकी सहायता से वह किसी कोर्स के दूसरे वर्ष में एडमिशन ले सकेंगे .

### विवि अब कंपनियों के साथ कर सकेंगे समझौता

यूजीसी की नई गाइडलाइन के तहत अब उच्च शिक्षण संस्थाओं को नोडल अधिकारी नियुक्त करना है . जो रिसर्च इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को सहयोग प्रदान करेंगे . अब विवि और उच्च शिक्षण संस्थान रिसर्च इंटर्नशिप के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ समझौता कर सकेंगे . वहीं उच्च शिक्षण संस्थान इंटर्नशिप करने वाले प्रत्येक योग्य छात्र के लिए इंटर्नशिप सुपरवाइजर बनाया जाएगा . सुपरवाइजर निर्धारित समय के अंदर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट को पूरा करने में छात्रों की सहायता करेंगे . नए गाइडलान के तहत चार वर्षीय अंडर ग्रैजुएट प्रोग्रोम के तहत चाथे वर्ष में रिसर्च की व्यवस्था की गई है .

### 10 आईएएस अफसरों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य सरकार ने 10 आईएएस अफसरों को प्रोन्नति दे दी है. राजस्व विभाग के अपर सचिव अंजनी कुमार मिश्र को प्रोन्नति देते हुए विशेष सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं सेवानिवृत आईएएस संजय बिहारी अंबष्ठ को वैचारिक प्रोन्नति दी गई है. ऊर्जा विभाग के अपर सचिव अंजनी दूबे को प्रोन्नति देते हुए विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग के पद व अमित प्रकाश, को प्रोन्नति देते हुए विशेष सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है. गोपालजी तिवारी को प्रोन्नति देते हुए विशेष सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है. गढ़वा डीसी शेखर जमुआर को अगले आदेश तक अपने वर्तमान पद पर प्रोन्नत वेतनमान में बने रहने का आदेश दिया गया है. सदस्य सचिव, राज्य खाद्य आयोग, रांची के पद पर पदस्थापित संजय कुमार को प्रोन्नति के बाद अगले आदेश तक वर्तमान पद व अपर समाहर्ता, खूंटी के पद पर पदस्थापित अरविंद कुमार को प्रोन्नति के उपरांत अगले आदेश तक अपने वर्तमान पद पर बने रहने का आदेश दिया गया है. राजू रंजन राय को प्रोन्नति देते हुए विशेष सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, परियोजना निदेशक, एड्स कंट्रोल सोसायटी के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को प्रोन्नति के बाद वर्तमान पद पर बने रहने का आदेश दिया है.

## माकपा ने दो लोकसभा सीटों को किया है चिह्नित

# संघर्ष के मैदान में लाल झंडा ही आगे है: वृंदा



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने कहा है कि आज पूरे देश के मेहनतकश सरकार की जनविरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोशित हैं. पिछले कई वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं. इसका सकारात्मक परिणाम आगामी संसदीय चुनाव में सामने आएगा और केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन होगा. वे गुरुवार को देवघर में मीडिया से बात चीत कर रहीं थीं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो '400 पार' का नारा दे रहे हैं. यह उनकी चिंताओं को प्रतिबिंबित करता है. यदि एनडीए को 400 लोकसभा सीटों के जीतने की गारंटी रहती तो भाजपा इस तरह बदहवास हो कर दल बदल का खेल नहीं खेलती. संघर्ष के मैदान में लाल झंडा ही है.

**सीट शेयरिंग पर नहीं हुई है बात :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि सीपीआई (एम) ने राज्य में चुनाव लड़ने के दो लोकसभा सीटों को चिन्हित किया है. वहां हमारी तैयारी चल रही है. झारखंड में अभी आइएनडीआइए गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग की बातचीत शुरू नहीं हुई है, इसके लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा को पहल करनी होगी, क्योंकि गठबंधन में वही सबसे बड़ा राजनीतिक दल है. हमारी पार्टी पिछले दो वर्षों से संताल परगना के ज्वलंत जन मुद्दों पर अभियान और आंदोलन चला रही है जिसके क्रम में हम प्रशासन पर दबाव बना कर जनता को कुछ राहत दिलाने में भी सफल हुए हैं. संताल परगना में निजी कोल खदानों से हो रहा विस्थापन, गंभीर पेयजल संकट, खनन सामग्री के ट्रांसपोटेशन से बढ़ता प्रदूषण, जमीन की लूट. पावर प्लांट के लिए गंगा जल का भारी दोहन और स्वास्थ्य व शिक्षा की बदहाली जैसे मुद्दे आज भी अनसुलझे हुए हैं. विगत कई वर्षों से संताल परगना के सभी 6 जिलों में युवाओं का पलायन काफी बढा है लेकिन इस क्षेत्र के तीन सांसद हों या 18 विधायक उनका जनता से अलगाव बढा है. क्योंकि वे जनमुद्दों पर हस्तक्षेप नहीं करते हैं. प्रेस वार्ता में माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला सचिव नवल किशोर, सुरेश गुप्ता अशोक राणा समेत अन्य वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे.

# 'कंडक्ट जेएसएससी फेयर एग्जाम' टॉप ट्रेंड कर रहा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के खिलाफ अभ्यर्थियों का ट्विटर महाअभियान कंडक्ट जेएसएससी फेयर एक्जाम सोशल मीडिया साइड एक्स के टॉप ट्रेंड में चल रहा है. इस महाअभियान को बीजेपी के नेताओं का भी समर्थन मिल रहा है. शुरुआत के पहले घंटे में ही 58 हजार से अधिक लोग इसके सपोर्ट में आ गए. बताते चलें कि बता दें कि स्टूडेंट्स यूनियन ने एक मार्च को ट्विटर महाअभियान की बात कही थी. लेकिन, 28 फरवरी को अचानक इसकी तारीख में फेरबदल करते हुए 29 फरवरी को ही इस अभियान का ऐलान कर दिया.

**युवा ही इस निकम्मी सरकार का अंजाम तय करेंगे : बाबूलाल :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी ट्वीट कर कहा है कि अब हमारे कर्णधार युवा ही इस निकम्मी सरकार का अंजाम तय करेंगे. कहा है कि पिछले चार साल में ठगबंधन सरकार ने राज्य के युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सिर्फ उन्हें धोखा देने और बरगलाने का काम किया है. प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी करना, असंवैधानिक नियोजन नीति बनाना, सीटों का सौदा करना, सत्ता का रौब दिखाना और युवाओं पर लाठियां भांजना झारखंड सरकार की पहचान बन चुकी है.

### क्या हैं अभ्यर्थियों की मांगें

- निर्दोष छात्रों पर नामकुम थाने में दर्ज एफआईआर को किया जाए निरस्त
- पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए
- अविलंब सीजीएल समेत जेएसएससी का अन्य परीक्षा का संचालन किया जाए
- भ्रष्ट एजेंसी को तत्काल ब्लैक लिस्ट किया जाए

### प्रदूषण बोर्ड के अफसरों व प्रदूषक उद्योगों के बीच होती है सांठगांठ: सरयू

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण का मुख्य कारण झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों, खासकर बोर्ड के सदस्य सचिव और कतिपय प्रदूषक उद्योगों के बीच सांठगांठ होती है. यह मामला सरयू राय ने गुरुवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया. उन्होंने कहा कि राज्य में वायु प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण उद्योगों के परिसर में प्रदूषण मापने के लिए ओसीइएमएस संयंत्र लगाये गये हैं, इसका निर्धारित कैलिब्रेशन हो रहा है या नहीं इसकी जांच नहीं होती. यह जांच होनी चाहिए. उद्योगों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पीएम-10 एनालाइजर लगाए गए हैं जो अधिकांशतः बंद पड़े रहते हैं. इन्हें बंद रखने वालों प्रदूषक उद्योगों के विरुद्ध झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद कार्रवाई नहीं करता है, इन पर कार्रवाई की जाए. सीएएक्यूएमएस को ऐसी जगह पर लगाना है, जो आम जनता की पहुंच में हो. जगह चयन करने में पर्षद के पदाधिकारियों की मिलीभगत रहती है. इसकी जांच होनी चाहिए.

## रांची सिविल कोर्ट की फैमिली कोर्ट के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय ने पलटा

# बिना कारण पति से अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं : हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि बिना किसी उचित कारण से अपने पति से अलग रहने वाली पत्नी भरण-पोषण की हकदार नहीं है. हाईकोर्ट ने यह आदेश जमशेदपुर के रहने वाले अमित कुमार कच्छप की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई करते हुए दिया है. दरअसल रांची सिविल कोर्ट की फैमिली कोर्ट ने यह आदेश दिया था कि अमित कुमार कच्छप अपनी पत्नी संगीता टोप्पो को भरण-पोषण के रूप में 15 हजार रुपये प्रति माह दें.



फैमिली कोर्ट के आदेश के मुताबिक, अमित कच्छप को 30 अक्टूबर 2017 से प्रति माह 15,000 रुपये अपनी पत्नी को देना था. इस आदेश के खिलाफ अमित ने हाईकोर्ट में रिवीजन दायर की थी. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि शादी के कुछ दिनों के बाद ही उसकी पत्नी ने उसका घर छोड़ दिया. इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पत्नी का अपने पति से अलग होने में उचित औचित्य का अभाव था. एक कानूनी घटनाक्रम में, हाईकोर्ट ने एक मामले में भरण-पोषण आदेश को पलट दिया है, जो भारत में वैवाहिक विवादों और भरण-पोषण कानूनों की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है. अमित कुमार कच्छप द्वारा एक आदेश के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण में जिसमें उन्हें रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था. न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने अपनी पत्नी संगीता टोप्पो को प्रति माह 15,000 गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया, जिसने अपने सूक्ष्म विश्लेषण और परिणामी फैसले के लिए ध्यान आकर्षित किया है. आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत 2017 के मूल रखरखाव से उत्पन्न मामले में दोनों पक्षों के विपरीत दावे देखे गए. संगीता टोप्पो ने अपने पति पर क्रूरता, उपेक्षा और अवैध संबंध का आरोप लगाया, जबकि अमित कुमार कच्छप ने तर्क दिया कि संगीता ने उन्हें बिना कारण छोड़ दिया और उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए.

CLASSIFIED
















## आश्वासन मंत्री ने कहा- टाटा स्टील सहित संबंधित प्राधिकारों से करेंगे वार्ता

# जमशेदपुर में चांडिल डैम से होगी जलापूर्ति



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर व समीपवर्ती इलाकों में पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से होगी. इस बारे में जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन स्वयं जमशेदपुर जायेंगे और टाटा स्टील सहित अन्य सक्षम प्राधिकारों के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई करेंगे. यह आश्वासन जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन ने विधायक सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देने के क्रम में सदन में दिया. सरयू राय ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय जल नीति-1987, 2002 और 2012 के अनुसार किसी भी जलाशय के पानी का उपयोग करने में पेयजल की पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि फिलहाल चांडिल डैम से ही पानी नीचे स्वर्णरेखा नदी में आता है और जमशेदपुर, मानगो, मोहरदा आदि पेयजलापूर्ति योजनाओं से नदी का पानी खींचकर उसे शुद्ध करके पीने के लिए दिया जाता है.

### स्वर्णरेखा व खरकई नदी में बढ़ गया है प्रदूषण

सरयू राय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से स्वर्णरेखा, खरकई नदियों में औद्योगिक व नगरीय प्रदूषण बढ़ जाने से इन्हें साफ करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं और खर्च भी बढ़ रहा है . काफी कोशिश करने के बावजूद मोहरदा पेयजलापूर्ति से पीने लायक साफ पानी लोगों को नहीं मिल रहा है . कभी-कभी नदी में प्रदूषण इतना बढ़ जाता है कि पानी साफ करने वाला संयंत्र बंद करना पड़ता है . चांडिल डैम से सीधे डिमना लेक में पानी डाल दिया जाय और वहां से मानगो होकर पहले से बिछे हुए पाइप लाइन से वह पानी टाटा स्टील के जल शुद्धिकरण संयंत्र तक आ जाएगा . यदि उस पाइप लाइन को मोहरदा तक बढ़ा दिया जाय तो जमशेदपुर के लोगों के साथ ही बिरसानगर, बारीडीह, बागुनहातू, बागुननगर के लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिलेगा और नदी के प्रदूषित जल को साफ कर पीने लायक बनाने में होने वाले खर्च में बचत होगी . श्री राय ने कहा कि चांडिल डैम के पानी से जमशेदपुर, मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, परसुडीह आदि इलाकों में भी स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हो सकती है .

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शुक्रवार 01 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 313

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






**मौसम अलर्ट**

**बढ़ने लगा है 4 से 6° तक तापमान**

# होली के बाद से ही इस साल उत्तर भारत में झुलसाएगी लू

एजेंसी। नयी दिल्ली

देश में फरवरी का महीना खत्म हो चुका है. इसके बावजूद सुबह-सुबह और रात में ठंड बरकरार है. लेकिन मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो देश में इस बार गर्मी के मौसम की शुरुआत बहुत जल्द होने जा रही है. होली (25 मार्च) के बाद से ही उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिल सकता है. अभी से ही दक्षिण भारत के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही हैं. ये बढ़ोतरी पिछले दो हफ्ते से हो रही है. हालात ये हैं कि दक्षिण भारत के सभी राज्यों से झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा तक दिन का तापमान 4-6 डिग्री तक ज्यादा यानी 33 डिग्री से ऊपर दर्ज हो रहा है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से फरवरी के तीसरे हफ्ते से तापमान बढ़ने का ट्रेंड दिख रहा है. लेकिन इस बार तापमान में बढ़ोतरी फरवरी के पहले हफ्ते से ही होने लगी थी.

## इसलिए इस साल पड़ेगी सबसे अधिक गर्मी




देश में गर्मी बढ़ने के साथ तापमान में बदलाव होगा, जिससे खेती का कार्य प्रभावित होगा. इससे खाद्य कमी की समस्या भी हो सकती है. जलवायु परिवर्तन एवं अल नीनो के प्रभाव से यह समस्या उत्पन्न होने की आशंका विश्व मौसम संस्थान (डब्ल्यूएमओ) ने प्रकट की है. जिन इलाकों में हीट वेव अर्थात ग्रीष्म प्रवाह होता है, वहां इसका सर्वाधिक प्रभाव देखा जाएगा. विश्व मौसम वैज्ञानिक संस्थान के साथ अमेरिकी अनुसंधान संस्था नासा के वैज्ञानिकों ने भी 2024 में मौसम की स्थिति को लेकर सतर्कता जारी की है. 2016 की तुलना में 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा है और 2024 में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने की जानकारी नासा की तरफ से दी गई है. संस्थान का कहना है कि जलवायु परिवर्तन एवं अल नीनो के प्रभाव से विश्व में इस तरह की स्थिति बन रही है. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में अल नीनो सक्रिय है. इसके प्रभाव से ही तापमान में बढ़ोत्तरी जैसे परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं. यह अगले वर्ष अप्रैल महीने तक सक्रिय रहने का 90 फीसदी अनुमान है.

## क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हम मौसमी चक्र के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जब सर्दी खत्म होने के तुरंत बाद गर्मी दस्तक देने लगी है. ऐसे में वसंत का दौर काफी कम या नहीं के बराबर हो गया है. दुनिया भर के मौसम पर अलनीनो का असर साफ दिख रहा है. अलनीनो के कारण प्रशांत महासागर ही नहीं बंगाल की खाड़ी के साथ ही अरब सागर की सतह के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. यह बीते एक वर्ष में सामान्य से अधिक दर्ज हुआ है. पिछले साल देश में हीटवेव दक्षिण भारत में तीन मार्च से शुरू हुई थी. लू की यह स्थिति देशभर में मई के तीसरे सप्ताह तक रही थी. वहीं, 2022 में हीटवेव 11 मार्च से शुरू होकर देशभर में जून के पहले सप्ताह तक बरकरार थी.

## मौसमी चक्र से गुजर रहा देश

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 2023 में तीन मार्च से दक्षिण भारत में लू की शुरुआत हुई थी, जो मई के तीसरे हफ्ते तक रही थी. वहीं 2022 में 11 मार्च से लू शुरू हुई थी, जो जून के पहले हफ्ते तक जारी थी. पिछले दो वर्षों से उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में प्री मानसून सीजन में तापमान बढ़ोतरी को जो ट्रेंड है, वह इस बार भी जारी रह सकता है. देश फिलहाल मौसमी चक्र से गुजर रहा है, जब सर्दी खत्म होते ही बिना वसंत के सीधे गर्मी आ रही है. अल नीनो के कारण प्रशांत महासागर ही नहीं, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों की सतह का तापमान बीते एक वर्ष से सामान्य की तुलना में ज्यादा है. इधर, मौसम विभागों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ सामान्य रूप से अक्तूबर से फरवरी के दौरान ही आते हैं. इनकी सक्रियता से पहाड़ों पर बर्फबारी व उत्तर से लेकर मध्य भारत तक मैदानी इलाकों में झमाझम बारिश होती है. हालांकि इस बार 21 पश्चिमी विक्षोभ अक्तूबर से जनवरी के बीच ही आ गए हैं. इनमें से महज केवल चार ही सक्रिय रहे. इस मौसमी तंत्र के कारण उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि मध्य भारत में बारिश हुई.



इस मौसमी तंत्र के कारण उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि मध्य भारत में बारिश हुई

- **हर साल कम हो रही ठंड, बढ़ती जा रही गर्मी...अब हीटवेव करेगी परेशान**

**रांची का तापमान**

| 27.0° | 15.9° |
|---|---|
| अधिकतम | न्यूनतम |

- **अब दुनिया भर में लगातार दिखने लगा है अलनीनो का प्रभाव मौसम तंत्र प्रभावित**

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,800 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### मोदी सरकार ने सस्ती की 100 जरूरी दवाएं

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने 100 दवाओं की कीमत कम कर दी है. इसमें एंटीवेनम और बच्चों के लिए एंटीबॉयोटिक की दवा प्रमुख हैं. इसके साथ ही शुगर और कोलेस्ट्रॉल भी शामिल है. इससे देश लाखों लोगों को फायदा होने जा रहा है. कोलेस्ट्रॉल हो या शुगर. ब्लीडिंग हो फिर इन्फेक्शन इनका इलाज कराना सस्ता होगा. रसायन और उर्वरक मंत्रालय यानी मिनिस्ट्री ऑफ कैमिकल एंड फर्टिलाइजर्स अंतर्गत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स के नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है.

#### 'मोदी फिर आए तो गैस होगी 2000 पार'

**झारग्राम।** पश्चिम बंगाल की सीएम व टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने गुरुवार को आशंका जतायी कि यदि भाजपा केंद्र की सत्ता में वापस लौटी, तो सरकार प्रत्येक रसोई गैस सिलिंडर की कीमत बढ़ाकर दो हजार रुपये तक कर देगी. बनर्जी ने कहा, अगर भाजपा चुनाव जीतती है, तो वे रसोई गैस सिलिंडर की कीमत बढ़ाकर 1,500 या 2,000 रुपए तक कर सकते हैं. ऐसा होने पर हमें आग जलाने के लिए लकड़ी इकट्ठा करने की पुरानी प्रथा को अपनाना होगा.

#### टीएमसी नेता शाहजहां गिरफ्तार, गए जेल

**बशीरहाट।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुये हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिन से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया. इस बीच, टीएमसी ने शाहजहां को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है.

## अब झारखंड सरकार खुद से बनाएगी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर

# 47 करोड़ स्वीकृत

**कैबिनेट का फैसला**



### टाना भगत के परिजनों को प्रतिमाह 200 यूनिट निःशुल्क बिजली देने सहित 40 प्रस्ताव पारित

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई. बैठक में 40 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गयी.बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि सभी विभाग बेहतर कर रहे हैं. काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है. कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं. कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में स्थित सम्बद्धता प्राप्त उपशास्त्री (इंटर) स्तर एवं शास्त्री (स्नातक) स्तर संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को भविष्य निधि-पेंशन-सह-उपादान के लाभ दिये जाने की स्वीकृति दी गई. वहीं वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण के लिए 47.03 करोड़ की राशि स्वीकृत किया गया है. इसमें अब केंद्र का कोई अंश नहीं है.

प्रदेश में टाना भगत के परिवारों को प्रतिमाह 200 यूनिट निःशुल्क बिजली की सुविधा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई. वहीं स्व. राम नरेश सोनी, झाप्रसे तत्कालीन अंचल अधिकारी, डुमरिया (पूर्वी सिंहभूम) के आश्रित पत्नी श्रद्धा सोनी की अनुकम्पा के आधार पर सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय में कनीय सचिवालय सहायक के पद पर नियुक्ति की अनुमति दी गई है. राज्य सरकार के वैसे कर्मी, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया दिनांक 01 दिसंबर 2004 के पूर्व पूर्ण हो गयी हो, परन्तु दिनांक 01 दिसंबर 2004 के पश्चात नियुक्त हुए हो, उन्हें पुरानी पेंशन योजना की अनुमान्यता हेतु निर्गत संकल्प में संशोधन की स्वीकृति दी गई.

### झारखंड कैबिनेट में लिए गए अहम फैसले

1. कार्यभारित स्थापना से नियमित स्थापना में लाये गये कर्मियों को सेवांत लाभों की अनुमान्यता से संबंधित संकल्प (संख्या-128, दिनांक-17.07.2023) में संशोधन की स्वीकृति दी गई. राज्य के कर्मियों को पोशाक / वर्दी की आपूर्ति से संबंधित वित्त विभागीय संकल्प (संख्या-219/पे0, दिनांक-10.07.2008) में संशोधन की स्वीकृति दी गई.

2. राज्य सरकार के कर्मियों के वेतन एवं एसएनए स्पर्श से आच्छादित केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं की राशि का भुगतान पेपरलेस प्रक्रिया से करने की स्वीकृति दी गई. गिरिडीह जिलान्तर्गत पीरटांड प्रखंड में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल उगाही कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु रु 639.2006 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई.

3. राज्य सरकार के मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (नागर विमानन प्रभाग) के अंतर्गत स्थायी रूप से कार्यरत अनुदेशक (ग्लाईडर) / उड़ान अनुदेशक प्रभारी (ग्लाईडर) के विशेष भत्तों की स्वीकृति दी गई. झारखण्ड राज्यान्तर्गत 166 सरकारी उच्च विद्यालयों का प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की स्वीकृति दी गई.

4. राज्य के अधीनस्थ अनियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण नियमावली 2015, उच्च न्यायालय, के द्वारा (डब्ल्यूपी (एस) नं.-2120/2013 में दिनांक-03.09.2015 एवं एलपीए नं.-237/2017 में दिनांक - 26.08.2022) पारित आदेश के अनुपालन में श्री जय बोस, आदेशपाल, उद्योग निदेशालय की सेवा, आदेशपाल के पद पर नियमितीकरण की स्वीकृति दी गई.

5. डीडीओ लेवल बिल मैनेजमेंट सिस्टम एवं ट्रेजरी अप्लीकेशन में आधार प्रमाणीकरण हेतु आधार अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) की धारा- 4 (4)(बी)(ii) एवं सुशासन के लिए आधार अधिप्रमाणन नियमावली, 2020 के नियम-4 के अन्तर्गत राजपत्र में अधिसूचित करने की स्वीकृति दी गई.

6. विभिन्न औद्योगिक नीतियों में जीएसटी इन्वायस से संबंधित प्रावधानों को विलोपित करते हुए जीएसटी रिम्बरसमेंट से संबंधित नये प्रावधानों को प्रतिस्थापित करने की स्वीकृति दी गई.


7. प्राचार्य, इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय, हजारीबाग के पद हेतु स्वीकृत वेतनमान की प्रभावी तिथि में संशोधन की स्वीकृति दी गई. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित ट्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की स्थापना रांची में किये जाने हेतु राज्यांश के रूप में रु 27.42 करोड़ सहित केन्द्रांश की राशि 19.61 करोड़ का भी वहन राज्य सरकार द्वारा किए जाने के क्रम में राज्य सरकार द्वारा कुल 47.03 करोड़ वहन किए जाने की स्वीकृति दी गई.




8. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में अतिरिक्त राशि रु. 1,28,31,08,550 की स्वीकृति दी गई. साहिबगंज अन्तर्गत खैरबनी (एनएच-133ए पर) से सनमनी वाया झुमरबांध, ढ़िबरीकोल, छोटा ओरसा पहाड़ पथ (कुल लम्बाई -7.580 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पुनर्निर्माण कार्य हेतु 40,27,19,600/- की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई.

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली को मंजूरी

### 75,021 करोड़ की लागत से एक करोड़ घरों पर लगेगा सोलर पैनल, प्रति किलोवाट पर मिलेगी 30 हजार रुपये की सब्सिडी



एजेंसियां। नयी दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 75,021 करोड़ रुपए के खर्च के साथ एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर लगाने के लिए पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी. पीएम नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को इस योजना की शुरुआत की थी. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है. अनुराग ठाकुर ने कहा कि गुरुवार को पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई. इसी बैठक के दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई. इस योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी. प्रत्येक घर को 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपए और 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपए की सब्सिडी मिल सकती है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन 2024 के लिए पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी को भी मंजूरी दी.

### बाघों का संरक्षण : आईबीसीए के गठन को हरी झंडी



कैबिनेट ने बाघों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क स्थापित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के गठन को भी मंजूरी दे दी. भारत में इसकी कल्पना 96 बिग कैट रेंज देशों और अन्य के बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन के रूप में की गई थी. इसकी परिकल्पना बाघों के संरक्षण के लिए साझा मंच स्थापित करने के लिए थी. 7 बाघों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से 5- बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता- भारत में पाए जाते हैं. कैबिनेट ने पांच वर्षों के लिए आईबीसीए के लिए 150 करोड़ रुपये के एकमुश्त बजटीय समर्थन को मंजूरी दी है. बाघों, अन्य बड़ी बिल्लियों और इसकी कई लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में भारत की अग्रणी भूमिका को स्वीकार करते हुए, पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक बाघ दिवस, 2019 पर अपने भाषण के दौरान एशिया में अवैध शिकार को रोकने के लिए वैश्विक नेताओं के गठबंधन का आह्वान किया था.

### सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के प्रस्ताव भी मंजूर

केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल ने गुजरात और असम में 1.26 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के प्रस्तावों को भी गुरुवार को मंजूरी दे दी. केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सभी तीन इकाइयों का निर्माण अगले 100 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प, ताइवान के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगा. इस यूनिट का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा. इस संयंत्र में 91,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा.


## देश की आर्थिक वृद्धि दर तीसरी तिमाही में 8.4%

**नयी दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 8.4 प्रतिशत रही है। मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर बढ़ी है. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 8.4 प्रतिशत रही है. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी. जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को बताती है. एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में देश की वृद्धि दर 2023-24 में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. इससे पहले, इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था. एनएसओ ने 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है.

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया. उन्होंने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था. राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस आधार पर उन्हें अयोग्य ठहराए जाने की मांग की थी. अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं. बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है. इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है. विस अध्यक्ष ने छह बागी विधायकों की अयोग्यता की घोषणा करते हुए कहा कि वे दल-बदल रोधी कानून के तहत अयोग्यता के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने व्हिप का उल्लंघन किया और वे तत्काल प्रभाव से सदन के सदस्य नहीं हैं.

# जिस्म क्या है रूह का पूरा खुलासा देखिए



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**फागुन के अतिरेक में तो जिस्म का नंगा हो जाना आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव में रूह भी नंगी हो रही है. कोई सट रहा है, कोई हट रहा है. कोई पट रहा है.**

**प्रसंगवश**

माघ खत्म हो गया है. फाल्गुन आ गया है. फाल्गुन सिर्फ आता नहीं है, चढ़ता भी है. प्रकृति पर भी और प्रवृत्ति पर भी. यह जब आदमी खास तौर पर नेताओं पर चढ़ता है, तो वे बौरा जाते हैं. वे जब बौराते हैं, तो सन्निपात के रोगी की तरह बड़बड़ाते हैं, बिना यह सोचे कि वे खुद फंस रहे हैं या किसी को फंसा रहे हैं. इस फगुनाई पर जब चनाव की मादकता चढ़ती है, तो ऐसा सौंदर्य निखरता है कि का छवि बरनौं. तब हमारे नेता कुछ ऐसा करतब दिखाने लगते हैं, जैसा बिच्छू के डंक मारने पर बंदर दिखाते हैं. चुनाव में फगुनाहट की मादकता सुरूर और गुरूर दोनों बढ़ा देती है. फागुन के अतिरेक में तो जिस्म का नंगा हो जाना आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव में रूह भी नंगी हो रही है. कोई सट रहा है, कोई हट रहा है. कोई इस निर्लज्ज क्रीड़ा के आयोजन में खट रहा है. कोई पट रहा है, कोई निपट रहा है, कोई झपट रहा है, तो कोई डपट रहा है, कोई उलट रहा है, कोई घुलट रहा है. फाल्गुन में कपट की कोई जगह नहीं है, लेकिन चुनाव में कपट और रपट दोनों स्थाई भाव होते हैं. इसका संचारी भाव होता है परिवर्तन, दल का या दिल का. हालांकि चुनाव के बिना भी यह क्रिया होती ही रहती है. लेकिन तब समूह की जरूरत होती है और सदन के संचालक का पक्षपाती होना आवश्यक होता है. चुनाव में ऐसी कोई बाध्यता नहीं होती है. चुनाव के समय मिलन समारोह लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आयोजित होते हैं.

हमारा लोकतंत्र और संविधान हमेशा खतरे में ही रहते हैं, मानो ये किसी गरीब की लुगाई हों. इसलिए नेता पहलकदमी से भी नहीं चूकते और दलील यह कि शायद मुझे निकाल कर पछता रहे हैं आप, महफिल में इस ख्याल से फिर आ गया हूं मैं. शुक्र है, हमारे दलबदलू, चिरकुट, अनर्गलभाषी प्रलापी नेताओं का, जिन्होंने अब तक इसे बचाये रखा है. कल तक जो एक-दूसरे को चोर-चुहाड़, गिरहकट, बेईमान, तानाशाह आदि शब्दों के पेंट से रंगते रहते थे, वे मिलन समारोहों में पूरी बेशर्मी के साथ देश को आगे ले जाने की या व्यवस्था बदलने की डींग हांक रहे हैं.

इन दिनों धर्मनिरपेक्षता शायद सुरक्षित हो गयी है, क्योंकि इस पर पहले जैसे शायराना या शातिराना अंदाजवाले बोल चुनावी महफिल में सुनाई नहीं दे रहे हैं. पहले यह शब्द विजयप्रदायी होता था, अब पराजय की पटकथा की वर्णमाला बन गया लगता है. गरीबों के लिए नेताओं की छाती पहले भी फटती थी, अब भी फट रही है. पता नहीं यह छाती है या लोहार की भाथी जो लगातार गरीबों को गलाने के बावजूद कभी फटती ही नहीं है. बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज आदि गाड़ियों पर सवार नेता जब गरीबी पर गगनभेदी आवाज में भाषण करते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे कोई गिद्ध श्मशान में गरुड़ पुराण का सस्वर पाठ कर रहा हो. इस बीच जाति को, अराजकता को उबाल बिंदु तक पहुंचाने की कोशिश हो रही है. जाति के रंग को ज्यादा चटक किया जा रहा है. जिनके बाप दादाओं ने जाति की राजनीति को हमेशा हिकारत की नजर से देखा, वे अपनी सभाओं में जाति का चूरन बांट रहे हैं. जाति हमारी व्यवस्था का एक सच है. -शेष पेज 11 पर

### प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी फीस व चार्ज पर नकेल

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लागू करें स्टैंडर्ड रेट



लगातार मीडिया नेटवर्क

प्राइवेट अस्पतालों की लूट-खसोट से सब परेशान हैं. राज्य और केंद्र सरकार ने न तो सरकारी अस्पतालों की स्थिति ठीक की और न ही प्राइवेट अस्पतालों की मनमर्जी को रोकने में ही दिलचस्पी दिखाई है. यहां तक की केंद्र से लेकर राज्यों तक की सरकारें अब तक क्लीनिकल स्थापना के नियमों को लागू करने में विफल रही हैं. अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि एक महीने के भीतर स्टैंडर्ड रेट तय करवाएं. अगर सरकारें ऐसा नहीं करती हैं, तो सुप्रीम कोर्ट प्राइवेट अस्पतालों में भी सरकारी रेट लागू करने पर विचार करेगा.

जानकारी के मुताबिक वेटरन्स फोरम फॉर ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक लाइफ की तरफ से अधिवक्ता जानिश जुबैर खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. याचिका में कहा गया था कि 14 साल पुराने क्लीनिकल स्थापना नियम की धारा 9 के तहत प्राइवेट अस्पतालों में अलग-अलग तरह की बीमारी के लिए रेट चार्ट निर्धारित करना है. केंद्र सरकार ने अब तक इसे ठीक ढंग से लागू नहीं किया है. इस वजह से प्राइवेट अस्पताल मनमाने तरीके से फीस व चार्ज वसूल रहे हैं.

-शेष पेज 11 पर

### 6 महीने में खुद ही नहीं रद्द होगा स्टे ऑर्डर

देशभर के सिविल और आपराधिक मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने 2018 के अपने ही उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि सिविल या आपराधिक मुकदमे में स्टे के हर आदेश की अधिकतम अवधि छह महीने होगी. अदालत का मानना है कि छह महीने के बाद स्टे के अंतरिम आदेश के स्वतंत्र स्थगन का निर्देश नहीं दिया जा सकता. सिविल और आपराधिक मामलों में हाईकोर्ट का अंतरिम स्टे का आदेश छह महीने में ऑटोमैटिक तौर पर खत्म नहीं होगा. कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक अदालतों को मामलों पर समयबद्ध तरीके से फैसला लेने के आदेश नहीं देने चाहिए क्योंकि जमीनी स्तर के मुद्दों की जानकारी संबंधित अदालतों को होती है.

ब्रीफ खबरें

## मासूम बाबा के उर्स पर लंगर का आयोजन

**कतरास।** मासूम बाबा के सालाना 24 वें उर्स पर गुरुवार को लंगर का आयोजन श्यामडीह में किया गया. इसमें हजारों अकीदतमंदों ने भाग लिया . कार्यक्रम में करीब 10 प्रांत के लोग अपनी आस्था रखते मासूम बाबा के दरवार में हाजरी लगवाई. इसमें कमेटी के सदर मो. करीम अंसारी ने सभी अतिथियों का बाबा का रुमाल ओर बेज लगाकर स्वागत किया.वहीं कार्यक्रम को लेकर करीब 20 किवंटल चावल का लंगर बनाया गया था . जिससे श्रधालुओं के बीच वितरण किया गया.इस दौरान काफी भीड़ उमड़ी.

## डीएवी एजुकेशन बोर्ड परीक्षा की परीक्षा जारी

**बरोरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में डीएवी एजुकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा आठवीं तथा 11वीं परीक्षा कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में जारी है .स्कूल की प्रभारी प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व व दिशानिर्देश पश्र शांतिपूर्ण ढंग से बच्चों की परीक्षा ली जा रही है. बच्चों की उपस्थिति भी अच्छी है. .कक्षा आठवीं एवं 11वीं डीएवी बोर्ड परीक्षा के लिए उड़न दस्ता की टीम परीक्षा जांच के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व पहुंची.

## गोमो में मेगा हेल्थ कैंप 2 मार्च को होगा

**गोमो ।** गोमो के रेलवे सामुदायिक भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन 2 मार्च को होगा. सुबह 10 बजे से लगने वाले कैंप में ब्लड, शुगर, बीपी, ईसीजी, बीएमडी सहित विभिन्न तरह की बीमारियों की निःशुल्क जांच की जाएगी. शिविर में आने वाले लोगों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे. उन्हें जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी. यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य अनिल वर्णवाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि मेगा कैंप में छोटी से लेकर बड़ी बीमारियों की जांच व इलाज निःशुल्क की गई.

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**तोपचांची।** गुरुवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरास रोड स्थित तांतरी कतरी नदी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. तीनों युवकों की पहचान शक्ति महतो, रुपेश महतो, गुड्डू महतो रामाकुण्डा निवासी के रुप में हुई है. तीनों युवकों को आनन-फानन में साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 108 एंबुलेंस के द्वारा लाया गया. जहां रुपेश महतो और शक्ति महतो को प्राथमिक उपचार करके धनबाद बेहतर इलाज के लिए भेज दिया है.

## बाघमारा कॉलेज के प्रोफेसर का निधन

**महुदा/बाघमारा ।** दुगदा थाना क्षेत्र के दुगदा डाउन कालोनी निवासी सह बाघमारा कालेज बाघमारा के राजनीति शास्त्र बिभाग के प्रोफेसर डाक्टर राम संजीवन सिंह की दोपहर तीन बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया. बताते चलें कि प्रोफेसर राम संजीवन सिंह दोपहर में कालेज से आने के बाद खाना खाकर मोबाइल से बात कर रहे थे. इसी दौरान अचानक गिर पड़े. उन्हें उठाकर डीवीसी अस्पताल चंद्रपुरा पहुंचाया. जहां से बेहतर इलाज के लिए बीजीएच बोकारो भेजा. जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

### 8939 करोड़ की लागत से बने सिंदरी हर्ल कंपनी समेत सात योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

# रेलवे को पीएम मोदी देंगे 35 हजार 747 करोड़ की सौगात



**धनबाद-चंद्रपुरा रेलखंड के बीच 28 किमी वैकल्पिक रूट के लिए 479 करोड़ व धनबाद होकर सोन नगर से अंडाल तक तीसरी व चौथी लाइन बिछाने के लिए 12, 334 करोड़ का करेंगे शिलान्यास**

संवाददाता । धनबाद

शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी धनबाद में कार्यक्रम के दौरान रेलवे को 35 हजार 747 करोड़ की सौगात देंगे. धनबाद में सिंदरी हर्ल कंपनी का उद्घाटन के साथ-साथ कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे. उक्त बातें डीआरएम केक सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही. उन्होंने कहा कि धनबाद-चंद्रपुरा रेलखंड के बीच 28 किमी वैकल्पिक रूट के लिए 479 करोड़ व धनबाद होकर सोन नगर से अंडाल तक तीसरी व चौथी लाइन बिछाने के लिए 12, 334 करोड़ का शिलान्यास करेंगे.

इसके अलावा प्रधानखंटा-पाथरडीह बाजार-भोजूडीह के बीच दूसरी लाइन के लिए 350 करोड़, सिंदरी मार्शलिंग यार्ड की रिमॉडलिंग और यार्ड से सिंदरी टाउन साउथ कर 3 किमी रेललाइन के लिए 63 करोड़, जमुनियाटांड़-चंद्रपुरा के बीच 8 किमी तक दूसरी लाइन के लिए 167 करोड़, रेलवे लाइन के उपर रेल लाइन पतरातू से टोकीसूद 7.2 किमी तक के लिए 138 करोड़ और कुजू-रांची रोड के बीच वाइ कनेक्शन लाइन के लिए 143 करोड़ का शिलान्यास करेंगे. सात योजनाओं का शिलान्यास और सात योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. 8939 करोड़ की लागत से बने सिंदरी हर्ल कंपनी समेत सात योजनाओं का उद्घाटन करेंगे.

### बरटांड़ बस स्टैंड से सभी वाहनों का आवागमन वर्जित

# सिटी सेंटर से मेमको मोड़ तक आज आवाजाही पर रहेगी रोक

**धनबाद।** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था के लिए रुट चार्ट जारी किए गए हैं. जिसमे बरटांड बस स्टैंड से किसी प्रकार के वाहनों का आवागमन वर्जित है. यात्री बस जो गोविन्दपुर के तरफ से या तोपचोंची के तरफ से आयेंगे उनका पड़ाव किसान चौक के पास हीं जीटी रोड पर होगा. महुदा/पुटकी के तरफ से आने वाले बसों का पड़ाव करकेन्द मोड़ पर होगा. निरंकारी चौक से मेमको मोड के रास्ते में किसी भी प्रकार के वाहन का आवागमन नहीं होगा. गोल बिल्डिंग से मेमको मोड़ के रास्ते में केवल छोटी वाहन (2/4 चक्का) धनबाद पब्लिक स्कूल तक ही आ पायेंगे. कुर्मीडीह से मेमको मोड़ तक किसी भी प्रकार के वाहन का आवागमन नहीं होगा. किसान चौक से निरंकारी चौक होते हुए कुर्मीडीह चौक से बिनोद बिहारी चौक तक केवल छोटी वाहनों का आवागमन रहेगा. धनबाद मोड़ (गोविन्दपुर) से बस /भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है. बलियापुर बायपास मोड़ से आगे धनबाद की ओर बस/भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है . कॉको मोड़ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. शक्ति चौक में तेतुलमारी थाना के तरफ से आनेवाले भारी वाहन / राजगंज थाना के तरफ से आनेवाले भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा.

### इन स्थानों पर बनाये गए हैं नो एंट्री प्वाइंट

कतरास/राजगंज की तरफ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों के लिए नो-इन्ट्री प्वाइंट (कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहन बस आदि को छोड कर) कांको मोड़ होगा.तोपचोंची की तरफ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों के लिए नो-इन्ट्री प्वाइंट किसान चौक (बरवाड्डा थाना) होगा .गोविन्दपुर की तरफ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों हेतु नो-इन्ट्री प्वाइंट धनबाद मोड़ (गोविन्दपुर थाना) एवं किसान चौक (बरवाड्डा थाना) बनाया गया है . बलियापुर की तरफ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों हेतु नो-इंट्री प्वाइंट बलियापुर मोड़ यायपास (सारयढेला थाना), कतरास/राजगंज/तेतुलमारी की तरफ से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों के लिए नो-इन्ट्री प्वाइंट शक्ति चौक (तेतुलमारी थाना) है.

### प्रवेश निषेध के लिए ड्रॉप गेट व बैरिकेड बनाए गए हैं

कांको मोड़ से धनबाद की तरफ आने वाले सड़क पर 1, शक्ति चौक (तेतुलमारी की तरफ से शक्ति चौक, राजगंज की तरफ से शक्ति चौक आने वाले सड़क पर) 2, बिनोद बिहारी चौक से कुर्मीडीह चौक जाने वाले सड़क पर 1, किसान चौक से कुर्मीडीह जाने वाले सड़क पर 1, निरंकारी चौक से मेमको मोड़ जाने वाले सड़क पर 1, मेमको मोड़ (मेमको मोड़ से सिटी सेन्टर जाने वाले सड़क, मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग जाने वाले सड़क एवं मेमको मोड़ से हवाईअड्डा जाने वाले सड़क पर)3, कुर्मीडीह चौक (कुर्सीडीह से मेनको मोड़ जाने वाले सड़क एवंकुर्मीडीह से बिनोद बिहारी चौक जाने वाले सड़क पर) 2,धनबाद पब्लिक स्कूल के पास (गोल बिल्डिंग से धनबाद पब्लिक स्कूल के पास सड़क पर) 1, गोल बिल्डिंग चेक पोस्ट से मेमको मोड जाने वाले सडक पर 1,सिटी सेन्टर से मेमको मोड़ जाने वाले सड़क पर गोविन्दपुर मोड़ से धनबाद आने वाले सड़क पर 1,बलियापुर मोड़ वायपास (बलियापुर जाने वाले सड़क पर) 1, बरआड्डा हवाईअड्डा के आगे कटिंग के पास सड़क पर 1 बेरिकेड्स बनाये गए हैं .

# धनबाद में ऐतिहासिक होगी पीएम की जनसभा : पीएन सिंह



संवाददाता । धनबाद

पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. क्योंकि लोग 22 जनवरी के बाद से पीएम को रुबरु देखने के लिए काफी उत्साहित हैं .उक्त बातें धनबाद सांसद पीएन सिंह ने गुरुवार को जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही .उन्होंने कहा कि धनबाद में पीएम सबसे पहले सिंदरी स्थित हिन्दुस्तान उर्वक और रसायन लिमिटेड ( हर्ल ) कारखाने का उद्घाटन करेंगे. इस दौरान कारखाने के अंदर के कर्मचारियों का स्वागत भीकरेंगे. इसके बाद प्रधानमंत्री बरवड्डा हवाईअड्डा पहुचेंगे जहां वह जनसभा को संबोधित करेंगे और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे . मंच पर पीएम के अलावा प्रदेश अध्यक्ष ,केंद्रीय मंत्री , प्रदेश के पदाधिकारी ,संगठन महामंत्री,तीनों लोकसभा कोडरमा ,गिरिडीह और धनबाद के सांसद व विधायक मौजूद रहेंगे . उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर तीनो लोक सभा के नेता व कार्यकर्ता हर एक मुहल्ले और नगर में जा कर लोगों से जनसंपर्क कर रहें हैं ताकि अधिक से अधिक लोग पीएम की जनसभा में पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मीडिया के माध्यम से भी लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया है .कार्यक्रम खूब सफल हो इसके लिए सामूहिक प्रयास किया जा रहा है.

**विकसित भारत मोदी की गारंटी :** प्रेस वार्ता में पीएन सिंह ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का भी शुभारंभ होने जा रहा है . जिसका उद्देश्य जन जन की आकांक्षाओं को मोदी तक पहुंचना है ताकि वह भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें .इस अभियान में पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र के लिए 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव ,उनकी आकांक्षा और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है .अभियान को 2 चरणों में विभाजित किया गया है.पहले चरण में अभियान को लॉन्च किया जाएगा और दूसरे चरण में सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां की जाएंगी.

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** देश भर में 500 एलईडी प्रचार वाहन चलाये जाएंगे. मिस्ड कॉल एवं नमो एप, 6,000 से अधिक सुझाव पेटियां , प्रकोष्ठ कार्यक्रम ,घर घर जनसंपर्क शामिल है. मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, सरोज सिंह, जिला अध्यक्ष श्रवन राय,पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल ,रागिनी सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह,हरि प्रकाश लाटा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रियंका पाल, प्रदेश प्रवक्ता युवा मोर्चा प्रियंका रंजन ,धनबाद जिला प्रभारी राज कुमार श्रीवास्तव, नितिन भट्ट, संजय झा, मिल्टन राकेश सिंह आदि उपस्थित थे.

### खास बातें

- प्रधानमंत्री को सुनने के लिए उमड़ेगी भारी भीड़
- विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे पीएम

# कांग्रेस ने निरसा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया

संवाददाता । निरसा



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता- सह- धनबाद लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य सुधांशु शेखर झा ने गुरुवार को न्याय का हक मिलने तक अभियान चलाया. यह अभियान निरसा विधान सभा के सुसुनलिया पंचायत के खाड़ापाथर, करगली सहित कई गांवों में चलाया गया. कल धोबाड़ी पंचायत के गांवों का भ्रमण कार्यक्रम है.

झा ने कहा कि सुसुनलिया पंचायत के ग्रामीणों ने कई ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. साथ ही ग्रामीणों ने इनका आभार व्यक्त किया और कहा कि पंचायत जलाशय हजारों विस्थापित ग्रामीणों के रोजी रोजगार का सदियों से लाइफ लाइन रहा है, जहां के विस्थापित ग्रामीणों को रोजी रोजगार की सुरक्षा देने में झारखंड सरकार के मत्स्य पालन मंत्री बादल पत्रलेख एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु शेखर का बड़ा योगदान रहा है.

**सुरक्षा की गुहार :** ग्रामीणों ने सुधांशु शेखर झा से कहा कि कालुबथान थाना क्षेत्र के कतिपय अवैध मछली धंधेबाज दिहाड़ी पर रखे कुछ ग्रामीण को मोहरा बनाकर झारखंड सरकार मत्स्य विभाग द्वारा प्रतिबंधित मशहरी, चट , कोचाल जालों का उपयोग कर झारखंड सरकार द्वारा छोड़े गये मछली अंडा, जीरा को रोज भारी मात्रा में नष्ट कर उनके पेट पर लात मार रहे हैं. जिससे सुरक्षा की गुहार विस्थापित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, विभागीय मंत्री बादल पत्रलेख से किया.

झा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि झारखंड के लोक कल्याणकारी झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार के कानून के राज में विस्थापित ग्रामीण मछुआरों के रोजी रोजगार से खिलवाड़ करने की इजाजत प्रशासन हर्गिज ही नहीं देगा. आज के "गांव जोड़ो रोजगार से जुड़ो न्याय का हक मिलने तक" जनसंपर्क अभियान में माधव राय, लखीराम टुडु, नईम अंसारी ,जीतू राय, पुनु राय साधु राय, माधो राय, लखीराम टुडु, नईम अंसारी, जीतू राय, जयचंद, कालीपद राय, असाढी सिंह शामिल थे.

## बिल्हौर और कालिंदी समुदाय के लिए अभियान

**महुदा ।** स्वास्थ्य विभाग बाघमारा एवं टाटा स्टील फाउंडेशन जामाडोबा की ओर से गुरूवार को नया प्राथमिक विद्यालय छत्रुटांड़ डोमटोला में शिविर लगाकर बिल्हौर एवं कालिंदी समुदाय के बीच स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया. शिविर में वेक्टर जनित रोग की रोकथाम को लेकर सभी के स्वास्थ्य का जांच किया गया. जांच शिविर में गैर संचारी रोग एवं वेक्टर जनित रोग की रोकथाम को लेकर ब्लड प्रेशर, शुगर, तापमान, सीकल सेल, एनीमिया की जांच किया गया तथा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया गया. शिविर में कुल 61 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया एवं 25 लोगों ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया. उक्त शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुदा के डॉक्टर शोभा सिन्हा, एएनएम सुनीता देवी, सीएचओ मालिनी टोपनो, रंजना तिर्की, निर्मला एक्का, सहिया साथी हलीमा एजाज, बीटीटी शांति देवी उपस्थित थी.

### एमपीएल सीएसआर के तहत खुले पोल्ट्री फार्म का उद्घाटन

# स्वरोजगार को बढ़ावा देना एमपीएल का मुख्य उद्देश्य : विजयंत रंजन

संवाददाता । निरसा



स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमपीएल सीएसआर के तहत गुरुवार को बेलडांगा में पोल्ट्री फार्म का उद्घाटन सीईओ विजयंत रंजन ने किया. मौके पर सीईओ रंजन ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देना एमपीएल का मुख्य उद्देश्य है, ताकि स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें. इस बावत कई स्तर पर काम चल रहा है और यहां के लोग लाभान्वित हो रहे हैं. स्वरोजगार के बूते ही विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी तथा आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा. उन्होंने कहा सबसे ज्यादा स्वरोजगार के बूते ही लोग खुशहाल जीवन जी रहे हैं.

**स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा :** सीएसआर हेड मृत्युंजय रे ने पोल्ट्री फार्म के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. कहा इससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा. लगभग एक सौ महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 10 एसएचजी को मुर्गी पालन के लिए प्रोत्साहित करने एवं प्रशिक्षण देने की योजना है. परोक्ष और अपरोक्ष रुप से इससे लगभग साढे सात सौ लोग लाभान्वित होंगे. आज श्रीकृष्णा आजीविका सखी मंडल को मुर्गी पालन के लिए पहली बार चुजा, दवा व भोजन सामग्री प्रदान किया गया. बाद में महिलाएं व्यवसाय के आय से स्वयं इसको बढ़ावा देंगी. एसएचजी की महिलाओं को मुर्गी पालन की विधि, व्यवसाय का ज्ञान एवं बाजार एकीकरण आदि का प्रशिक्षण ग्लोबल ग्रोथ फाउंडेशन आँफ इंडिया की ओर से दिलाया जाएगा.मौके पर एमपीएल अधिकारी अजय कुमार, रश्मि लकडा, ग्लोबल ग्रोथ फाउंडेशन के सुमीत ठाकुर, दिनेश पुरी एवं राजाराम तिवारी सहित काफी संख्या में महिलाएं एंव ग्रामीण उपस्थित थे.

## लाभुकों को आवास निर्माण की जानकारी

संवाददाता । महुदा

कांड्रा पंचायत सचिवालय में गुरूवार को मुखिया रिंकु देवी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में अबुआ आवास के लाभुकों को आवास बनाने संबंधी जानकारी दी गई. इस दौरान सभी लाभुकों को आवास का नक्सा भी उपलब्ध करवाया तथा नक्शा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया. इस मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे कांड्रा पंचायत में कुल 45 लोगों को अबुआ आवास प्राप्त हुआ है. वे ऐसे लोग है जिसे कभी आवास नहीं मिला था. जांच पड़ताल करके ही ऐसे जरूरतमंदों को आवास दिया गया है. आप सभी ईमानदारी पूर्वक अपना घर बनायें. मुखिया रिंकु देवी ने कहा कि पिछले कार्यकाल में आवास बनाने के नाम पर गरीबों से कमीशन के रूप में काफी धन राशि ली जाती थी. ऐसा अब नहीं होगा.

## बीडीओ के खिलाफ मुखिया करेंगे पेन डाउन स्ट्राइक

संवाददाता । तोपाचांची /धनबाद



तोपचांची के बीडीओ फणिश्वर रजवार के खिलाफ मुखिया संघ का बेमियादी धरना चौथे दिन भी जारी रहा. इस बीच मुखियाओं ने गुरुवार को एक मार्च को पेन डउन स्ट्राइक पर रहने की घोषणा की है. कहा गया है कि इस दिन सभी मुखिया पंचायत व प्रखंड के किसी भी काम में भाग नहीं लेंगे. प्रखंड प्रमुख आनंद महतो ने पेन डाउन का समर्थन करते हुए उस दिन सरकारी कार्य से दूर रहने की बात कही है.

**आंदोलन का समर्थन किया :** झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया. कहा है कि जनप्रतिनिधियों का अपमान एक अधिकारी को शोभा नहीं देता. बीडीओ फणिश्वर रजवार का जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का रवैया उचित नहीं है. जो बातें मुखिया रख रहे हैं वो खुद के लिए नहीं, बल्कि जनता के लिए है. बीडीओ ने अपनी कर्यशैली से पूरी जनता को नीचे दिखाने का काम किया है. तोपचांची के मुखिया सरवर खान ने कहा कि बीडीओ का खेला जनता के सामने आ गया है.

# इस बार कोल लोडिंग में इतिहास रचेगा बीसीसीएल



संवाददाता । धनबाद

इस बार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 मार्च तक बीसीसीएल कोल लोडिंग में इतिहास रचेगा. अभी तक अंतिम बार 2016-17 में 37.04 मीलियन टन डिस्पैच कर कीतिर्मान हासिल किया था. इस बार 32 दिन पहले 28 फरवरी तक वित्तीय वर्ष 2023-24 में 35.63 मीलियन टन डिस्पैच किया है. पिछले साल 2022-23 में 35.56 मीलियन टन डिस्पैच किया गया था. इस बार 31 दिन पहले 37.11 मीलियन टन डिस्पैच किया है. जानकारों का कहना है कि बीसीसीएल के अधिकारी व कर्मी लगातार कड़ी मेहनत व संघर्ष से इतिहास रच रहे हैं. सीएमडी समीरन दत्ता भी अधिकारियों व कर्मियों का लगातार कार्य को लेकर उत्साह बढ़ाते हैं. इसके अलावा उत्पादन में बढ़ोत्तरी को लेकर नई-नई तरकीब भी बताते हैं. उत्पादन बढ़ने से बीसीसीएल कर्मियों को फायदा तो होगा ही, साथ ही देशवासियों को भी काफी फायदा होगा. पावर प्लांटों को भी समय पर डिमांड के अनुसार कोयला मिल जाएगा. ताकि बिजली की कमीं न हो. कई बार देखा जाता है कि पावर प्लांटों को कोयले की कमीं हो गई. इस बार 31 मार्च तक 40 मीलियन टन पार करेगा.

**चुनाव 2024**

### झारखंड के सियासी दलों में चुनावी राजनीति चरम पर पहुंची

# झारखंड में इंडिया गठबंधन और भाजपा में किसका पलड़ा भारी

संवाददाता। धनबाद



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब दो महीने से भी कम समय रह गया है. यही वजह है कि झारखंड के सियासी दलों में चुनावी राजनीति चरम पर पहुंच गया है . वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस (इंडिया गठबंधन ) 2019 की तरह इस बार भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे . इसके पीछे दोनों दलों का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराना है . लोगों से मिल रहे रुझान के अनुसार झारखंड में बीजेपी का इस बार फिर इंडिया गठबंधन पर भारी पड़ने का अनुमान है. जानकारों के मुताबिक इंडिया गठबंधन (जेएमएम और कांग्रेस) को लाभ मिलने के संकेत नहीं है . पहले की तरह इस बार भी संभावना यह है कि बीजेपी 2019 वाला परिणाम दोहरा सकती है. यहाँ की राजनीति में पिछले कुछ महीनों के दौरान घटी सियासी घटनाक्रमों का असल आईना लोकसभा चुनाव के दौरान दिखाई दे सकता है .

### बीजेपी को मिली थी 11 सीटों पर जीत

बता दें कि झारखंड लोकसभा चुनाव 2019 में प्रदेश की 14 सीटों में से 11 सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी जीत हासिल करने के कामयाब हुए थे . शेष तीन सीटों में एक-एक सीट कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और एजेएसयू के खाते में गई थी . बीजेपी को 51.6 प्रतिशत मतदाताओं को समर्थन मिला था . 15.8 प्रतिशत वोट हासिल कर कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही थी . जेएमएम को 11.7 प्रतिशत मत मिले थे और एजेएसयू के पक्ष में 4.4 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था .

### 2014 में इन्हें मिली थी बड़ी जीत

लोकसभा चुनाव 2014 की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को 40.7 प्रतिशत मतदाताओं को समर्थन मिला था . पार्टी के 14 में से 12 प्रत्याशी चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे . जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ 9.4 फीसदी मत हासिल कर दो सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब हुई थी . कांग्रेस 13.5 प्रतिशत और जेवीएम 12.3 प्रतिशत वोट हासिल करने के बावजूद एक भी सीटें नहीं जीत पाई थी . अन्य दलों के प्रत्याशियों को 20.3 प्रतिशत मत मिले थे .

## झामुमो ने न्याय यात्रा निकालकर निकली भड़ास

**निरसा ।** निरसा विधानसभा के भागा-बांध गांव पंचायत में गुरुवार को झामुमो द्वारा न्याय यात्रा निकाली गई. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने न्याय यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने 2019 में अपार बहुमत के साथ झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ मिलकर झारखंड में झामुमो के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया. हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री काल में आम जनता के लिए लगातार कार्य कर जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रहे थे जिससे भाजपा की केंद्र सरकार लोकप्रिय मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठे केस में ईडी को आगे कर लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का कार्य किया.

## श्री रुद्र चंडी महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**महुदा।** श्री श्री 108 श्री रूद्र चण्डी महायज्ञ का शुभारम्भ ग्राम सिगड़ा पंचायत के सिगड़ में 29/2/2024 से 09/3/2024 तक यज्ञ समिति सिंगड़ा द्वारा आयोजित किया गया. प्रथम दिन गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई ,कलश यात्रा सिंगडा शिव मंदिर से गाजा बाजा के साथ मुरूलीडीह दामोदर नदी में मंत्रोचारण के साथ जल लेकर पुनः शिव मंदिर सिंगड़ा पहुंचे. जिसके बाद मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन,संगीतमय दिव्य आरती किया गया. कलश यात्रा में शामिल यज्ञ समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार महतो,सचिव वासुदेव रजक शामिल थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in शुक्रवार 01 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 313 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### 16 दिनों में खिलाना था 26 लाख 56 हजार लोगों को दवा, 20 दिन में भी लक्ष्य पूरा नहीं, 87 फीसदी खिलाई गई दवा

# 23 लाख 10 हजार 720 को फाइलेरिया की दवा खिलाने का दावा, पर मुहल्ले का मुहल्ला बाकी

संवाददाता । धनबाद

धनबाद स्वास्थ्य विभाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 23 लाख 10 हजार 720 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का दावा किया है, लेकिन हकीकत यह है कि अभी भी मुहल्ला का मुहल्ला बाकी है. 10 से 25 फरवरी के बीच 26 लाख 56 हजार लोगों का दवा खिलाने का लक्ष्य था. समयअवधि बीत जाने के बावजूद 75 फीसदी लोगों को भी दवा नहीं खिलाया जा सका तो चार दिनों की अवधि और बढ़ा दी गई. इसके बावजूद सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो विभाग की ओर से 87 फीसदी ही बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों को दवा खिलायी गई है.

जानकारी के अनुसार हीरापुर, चीरागोड़ा, भिस्तीपाड़ा, तेलीपाड़ा व विनोद नगर आदि नगर निगम क्षेत्र के दर्जनों ऐसे इलाके हैं, जहां सैकड़ों लोगों का कहना है कि उनके घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं आई और न ही उन्होंने किसी व्यक्ति को दवा खिलाते देखा है. पल्स पोलियो या फिर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, दोनों अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले बूथों, स्कूलों, घरों में जाकर दवा देती थी, लेकिन इधर कुछ वर्षों से विभाग की ओर से लापरवाही बरती जा रही है.



लोगों का कहना है कि उनके घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं आई

### सीएस ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया था वादा

8 फरवरी को सीएस ने प्रेस कांफ्रेंस कर वादा किया था कि धनबाद में हर सात व्यक्ति में एक फाइलेरिया से ग्रस्त है. 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक पूरे जिले में फाइलेरिया के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान चलाया जाएगा. ताकि यहां के लोग फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बच सके. स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 से 25 फरवरी के बीच 26 लाख 56 हजार लोगों को दवा खिलायी जाएगी. डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा जिले के 191 स्वास्थ्य केंद्र, 2200 आंगनबाड़ी केंद्र, 2 रेलवे स्टेशन व तीन दर्जन स्कूलों में दी जाएगी. फाइलेरिया गंदे पानी में पनपने वाली सबसे अधिक आबादी वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से अपंगता पैदा करनेवाली लाइलाज बीमारी है. मच्छर के काटने से हाथ व पैर में सूजन आ जाता है, जिसे हाथी पांव भी कहते हैं. इसके अलावा हाइड्रोसिल में भी सूजन आ जाता है, जिससे व्यक्ति को चलने में काफी परेशानी होती है. फाइलेरिया उन्मूलन अभियान हर साल चलाया जाता है. पहला दिन केंद्रों पर दवा दी जाएगी. फिर दूसरे दिन यानी 11 से 25 फरवरी तक डोर टू डोर दवा दी जाएगी. धनबाद जिले के 1154 गांवों में 2220 बूथों पर दवा दी जाएगी. एक से 60 साल के उम्र के बीच के लोगों को एलबेंडाजोल और दो से 60 साल के उम्र के लोगों को डीईसी दवा दी जाएगी.

### सिविल सर्जन हो या अन्य अधिकारी, नहीं करते हैं धरातल पर जांच

चाहे सिविल सर्जन हो या फिर अन्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, कोई भी जांच करने नहीं जाते कि दवा खिलायी जा रही है या नहीं. टीम में शामिल सहिया व आंगनबाड़ी के लोग जरूरतमंदों को दवा दे रहे हैं या फिर अटेंडेंस बना रहे हैं. हालांकि स्वास्थ्य विभाग के सीएस चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि टीम अपना काम कर रही है और लाखों लोगों की दवा खिलायी गई है. जबकि हकीकत है कि दवा खिलाने की सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई. डोर-टू-डोर दवा खिलाने पर घरों के बाहर गेट के बगल में दीवार पर मार्का लगाया जाता है. विभाग के अधिकारी कहते हैं कि मार्का लगा है, लेकिन लोग कहते हैं कि अधिकारी झूठ बोल रहे हैं. दवा खिलाने के नाम पर खानापूर्ति हो रही है. इसके करोड़ों का घोटाला हो रहा है.

### पीएम मोदी सिंदरी में हर्ल का करेंगे उद्घाटन, फिर बरवाअड्डा एयरपोर्ट पर जनसभा को करेंगे संबोधित

# तैयारी पूरी, पीएम आज धनबाद में

संवाददाता। धनबाद

जिला प्रशासन, एसपीजी के साथ भाजपा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है. शुक्रवार को प्रधानमंत्री पहले सिंदरी स्थित हर्ल का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. इस सभा मे एक लाख लोगों की भीड़ जुटने की संभावना है. कार्यक्रम को लेकर डीजीपी, चीफ सेक्रेटरी, आईजी, डीआईजी तक चौकस बने हुए हैं. दूसरे जिले आए करीब 8000 पुलिस बल जिले के चप्पे चप्पे पर तैनात किए गए हैं. जिसमे 12 एसपी, 58 डीएसपी एवं इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही शामिल हैं. पीएम के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को वायु सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा मॉक ड्रिल भी की गयी. पूरे शहर में बैरिकेड्स के साथ साथ विभिन्न स्थानों पर नो एंट्री बनाए गए हैं. पीएम की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की गई है.

**होर्डिंग वार में लगा रहे पूरा जोर :** जिले में जगह जगह होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टर लगाने की होड़ मची हुई है. सांसद, विधायक से लेकर जिला के छोटे-छोटे नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा होर्डिंग बैनर से पूरे शहर को पाट दिया गया है. होर्डिंग लगाने का ऐसा जुनून देखा जा रहा है कि एक नेता के लगे पोस्टर पर दूसरे द्वारा चिपका दिया जा रहा है. इसी क्रम में देर रात सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो एवं उनकी पत्नी तारा देवी के लगे होर्डिंग ऊपर संजीव अग्रवाल उर्फ संजीव कुमार का होर्डिंग लगा दिया गया. जिसके बाद सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो एवं उनके समर्थकों द्वारा संजीव कुमार के होर्डिंग को फाड़ दिया गया एवं उनके द्वारा इसका विरोध भी किया गया है.



सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

विभिन्न स्थानों पर रहेगी वाहनों की नो इंट्री

### भाजपा नेताओं ने भी कसी कमर

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेताओं में ज्यादा उत्सुकता देखी जा रही है. पूरे शहर में प्रत्येक पोल पर भाजपा नेताओं के होर्डिंग लगाए गए हैं. इसके साथ ही धनबाद विधायक राज सिन्हा की ओर सभी अखबारों में डाल कर हैंड बिल भी बंटवाये गए हैं. जिस हैंड बिल में ज्यादा से ज्यादा लोगों के पीएम कार्यक्रम में जुटने की अपील की गई है. धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं आस पास के जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों को साथ लेकर कार्यक्रम स्थल आने का निर्देश दिया है. धनबाद विधायक समेत भाजपा के अन्य विधायकों ने अपने अपने कार्यकर्ताओं एवं जिला संगठन के पदाधिकारियों से भी पीएम के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी है. कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह जनसंपर्क भी किया गया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा में पीएम के जनसभा में एक लाख लोगों के जुटने की उम्मीद है. सूत्रों के अनुसार कार्यकर्ताओं को भीड़ जुटाने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया गया है. जिससे आवागमन की सुविधा कर लोगों को जुटाया जा सके.

पीएम का **दौरा**

### रांची से धनबाद पहुंची फूड सेफ्टी की टीम

रांची से आई फूड सेफ्टी की टीम एक मार्च शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंदरी खाद्य कारखाना का उद्घाटन करने धनबाद आ रहे हैं. प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूरा शहर मोदीमय हो गया है. हर जगह बैनर पोस्टर से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जा रहा है.

**प्रधानमंत्री मोदी के भोजन की सख्त होगी जांच :** ऐसे में प्रधानमंत्री के खान-पान पर भी स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप नजर बनाए हुए हैं, लेकिन धनबाद स्वास्थ्य विभाग में कोई फूड इंस्पेक्टर नहीं है. लिहाजा प्रधानमंत्री को परोसे जाने वाले खाना की जांच करने रांची से फूड इंस्पेक्टर की टीम आ रही है. सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग रांची को पत्र लिखा था.

### धनबाद में एक वर्ष से खाली है फूड इंस्पेक्टर का पद

धनबाद में एक वर्ष से कोई फूड इंस्पेक्टर नहीं है. 9 फरवरी 2023 को फूड इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद को घूस लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था. तब से जिले में कोई भी खाद्य सामग्री की सैंपल नहीं हो रही है.

# कार से मोबिल गिरने का झांसा देकर उड़ा लिए चार लाख रुपये

### धनबाद के सिटी सेंटर के पास हुई वारदात, सैकड़ों पुलिस कर्मियों की इसी मार्ग पर है तैनाती

संवाददाता। धनबाद

शहर में न सिर्फ स्थानीय बल्कि कई जिलों से हजारों पुलिस बलों की तैनाती हुई है. अधिकारियों की फौज टिकी हुई है. ऐसे में उस सड़क पर ही, जिस पर पीएम का कार्यक्रम होना है, वहीं से अपराधियों ने कार मालिक को 4 लाख और एक लैपटॉप की चपत लगा दी. कार से मोबिल गिरने का झांसा देकर शातिरों ने भीड़भाड़ वाली जगह पर वारदात को अंजाम दिया है. पुलिस मौके हमेशा की तरह शातिरों के भागने के बाद सीसीटीवी खंगालने का दायित्व निभाने में जुट गई. धोबाटांड के ट्रांसपोर्टर गुलशन कौर ने बताया कि वह अपने ड्राइवर के साथ सिटी सेंटर के पास मौजूद एक्सिस बैंक पहुंचे थे.



यहां उन्होंने चालक को एक लाख देकर बैंक में जमा कराने को कहा. चालक बैंक के अंदर चला गया. जबकि वह खुद कार में बैठ कर मोबाइल से बात करने लगा. तभी एक युवक आया और उसने कहा कि आपकी गाड़ी से मोबिल गिर रहा है, लेकिन ध्यान नहीं दिया. फिर दूसरा युवक आया और उसने इशारे से यही बात कही. तब कार का दरवाजा खोला और बाहर निकल इंजन की तरफ गए, चेक कर फिर लौट आए और कार के अंदर बैठ गए. थोड़ी देर के बाद चालक आया और उसने देखा कि पिछली सीट पर रखे दो बैग और लैपटॉप गायब है.

### आधा दर्जन वारदात, पुलिस हाथों में डाले हाथ

हाल के दिनों में अपराधियों ने लगातार वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला रखी है. एक तरफ लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं तो दूसरी तरफ लूट और छिनतई ने भी आम लोगों को सकते में डाल रखा है. इस पर ठगी की वारदातों ने पुलिस की तो कलई ही खोल दी है. इन मामलों में पुलिस एफआइआर दर्ज करने और सीसीटीवी फुटेज निकालने तक ही सीमित रह गई है. धनबाद थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने आफिसर्स कालोनी की रहने वाली प्रीति कुमारी को शिकार बनाया था, कहा था कि उसका दुपट्टा पहिया से फंस रहा है, जैसे ही उसने स्कूटी रोकी, पीछे से बाइक पर सवार दो युवकों ने उनका बैग छीन लिया. इस वारदात में अपराधियों को दो लाख तीस हजार रुपया हाथ लगे थे. फिर कतरास थाना क्षेत्र के कानकोमठ पुल के पास जमुआटांड़ निवासी राजकुमार मंडल से बाइक सवार अपराधियों ने डेढ़ लाख रुपया छीन लिया था, राजकुमार भी बाइक सवार थे, बैंक से रकम लेकर राजकुमार घर लौट रहे थे. तीसरी वारदात बुधवार को झरिया में हुई थी, जहां फिर बाइक सवार अपराधियों ने तीन लाख रुपया लूट लिया. इस वारदात में आटो पर सवार युवती प्रियंका और उसके पिता कृरूणा चौधरी को शिकार बनाया था. कार से मोबिल गिरने के नाम पर सरायढेला के स्टीलगेट में एक और ठगी हो चुकी है. इस मामले में रांची के रंजन झा शिकार बने थे. उन्हें भी गुलशन कौर की तरह शिकार बनाया गया. सिर्फ धनबाद शहर में बीते एक पखवारे के दौरान यह तीसरी वारदात है. भुइफोड़ की रहने वाली शिप्रा सरकार को पुलिस बनकर ठग लिया गया था. उनके जेवर उतार कर बैग में रखवाने का बहाना बनाकर जेवरात उड़ा लिया गया था.

**सीसीटीवी में बिल्कुल धुंधला फुटेज :** गुलशन ने मामले की खबर धनबाद थाना प्रभारी को दी. खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की गई. पास के दो बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का काम पुलिस ने किया. लेकिन इस कैमरों से पुलिस को कोई खास कामयाबी नहीं मिली, बताया जा रहा है कि कैमरों में धुंधला फुटेज आ रहा है. इससे दूर की तस्वीर साफ नहीं है. मामले को लेकर देर शाम तक पीड़ित ने लिखित शिकायत नहीं दी थी.

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा के विजयनगर निवासी गगनदीप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उनका शव कमरे में पंखे से लटका पाया गया. परिजनों ने सिदगोड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. गगन नशे का आदी था. वह मां के साथ एस वेंकट राव के घर में किराए पर रहता था. बुधवार को उसकी मां बाहर गई थी. गुरुवार को वह घर लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया. उन्होंने कई बार खटखटाया पर गगनदीप ने नहीं खोला. पड़ोसियों की मदद से जब दरवाजे को खोला गया तो गगनदीप का शव फंदे से लटका पाया गया. पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# कांग्रेस ने 72 घंटे से बंद कर रखी है सिरका कोलियरी

संवाददाता। रामगढ़

जिले के सिरका कोलियरी में दंगल की लड़ाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने कांटा घर में ताला जड़ दिया है. पिछले 72 घंटे से कोलियरी पूरी तरीके से ठप है. यहां सीसीएल का उत्पादन हो रहा है, लेकिन डिस्पैच बंद है. गाड़ियों का कांटा नहीं होने से दर्जनों गाड़ियां कोलियरी में फंसी हैं. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता समसूद खान ने बताया कि 17 जनवरी को भी जब कोलियरी बंद कराया गया था, तब मजदूरों की मांग पर जल्द ही फैसला करने की बात कही गई थी. लोकल सेल समिति और कांग्रेस के बीच कई बार वार्ता हुई, लेकिन बेनतीजा रही. लोकल सेल समिति मजदूरों को न्याय देने को तैयार नहीं. जब तक छः सूत्री मांगें पूरी नहीं होतीं, काम नहीं होने दिया जाएगा.

**गाड़ी से 6800 की वसूली, मजदूरों को मिल रहा सिर्फ 2400 :** सिरका कोलियरी में आंदोलन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि लोकल सेल के माध्यम से कोयले का उठाव किया जा रहा है. हर ट्रक से 6800 की वसूली की जा रही है, लेकिन मजदूरों को मात्र 2400 रुपये का भुगतान किया जा रहा है. बीच की राशि की बंदरबांट सेल संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है. इससे पूर्व में एक करोड़ रुपए के घोटाला दंगल समिति कर चुकी है. पिछले एक महीने में 12 लाख रुपए का बंदरबांट हो चुका है.

### धनसार में 12 पेटी नकली शराब बरामद

**धनसार।** जोड़ाफाटक स्थित मकान में गुरुवार को आबकारी विभाग ने रेड कर 12 पेटी अवैध शराब जब्त की है. जिसकी कीमत 1 लाख होगी. विभाग को सूचना मिली थी कि इस मकान में अवैध शराब का स्टाक रखा है. महंगी शराब की बोतलों में सस्ती शराब भर कर बेची जा रही थी. रेड का नेतृत्व कर रहे एसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि होली को लेकर नकली शराब को रोकने का लक्ष्य है. रेड के दौरान धंधेबाज सत्येंद्र फरार हो गया हालांकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. बरामदगी को लेकर छानबीन की जाएगी कि आखिरकार इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई गई है. इस छापेमारी में लोकल थाने का सहयोग नहीं लिया गया.

# पुलिया की सरिया बंधी सेंटरिंग ढही, बाल-बाल बचा मजदूर

संवाददाता। घाटशिला

थाना क्षेत्र अंतर्गत चेंगजोड़ा के पास निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया है. बताया जाता है कि चेंगजोड़ा के पास निर्माणाधीन पुलिया का काम चल रहा था. इस दौरान सरिया बंधा सेंटरिंग ढह गया. इस घटना में कार्यरत मजदूर बाल बाल बच गए. हालांकि कुछ मजदूरों को हल्की चोटें भी आयी है.

घटना की सूचना मिलते ही सुबह जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू व ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे. कार्यस्थल पर संवेदक का कोई भी आदमी मौजूद नही था. श्रीमती मुर्मू ने कार्यरत मजदूरों से घटना की जानकारी ली. ग्रामीणों ने रात में मजदूरों से काम लेने पर आपत्ति जतायी. ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता की भारी कमी है. प्राक्कलन के मुताबिक काम नही हो रहा है. मजदूरों की सुरक्षा की कोई व्यवस्था नही है. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नही किया जाएगा. श्रीमती मुर्मू ने विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात करते हुए मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया. जानकारी हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत चेंगजोड़ा से कालापाथर तक भाया दीघा होते हुए 13.8 किमी सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग जमशेदपुर की देखरेख में चंदेल कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है. जिसकी लागत लगभग साढ़े 13 करोड़ है. इस मौके पर कालचिति के मुखिया वैद्यनाथ मुर्मू, जितेन महतो, बुलेट महतो, भादो मुर्मू, मंगल मार्डी समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे.



**साहसिक** बैठी पंचायत, वर पक्ष को चुकाने पड़े 5.13 लाख रुपये, बैरंग लौटी बारात

# दूल्हे की जिद पर बिगड़ी बात...दुल्हन ने शादी से किया इनकार

- दूल्हा पक्ष को शादी में हुए खर्च के रूप में 5 लाख रु भी चुकाने पड़े
- बैंड-बाजे पर नाचते-झूमते बराती लड़की के दरवाजे पर पहुंचे

संवाददाता। गढ़वा

विवाह मंडप में सिंदूरदान के समय दहेज में बाइक मांगना दूल्हे को भारी पड़ गया. दुल्हन ने लालची दूल्हे के साथ शादी से इनकार कर दिया. घंटों पंचायत के बाद बरात बिन शादी के ही लौट गई. दूल्हा पक्ष को शादी में हुए खर्च के रूप में पांच लाख रुपए भी चुकाने पड़े. मामला गढ़वा जिले के सगमा ब्लॉक अंतर्गत मकरी गांव का है. जहां बुधवार की शाम बरात 18 किमी दूर भवनाथपुर क्षेत्र में गई थी. बैंड-बाजे पर नाचते-झूमते बराती लड़की के दरवाजे पर पहुंचे.

परंपरागत ढंग से द्वारपूजा और जयमाल की रस्में पूरी हुईं. शादी के लिए मंडप में जब सिंदूरदान की बारी आई, तो अचानक दूल्हा दहेज में गाड़ी की मांग करने लगा. इसके साथ ही अंधेरे में सिंदूरदान की रस्म निभाने की बात कही. इसके पहले उसने कार की मांग रखी, फिर समझाने पर बाइक की जिद करने लगा.



### पंचायत के बाद भी नहीं बनी बात

दूल्हे की इस हरकत से लड़की वाले हैरान रह गए. बड़े-बुजुर्गों ने उसे मनाने का काफी प्रयास किया, मगर वह बाइक मिलने के बाद ही मांग में सिंदूर डालने पर अड़ गया. मामला बिगड़ने पर दुल्हन ने भी लालची दूल्हे के साथ शादी करने से इनकार कर दिया और मंडप से उठ कर चली गई. दोनों पक्षों के वरिष्ठों ने मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी. बाद में लड़की वालों ने दूल्हा और बारातियों को रोक लिया. शादी के आयोजन में हुए खर्च की मांग करने लगे. दोनों पक्षों के बीच घंटों पंचायत के बाद लड़के वालों ने शादी में हुए खर्च 5 लाख 13000 रुपये अदा किए, तब उन्हें छोड़ा गया. बरात बिन दुल्हन के ही लौट गई. इस तरह की दूल्हे की शर्त और शादी टूटने की चर्चा पूरे इलाके में गर्मा-गर्म चर्चा विषय बन गयी है.

# नाजिर का पीडीएस डीलरों से रुपये मांगते वीडियो वायरल

### प. सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग

संवाददाता। चाईबासा

सामाजिक कार्यकर्ता नारायण कांडेयांग नें खूंटपानी प्रखंड के नाजिर संतोष रजक के विरुद्ध डीसी पश्चिमी सिंहभूम से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. नाजिर ने डीलरों से स्टॉक/वितरण पंजी में हस्ताक्षर के नाम पर एक-एक हजार रुपये की मांग करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है. वहीं नाजिर किसी मैडम का आदेश बताकर रुपये वसूली कर रहे थे. साथ ही सदर सीओ का संदर्भ देकर ये कहते हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि दूसरे जगह इससे अधिक पैसे लेने की बात कही जा रही है. वहां और अधिक पैसे लग रहे हैं. यह वीडियो ट्वीटर पर उपायुक्त एवं अन्य को टैग करते हुए वायरल किया है. फिर भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए उपायुक्त को लिखित पत्र देकर जांचोपरांत न्याय संगत कानूनी करवाई करने की मांग की है. सामाजिक कार्यकर्ता नारायण ने कहा कि खूंटपानी प्रखंड में ऐसे ही भ्रष्ट पदाधिकारियों के कारण राशन लाभुकों को उनके हक का राशन नहीं मिल रहा है.



साथ ही राशन में भी भारी कटौती देखने को मिल रही है. ट्वीटर के माध्यम से शिकायत करने पर भी कोई खास कार्रवाई नजर नहीं आ रही है. इस वीडियो के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि डीलरों एवं अधिकारियों की इन्हीं मिलीभगत के कारण ही आज प्रखंड में शिक्षित भ्रष्टाचार चरम पर है. इसकी भारी कीमत गरीबों को चुकानी पड़ रही है. मौके पर, बसंत महतो, बसिल हेमब्रोम उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### रजनी झा बने श्रमिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**रामगढ़।** नया नगर बरकाकाना सीसीएल कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार के अध्यक्षता में हुई. संचालन प्रदेश सचिव राज कुमार रवानी ले किया. बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम और विशिष्ट अतिथि एससी एसटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल नायक, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, प्रदेश सचिव शंकर कालिंदी, वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता अमिताभ कुणाल, सुधीर कुमार शामिल हुए. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने नयानगर बरकाकाना निवासी रजनी कुमार झा उर्फ गुड्डू को संगठन के श्रमिक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया.

### टोटो चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**हजारीबाग।** पुलिस ने टोटो चोरी कर पार्ट-पुर्जा अलग-अलग कर बेचने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है. एसपी अरविंद कुमार सिंह ने ने बताया कि लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनी भुईयां टोली निवासी सोनू कुमार ने टोटो, टायर एवं बैटरी चोरी से संबंधित एक आवेदन दिया. साथ में तीन लोगों को पकड़ कर पुलिस को सौंपते हुए बताया कि इनके पास से चोरी किए गए सामान बरामद किए गए हैं. पुलिस की पूछताछ में तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. उनकी निशानदेही पर चोरी का एक टोटो, बैटरी और टायर भी बरामद किया गया है. तीनों गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लोहसिंघना थाना क्षेत्र के तेली टोला ओकनी निवासी रोहित कुमार व रंजन कुमार और न्यू एरिया निवासी विक्रम कुमार के रूप में की है. तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### 50 बच्चों के बीच पोशाक किट का वितरण किया

**टाटीझरिया।** प्रखंड के मध्य विद्यालय अमनारी में गुरुवार को वर्ग एक एवं दो के बच्चों के बीच ड्रेस, जूता, स्वेटर व मौजा का वितरण किया गया. इस दौरान मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय एवं उपमुखिया कौलेश्वर कुमार ने दोनों वर्ग मिला कर कुल 50 बच्चों को पोशाक किट बांटे. इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि बच्चों को जो समान मिला है, उसे प्रतिदिन विद्यालय पहन कर आना है. मौके पर प्रधानाध्यापक छोटन कुमार रवि, कुलदीप पासवान, बलराम प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे. इसके अलावा मध्य विद्यालय झरपो में उपप्रमुख रवि वर्णवाल के हाथों बच्चों को पोशाक बांटे गए.

### पूर्व मुखिया ने वॉशिंग सेंटर का उद्घाटन किया

**चौपारण।** गांधी स्मारक के पास मां भद्रकाली वॉशिंग सेंटर का चौपारण के पूर्व मुखिया विनोद सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने संचालक को बधाई देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में एक वॉशिंग सेंटर की जरूरत थी. वहीं, मां भद्रकाली वॉशिंग सेंटर का उद्घाटन होते ही वाहनों को धुलवाने के लिए ग्राहकों की लंबी कतार लग गई. संचालक ने कहा कि यहां कार को साफ करने के लिए सॉफ्ट कपड़े का इस्तेमाल, ब्रेक की धूल और जमी हुई गंदगी को हटाने के लिए व्हील क्लीनर और एक टायर ब्रश का उपयोग एवं गाड़ी को साफ करने के लिए वेंट्रिकुलर क्लीनर का उपयोग किया जाएगा. मौके पर विनोद सिंह, सत्यम सिंह, अशोक राणा, पवन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## चुनावी मौसम आते ही अपनी उपलब्धियां गिना रहे जनप्रतिनिधि, पर

# भ्रष्टाचार पर ये चुप्पी कैसी?

शुभम संदेश पड़ताल

### 15 सालों से दो दर्जन से अधिक भवन आधे-अधूरे, ठेकेदार फरार





प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

शहर से लेकर गांव तक भ्रष्टाचार मचा हुआ है. कोई जमीन पर कब्जा कर रहा है, तो कोई सरकारी योजना की लूट की फिराक में है. इस खेल में ठेकेदार, अधिकारी से लेकर क्षेत्रीय नेता तक की संलिप्ता सामने आती रही है. खुद को समाज का मसीहा बताने वाले कई सपेदपोशों के गिरेबां भी भ्रष्टाचार की चादर में लिपट कर दागदार हैं. पैसे के आगे इंसानियत धीरे-धीरे खत्म होती दिख रही है. क्या अपने और क्या पराये, सभी से भी धन लूटने के लिए लोग तैयार हैं.

वहीं, कानून का पाठ पढ़ने वाले अधिकारी भी भ्रष्टाचार के आगे खामोश दिखते हैं. दरअसल, चुनावी मौसम आते ही जनप्रतिनिधि अपने 5 साल के कामकाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने में जुटे हैं. सांसद हों या विधायक, सभी आम जनता को बड़ी-बड़ी उपलब्धियां दिखा रहे हैं. हालांकि, उनके अपने ही जिले में सरकारी फंड की हो रही बंदरबांट पर इनकी चुप्पी पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं. पिछले 10-15 सालों में कटकमसांडी, दारू सहित जिले भर में 25 ऐसे भवन हैं, जो आज तक अधूरा पड़े हुए हैं. भवन निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपये की निकासी कर ली गई और ठीकेदार फरार हो गए. लेकिन इन योजनाओं पर किसी नेता, मंत्री या पदाधिकारी का ध्यान नहीं पड़ा.

अगर ये योजनाएं पूरी हो जाती, तो आज इन भवनों में पठन-पाठन से लेकर अन्य कई लाभ लोगों को मिलते. कई लोगों को रोजगार भी मिलता, लेकिन यह सारी योजना खंडहर में तब्दील हो गई है. यहां तक कि करोड़ों रुपये की जमीन भी बेकार हो गई. ऐसे में सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान हुआ है. फिर भी यहां के क्षेत्रीय नेता आम जनता के बीच झोली भर-भर कर अपनी उपलब्धियां गिनवा रहे हैं. वहीं, आम जनता सवाल कर रही है कि ये योजनाएं तो आम जनता के टैक्स की राशि से चल रही थीं. अगर भवन बना ही नहीं, तो फिर फंड की निकासी किसलिए की गई. वहीं, सरकार ने भगोड़े ठीकेदारों और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की?

### खंडहर में तब्दील होते चले गए आधे-अधूरे भवन

बता दें कि हजारीबाग ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा जिले भर में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विभागों के लिए भवन निर्माण का कार्य शुरू कराया गया, जो कि पिछले 15 सालों से अधूरे पड़े हुए हैं. सभी कार्य विभागीय स्तर पर कराए गए थे. वहीं, करोड़ों रुपये का गबन कर इंजीनियर, ठीकेदार फरार हो गए. बेवजह बनाए गए सभी भवन खंडहर मे तब्दील हो गए. अब कई ऐसे भवन हैं, जहां आम लोगों ने अपना आशियाना बना लिया है. वहीं, कई भवनों को चोर-उचक्कों ने पुलिस से बचने के लिए अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है.

### रघुवर सरकार ने दिया था जांच करने का आदेश, पर नहीं हुआ पालन

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इन अधूरे बने हुए भवनों के मामले में संज्ञान लिया था. उन्होंने कई आदेश भी जारी किए थे. जनसंवाद के माध्यम से हजारीबाग में कोई भी नया भवन नहीं बनाने और अधूरे भवन की जांच करने का भी आदेश दिया गया था, लेकिन आज तक उस आदेश का ने तो कोई पालन नहीं हुआ और ना ही किसी भवन की जांच हुई. वहीं, सरकार बदलते ही यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया. बहरहाल, इन भवनों के निर्माण के नाम पर हुई सरकारी राशि की बंदरबाट की कहानी आज भी सरकारी फाइलों के नीचे धूल फांक रही है.

### कहां-कहां बने थे करोड़ों रुपये की लागत से भवन

शहर के कुम्हारटोली रोड में अल्पसंख्यक भवन बनाया जा रहा था, जो आज भी अधूरा है. वहीं कटकमसांडी स्टेडियम, कटकमसांडी प्लस टू स्कूल, पिछड़ा वर्ग छात्रावास कटकमसांडी, दारू में अस्पताल, एसपी ऑफिस के पीछे शिशु अस्पताल, हिन्दू हाई स्कूल के पीछे छात्रावास, मटवारी गांधी मैदान पिछड़ा वर्ग बालिका आवास, झुमरा बाजार ब्लॉक भवन के अलावे कई जगहों पर करोड़ों की लागत से भवन बनाए गए थे. सभी काम करोड़ों की लागत से हो रहे थे. लेकिन, काम से अधिक रकम की निकासी कर ठीकेदार फरार हो गए. इधर नेता, मंत्री अपनी उपलब्धियां गिनाते फिर रहे हैं और जनता को बड़ी-बड़ी योजनाओं का सपना दिखा रहे हैं.

### जिले में एक सांसद और पांच विधायक, एक को छोड़ सब रहे मौन

हजारीबाग संसदीय सीट से जयंत सिन्हा लगातार दूसरी बार भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए हैं. वे पीएम नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भी थे. वहीं, विधायकों की बात करें, तो हजारीबाग जिले में कुल पांच विधानसभा सीटें पड़ती हैं. इसमें भाजपा विधायक मनीष जायसवाल लगातार तीसरी बार सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं. भाजपा से ही जयप्रकाश भाई पटेल मांडू विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं. कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं. इससे पहले इनके पिता योगेंद्र साव ने वर्ष 2009 और मां निर्मला देवी ने वर्ष 2014 में बड़कांगाव सीट से चुनाव जीता था. योगेंद्र साव मंत्री भी रह चुके हैं. वहीं, कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला दूसरी बार बरही विधानसभा से विधायक बने हैं. इसके अलावा निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव बरकट्ठा विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं. बहरहाल, एकमात्र सदर विधायक द्वारा इस मामले को सदन में उठाया गया है.

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि



जिले में अधूरे बने हुए भवनों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है. आपके माध्यम से ही पता चल रहा है. आप जानकारी दें, निश्चित तौर पर जांच करवाने के बाद कार्रवाई की जाएगी.
**- जयंत सिन्हा**
सांसद, हजारीबाग



इस मामले को विधानसभा में कई बार उठाया है. विधानसभा की कई समितियों और जिला स्तरीय विभिन्न समितियों के पास भी मामाला रखा गया है. यह एस्टीमेट घोटाला है.
**- मनीष जायसवाल**
विधायक, सदर



अधूरा भवन बनाकर भागने वाले संवेदक पर कार्रवाई होनी चाहिए. विभाग को ऐसे संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड कर इनके खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी भी दर्ज होनी चाहिए.
**- अमित कुमार यादव**
विधायक, बरकट्ठा



यह मामला पूरी तरह मेरी जानकारी में नहीं है. अगर पूरी जानकारी लेकर विधानसभा में अधूरे भवन का मामला उठाएंगे. सीएम और विभागीय सचिव को अपडेट कराएंगे.
**- उमाशंकर अकेला**
विधायक, बरही

## सांसद ने रखी सामुदायिक भवन की आधारशिला

# शिलापट्ट पर अंकित दिखा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का नाम

- शिलापट्ट पर अंकित विवरण को लेकर आमलोगों में हो रही चर्चा
- सभी पंचायतों में बनाए जाएंगे सामुदायिक भवन : जयंत सिन्हा

संवाददाता। रामगढ़

सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने बीते बुधवार शाम गोला प्रखंड की चाड़ी पंचायत में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया. जिला खनिज मद की एक करोड़ की लागत से निर्माण कार्य होगा. यहां सभागार, दफ्तर, क्लब, जिम व शौचालय इत्यादि होंगे. जयंत सिन्हा ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र भर की पंचायतों में जनता के लिए सामुदायिक भवन बनवाने का निर्णय लिया है.

इनके बनने से क्षेत्रवासियों को अत्यंत लाभ मिलेगा. यहां लोग शादी-विवाह समेत अन्य सामाजिक आयोजन कर पाएंगे. यह भी कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ वासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. पहले चरण में रामगढ़ की 40 पंचायतों में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है. पीएम मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास की यात्रा अनवरत जारी रहेगी.

### शिलापट्ट पर दो माह पूर्व की तारीख अंकित



सांसद ने सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण किया. इस क्रम शिलापट्ट पर अंकित तारीख और मुख्यमंत्री के नाम पर किसी की नजर नहीं गई. शिलापट्ट पर शिलान्यास की तारीख 23 दिसंबर 2023 अंकित है, जबकि शिलान्यास 28 फरवरी 2024 को हुआ है. ऐसे में दो माह पूर्व की तारीख का अंकित होना समझ से परे है. वहीं, शिलापट्ट पर सीएम का नाम हेमंत सोरेन अंकित है, जबकि वर्तमान में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हैं. यह अलग बात है कि 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ही थे. इस मसले में सांसद का पक्ष लेने का प्रयास किया गया, पर उनके पीए द्वारा सांसद की व्यस्तता बता कर बाद में बात करने की बात कही गई.

# सीएम चंपाई सोरेन से मिल कर शिक्षकों ने बताई समस्याएं

संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार देर शाम मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भेंट की. प्रतिनिधिमंडल में स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के सचिव डॉ. विनोद रंजन, उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, विभावि के पूर्व अभिषद सदस्य डॉ. जयप्रकाश रविदास, विभावि के वित्त समिति सदस्य डॉ. राजू राम एवं संत कोलंबा महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ. भुनेश्वर मेहता शामिल थे. झारखंड विधानसभा में अवस्थित मुख्यमंत्री के कार्यालय में बातचीत के दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना एवं पदोन्नति से संबंधित परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया. शिक्षकों ने उनके समाधान के बिंदु भी सुझाए. मुख्यमंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दोनों स्मार पत्र को संबंधित विभागों को भेजते हुए त्वरित करवाई के लिए आदेश दिया.

## आईसेक्ट विवि में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# खेल से समावेशी विकास : प्रो. नायक

संवाददाता। हजारीबाग



पाठ्येतर गतिविधि

- पहले दिन फुटबॉल, हाई जंप और कैरम बोर्ड प्रतियोगिता
- स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास : डॉ. मुनीष गोविंद

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ व डीन एकेडमिक डॉ. एमके मिश्रा ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में समावेशी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है.

ऐसे में सभी विभागों के विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए. कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग खेल के मैदान में करना चाहिए. उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मन निवास करता है. इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य कार्यों में हिस्सेदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है. डीएसडब्ल्यू डॉ. एसआर रथ ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से परंपरागत और स्थानीय खेलों को भी वार्षिक खेलकूद के जरिए बढ़ावा दिया जा रहा है.

खेल अध्यक्ष उदय रंजन ने बताया कि पहले दिन फुटबॉल, 100 मीटर दौड़ और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि आगामी 2 मार्च को समापन के मौके पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा.

इस खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, संयोजक रविकांत कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार दांगी, पंकज प्रज्ञा, राहुल रजवार, अजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### डीसी ने किया पांच थर्ड जेंडरों को सम्मानित

**हजारीबाग।** उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों एवं सामाजिक जागरूकता संबंधी विषय पर गुरुवार को नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय ने दीप प्रज्जवलन एवं उपस्थित अतिथियों को पौधा देकर किया. उन्होंने सभी उभयलिंगी व्यक्तियों को शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया. उन्होंने बताया कि आपलोगों को उन्होंने बताया कि उभयलिंगी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा थर्ड जेंडर की मान्यता प्रदान की गई है. कार्यशाला में उपायुक्त ने पांच उभयलिंगी व्यक्तियों को भारत सरकार के पोर्टल से निर्गत पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र दिया. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने कहा कि उभयलिंगी व्यक्तियों के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा पोर्टल बनाया गया है, जिनके माध्यम से उभयलिंगी व्यक्ति अपना डाटा अपलोड कर सकेंगे, ताकि उपायुक्त के द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र निर्गत किया जा सके. प्रमाण पत्र प्राप्त उभयलिंगी व्यक्ति को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन/ सहायता राशि उनके खाता में दी जाएगी एवं अन्य योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा.

## सीआरपीएफ अधिकारी बन शिक्षक को लगाया एक लाख का चूना

# डीसी का मित्र बता साइबर ठगी

संवाददाता। रामगढ़

सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से साइबर साइबर ठगी के मामलें सामने आ रहे हैं. हाल ही में साइबर ठगी के शिकार हुए गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, रामगढ़ में सहायक शिक्षक प्रेम दीप कुमार महतो ने रजरप्पा थाने में एक लाख रुपए की साइबर ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्रेम दीप ने बताया कि उपायुक्त के फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें कथित सीआरपीएफ पदाधिकारी सुमित कुमार का मित्र का मैसेज प्राप्त हुआ.

उक्त व्यक्ति ने सुमित कुमार का ट्रांसफर होने के उपरांत उनके घर के सामान बेचे जाने की बात कही. इसके बाद उन्हें 7978244036 मोबाइल नंबर से फोन आया कि मैं सीआरपीएफ ऑफिसर सुमित कुमार बोल रहा हूं. मेरा तबादला रांची से जम्मू हो गया है. मैं अपने घर का सारा सामान बेच रहा हूं. रामगढ़ उपायुक्त मेरे मित्र हैं और वह अपना सारा सामान एक लाख 25 हजार रुपये में बिक्री करेंगे.

### जिला प्रशासन ने लोगों से की सावधान रहने अपील

इस मामले के बाद जिला प्रशासन द्वारा पुन: सभी से अपील की गई है कि वे इस तरह के किसी भी साइबर ठग के प्रलोभन से सावधान रहें. जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है. इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, एक्स (ट्विटर) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है. जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया न दें.

साइबर क्राइम

- पीड़ित शिक्षक ने रजरप्पा थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी
- जिला प्रशासन ने पूर्व में दी थी फेक अकाउंट की जानकारी

उपायुक्त का मित्र समझकर उन्होंने बारी-बारी से 50 हजार रुपए गुगल पे नंबर 9957194583 और 50 हजार रुपए फोन पे नंबर 9861183852 पर भुगतान कर दिया. मेरा सामान कब पहुंचेगा यह पूछने पर मुझे 45,500 रुपये का भुगतान करने को कहा गया.

इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि वह किसी फ्रॉड के चक्कर में फंस गए हैं. वहीं अपना पैसा वापस मांगने पर सुमित कुमार के द्वारा कहा गया कि कोई सामान नहीं मिलेगा और वह अपनी ड्यूटी करने जम्मू जा रहे हैं और उनका फोन आगे से ऑफ रहेगा. उसके द्वारा बताया गया कि 6 महीने बाद उन्हें पैसे मिलेगा.

ध्यान आकर्षण

## अंबा प्रसाद ने सदन में उठाया अडानी इंटरप्राइजेज की ओर से फर्जी आमसभा कराने का मामला, कहा

# फर्जी आम सभा की जांच और बगैर सहमति के खनन कार्य न हो

संवाददाता। बड़कागांव



बोलीं विधायक

- परियोजना के विरोध में कई माह से आंदोलनरत हैं ग्रामीण
- ग्रामीणों के साथ बिल्कुल भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा

विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा अडानी एंटरप्राइजेज का मामला फिर से विधानसभा के पटल पर उठाया गया. विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार को सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम अडानी इंटरप्राइजेज द्वारा कराई गई फर्जी आमसभा का जांच कराते हुए बगैर गोंदलपुरा के ग्रामीणों की सहमति के खनन कार्य नहीं कराने की मांग की.

विधायक ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा में अडानी इंटरप्राइजेज के द्वारा कोयला खनन के निमित ग्रामवासियों की फर्जी आमसभा करा कर खनन कार्य करने का कोशिश कर रही है. जबकि, उक्त क्षेत्र के ग्रामीण परियोजना के विरोध में कई महीनों से आंदोलनरत हैं. अंबा प्रसाद ने अडानी इंटरप्राइजेज द्वारा कराए गए फर्जी आमसभा की जांच करने और गोंदलपुरा के ग्रामीणों की सहमति के बिना खनन कार्य नहीं करने की मांग की.

ज्ञात हो कि बड़कागांव विधायक द्वारा इस मामले को कई बार विधानसभा के पटल पर रखा गया है. ग्रामीणों की मांग है कि बगैर उनकी सहमति के किसी प्रकार का कार्य न हो. इस संबंध में पूछे जाने पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि गोंदलपुरा के ग्राम वासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं. ग्रामीणों के साथ बिल्कुल भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.

- सीसीएल प्रबंधन को करेंगे हर संभव मदद : हाजी अख्तर
- जीएम ने दिया सामंजस्य के साथ काम करने का भरोसा

### इंटक ने सीसीएल रजरप्पा के जीएम से की मजदूर हित में वार्ता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (इंटक) रजरप्पा क्षेत्र के उपाध्यक्ष सह संयुक्त सचिव हाजी अख्तर आजाद व संयुक्त सचिव राजेंद्र नाथ चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सीसीएल रजरप्पा के नये जीएम विनोद कुमार से मुलाकात की. इस दौरान यूनियन नेताओं ने बुके देकर नये जीएम का स्वागत किया. इस दौरान हाजी अख्तर आजाद ने यूनियन संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. साथ ही मजदूरों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का जीएम से आग्रह किया. उन्होंने कहा कि इंटक मजदूर हित में सीसीएल प्रबंधन को हर संभव मदद करेगा. वहीं सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के जीएम विनोद कुमार ने भी आपसी सामंजस्य के साथ काम करने का आश्वासन दिया. मौके पर इंटक के क्षेत्रीय सचिव असलम खान के अलावा मुख्तार अंसारी, किरण कश्यप, हेमलाल महतो, शशिकांत सिंह, रामपोदो महतो, सुरेंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे.

# तीन किलो 20 ग्राम अफीम के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

पुलिसिया कार्रवाई

- तीन बाइक, पांच मोबाइल और एक वेटिंग मशीन जब्त
- चतरा से अफीम लेकर ओकनी तालाब के पास थे सभी तस्कर

पुलिस ने अफीम के पांच सौदागरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से तीन किलो अफीम बरामद किया है. वहीं तस्करी में प्रयुक्त तीन बाइक, पांच मोबाइल और एक वेटिंग मशीन जब्त किया है. एसपी अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग चतरा से अफीम लेकर लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनी तालाब के आसपास आए हुए हैं.

सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम जैसे ही ओकनी तालाब के नजदीक पहुंची, वहां तीन बाइक पर पांच लोग बैठे दिखे. छापेमारी टीम पास पहुंची, तो पांच लोग बाइक छोड़ कर भागने लगे. पुलिस ने सभी को खदेड़ कर पकड़ लिया. पूछताछ में पांचों की पहचान चतरा जिला के पथलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गम डेकाटांड निवासी सुखराम मुंडा, तेतरिया निवासी हरीश कुमार व अभिषेक कुमार, लोंबोईया निवासी निकेतन कुमार और पलाटी बेड़ा निवासी लकराई मुंडा के रूप में हुई. पांचो लोगों की तलाशी में इनके पास से प्लास्टिक थैले में रखा 3 किलो 20 ग्राम अफीम बरामद किया गया.

### ब्रीफ खबरें

#### 6 को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**बोकारो ।** बोकारो जिले के एक अदालत ने गुरुवार को ठेला चालक शिव शक्ति ठाकुर की हत्या के मामले में 6 आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. सूत्रों के अनुसार अदालत ने आरोपियों के खिलाफ 10-10 हजार रुपये का जुर्माने की भी सजा सुनाई है. विशेष लोक अभियोजक आर के राय ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश कुमार सिंह की अदालत ने विकास कुमार (20) वर्ष, राजा कुमार यादव (23) वर्ष, विवेक कुमार (23) वर्ष, विनय यादव (27) वर्ष, दानिश खान उर्फ मोहम्मद दानिश, (27) वर्ष, विक्की चौरसिया (30) वर्ष को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है.

#### घोटाले की जांच : फरार आरोपी को भेजा जेल

**साहिबगंज ।** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडबांध निवासी राजीव साह को बरहेट थाना कांड संख्या 32/23 के तहत पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में बोडबांध पंचायत स्तिथ गोडमा पहाड़ में लगभग 17 प्रधानमंत्री आवास की राशि बिचौलिया ने लाभुकों के खाते से निकासी कर गबन कर ली थी. उक्त राशि से आवास नहीं बनाने के विरुद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बोडबांध निवासी नारायण साह एवं राजीव साह पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

#### रेलवे कर्मी के क्वार्टर में भीषण चोरी

**साहिबगंज ।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत झरना कॉलोनी में स्थित रेलवे क्वार्टर 255 बी 11 में बीती रात लाखों रुपए के जेवरात व कीमती सामानों की चोरी हो गई. इसका पता तब चला जब रेलकर्मी के ससुर की मां रुणा देवी क्वार्टर खोलने पहुंची. उन्होंने देखा कि कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा है. अलमारी भी खुला पड़ा है. इसकी सूचना उन्होंने परिजनों को दी. जिसके बाद सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की.

#### सेवानिवृत हुए डॉ प्यारेलाल सिंह

**धनवार (गिरिडीह) ।** आदर्श कॉलेज राजधनवार में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्यारेलाल सिंह 38 वर्ष की सेवा के उपरांत गुरुवार को सेवानिवृत हो गए. प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र द्वारा डॉ प्यारेलाल सिंह को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं ,प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया. इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि डॉ प्यारेलाल सिंह ने 38 सालों में बहुत ही उत्कृष्ट सेवा दी. इनके योगदान को महाविद्यालय परिवार हमेशा याद करेगा. इनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों ने अच्छे मुकाम को हासिल किया.

#### पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू का स्वागत किया गया

**पाकुड़ ।** पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू गुरुवार को पाकुड़ जिला बीस सूत्री कार्यालय पहुंचे. जहां जिलाउपाध्यक्ष सह झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम ने पुष्पगुच्छ देकर हेमलाल मुर्मू का स्वागत किया. हेमलाल मुर्मू ने जिलाध्यक्ष श्याम यादव से उनका कुशल क्षेम पूछकर वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की. मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान, युवा जिला सचिव उमर फारूक, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### समाहरणालय सभागार में किसानों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

## कच्चू भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर मलेशिया रवाना किया

**संवाददाता । पाकुड़**

कच्चू से भरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर मलेशिया के लिए किया रवाना गया. गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात प्राधिकरण भारत सरकार, जिला प्रशासन पाकुड़ तथा जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में जिले के किसानों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन सह कच्चू निर्यात कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

साथ ही 14 मिट्रिक टन कच्चू का निर्यात पाकुड़ जिला के महेशपुर प्रखंड के पलसा से मलेशिया के लिए



किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपेडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, आईएएस के द्वारा वर्चुअल मोड एवं उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया. इस कार्यक्रम के शुरू में अपेडा के क्षेत्रीय प्रबंधक सीताकांता मंडल के द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया गया. साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी.

**प्रतिनिधिगण जुड़े रहे :** इस कार्यक्रम में अपेड़ा के कोलकाता, मुम्बई एवं गुवाहाटी के कार्यालय से भी प्रतिनिधिगण जुड़े रहे. इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, केवीके के वैज्ञानिक एवं चास हाट से जुड़े लगभग 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया. वहीं इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, आईटीडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीएलएम-जेएसएलपीएस, अपेडा से जुड़े एक्सपोर्टर गोपाल साहा भी उपस्थित थे.

#### अधिकारियों को निर्देशित किया

डीसी मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा इस तरह के एक्सपोर्ट निरंतर जारी रखने पर अपेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया. उपायुक्त ने किसानों को निर्यात तकनीकी और फसल प्रबंधन के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर सुप्रभा मालिक, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर अपेडा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस के द्वारा अपने संबोधन में किसानों को एक्सपोर्ट करने में तकनीकी जानकारी एवं फसल प्रबंधन के बारे में बताया गया.

## लोगों से पीएम के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की



**संवाददाता । धनवार (गिरिडीह)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1 मार्च को धनबाद आगमन को लेकर अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर भाजपा की बैठक बरजो कार्यालय में हुई. भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने तैयारी पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने लोगों से पीएम के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की. साथ ही मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने तथा लाभार्थियों के घर-घर जाकर केंद्र सरकार के कार्यकाल की उपलब्धि बताने का निर्देश दिया, ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए 400 सीट से अधिक पर जीत दर्ज कर सके. बैठक में मुख्य रूप से गोपाल दीक्षित, अशोक उपाध्याय ,सुनील अग्रवाल उदय सिंह पवन साहू अजय रंजन मौजूद थे.

### डीएफओ ने बीडीओ, सीओ व अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक

## अहर्ताधारी ग्रामीणों को दें वन अधिकार पट्टा : डीएफओ

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो स्थित जिला पंचायती राज कार्यालय सभागार में गुरुवार को वन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सह मोबाइल एप प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने की. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक आदि संबंधित कर्मी उपस्थित थे.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएफओ रजनीश कुमार ने कहा कि विभाग ने वर्ष 2005 से पूर्व वन पर आश्रित लोगों को अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया है. इस बाबत अंचल एवं अनुमंडल स्तर पर कई आवेदन लंबित हैं. गंभीरता से उन आवेदनों का सत्यापन करते हुए अहर्ताधारी ग्रामीणों के बीच वन अधिकार पट्टा वितरण करना है. ऐसे जितने भी लंबित आवेदन हैं, उनका त्वरित निष्पादन अधिकारी करें. इस दौरान आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज, वनाधिकार समिति के कार्य व दायित्व, दावा पत्र समेत इस संदर्भ में अन्य जानकारी दी गई.



#### विस्तृत जानकारी दी

चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने वन अधिकार कानून 2006 के कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और एक्ट के विषय में विस्तार से बताया. जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर ने बताया कि सरकार का उद्देश्य लोगों को अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान से जोड़ना है. इसके माध्यम से वैसे लोग जो 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वन पर आश्रित हैं या वन क्षेत्र में रह रहे हैं उन्हें जोड़ा जाएगा. दावा पत्र दो प्रकार के होंगे एक निजी दवा पत्र और दूसरा सामुदायिक दावा पत्र, यह नियम वनाधिकार कानून 2006 के अंतर्गत आता है.

#### दुर्गापुर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन



**बोकारो ।** जिले के कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत सचिवालय में गुरुवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता मुखिया अमरेश कुमार महतो ने की. इस कार्यक्रम में पंचायत के विकास के लिए रूपरेखा तैयार कर योजनाओं के चयन पर विचार विमर्श किया गया. इस दौरान मुखिया अमरेश महतो ने बताया कि पंचायत के विकास, सभी वार्ड और टोले को ध्यान रखकर जनहित योजनाएं बनायी जा रही है. मौके पर पंचायत सचिव कालीपद शर्मा, ग्राम रोजगार सेवक रजनीश राकेश, उपमुखिया, पंचानन महतो, वार्ड सदस्य रंजू देवी, सोनी देवी, रबिता देवी, राम कुमार महतो, संजू देवी, सनातन महतो, दीपक कुमार, देवशरण महतो, सबिता देवी, सुषमा देवी, परवेज आलम, नेमिया देवी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे.

## बच्चों ने नाटक के माध्यम से चुनावी राजनीति की प्रस्तुति दी

**संवाददाता । तेनुघाट (बोकारो)**




जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट बोकारो में सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित नागरिक शास्त्र से चुनावी राजनीति पाठ को नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया. यह नाटक लोकतांत्रिक व्यवस्था को जानने, समझने और उसे अंगीकार करने से संबंधित था. जिसमें लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनाव की प्रक्रियाओं को दर्शाया गया. इसमें नवम वर्ग के छात्र एवं छात्राएं अलग-अलग अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किए और दोनों ही अपनी भूमिकाओं को बखूबी से निभाया और शपथ भी ली. लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान दिवस की गरिमा को बनाए रखने के लिए सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ के माध्यम से लोकतांत्रिक भावना को अपने में उतारा.

विद्यालय में सभी बच्चे इस समय परीक्षा की घड़ी में अपने कक्षा के सभी विषयों का पुनरावृति कर रहे हैं. जिसमें उन्हें यह मौका मिला जिसके द्वारा "चुनावी राजनीति" को नाटक के माध्यम से खुद से सीखा. यह नाटक कार्यक्रम विषय शिक्षिका लिली बेक के मार्गदर्शन पर किया गया. विद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार ने कहा कि बच्चे नाटक के माध्यम से पढ़ाई को जारी रखे हुए हैं और अच्छे ज्ञान को हासिल कर रहे हैं.

## योजनाओं की जानकारी पहुंचाना प्राथमिकता : राहुल

**संवाददाता । पाकुड़**

जिला जनसंपर्क कार्यालय, पाकुड़ में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया. प्रभार ग्रहण करने के बाद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी. जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार - प्रसार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार - प्रसार में मीडिया की भूमिका



अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान - प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सभी सूचनाएं जनता के साथ साझा की जाएगी.मौके पर सोशल मीडिया प्रचार पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, इकाई लिपिक श्री राजेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर भूषण कुमार, प्रीतम कुमार एवं प्रसंनजीत मंडल समेत अन्य उपस्थित थे.

#### बेरमो को जिला बनाने का धरना स्थगित हुआ

**बोकारो ।** बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले 86 दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 29 फरवरी की शाम समाप्त हो गया. बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने धरना पर बैठे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक व अन्य साथियों को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया. इस अवसर पर एसडीओ ने जिला बनाने संबंधित मांग उचित माध्यम के समक्ष रखने का आश्वासन दिया. धरना की समाप्ति की घोषणा बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने को लेकर अंतिम सांस तक संघर्ष करता रहूंगा.

## देवघर का कुख्यात अपराधी बाबा परिहस्त की जेल में मौत

**संवाददाता । देवघर**

जिले का कुख्यात अपराधी बाबा परिहस्त की जेल में मौत हो गयी है. जानकारी के अनुसार, देवघर जेल में बंद बाबा परिहस्त को खून की उल्टी होने लगी थी. जिसके बाद उसे गुरुवार सुबह तड़के तीन बजे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**पार्टी के दौरान बिगड़ी तबीयत :** सूत्रों के अनुसार, देवघर जेल में बुधवार रात बाबा परिहस्त गैंग की पार्टी चल रही थी. पार्टी में शराब भी चल रहा था. पार्टी के दौरान ही कुख्यात बाबा परिहस्त की तबीयत बिगड़ी और वहीं पर गिर गया. जेल प्रशासन ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. कुख्यात बाबा परिहस्त की मौत हार्ट अटैक से हुई है या फिर पार्टी के दौरान शराब में जहर देने से हुई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा हो पायेगा.



#### 22 दिसंबर 2022 को हुआ था गिरफ्तार

गौरतलब है कि 22 दिसंबर 2022 को देवघर पुलिस ने हत्या, रंगदारी व आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई गंभीर अपराध कांडों के चर्चित आरोपित व गैंगस्टर और नगर थाना क्षेत्र के बैद्यनाथ लेन निवासी बाबा परिहस्त को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था. उस पर जिले के कई थानों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं.

## बालू उठाव को लेकर छापेमारी दो ट्रैक्टर जब्त, दो हिरासत में

**संवाददाता । गावां (गिरिडीह)**

गावां प्रखंड में अवैध बालू उठाव रोकथाम को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. गुरुवार को गावां सीओ अविनाश रंजन के नेतृत्व में अवैध बालू उठाव के खिलाफ गावां सकरी नदी में छापेमारी अभियान चलाया गया. इस अभियान में सीओ और थानेदार के साथ पुलिस बल जवानों ने नदी में अवैध बालू उठाव करते हुए दो ट्रैक्टर को पकड़ा है. पुलिस ने इन दोनों बालू लोड ट्रैक्टर को खदेड़कर पकड़ा है. मौके पर से एक चालक और मजदूर को पुलिस हिरासत में लिया.

बता दें कि जब सीओ वहां छापेमारी करने पहुंचे तो सभी ट्रैक्टर चालक इधर उधर भागने लगे. लेकिन पुलिस की टीम ने दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया. बाकी अन्य ट्रैक्टर चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहे. पुलिस ने दोनों जब्त



ट्रैक्टर को थाना ले आए हैं. जहां वाहन मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है. बता दें कि गावां प्रखंड के विभिन्न सकरी नदी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर से अवैध बालू उठाव कर अन्य प्रखंडों में बेचा जाता है. इससे सकरी नदी से लगातार अवैध बालू उठाव की वजह से नदी की संरचना भी खराब हो रही है.

मामले में सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि अवैध बालू उठाव को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी. जिसके आधार पर आज कार्रवाई गई है. किसी भी सूरत पर सकरी नदी से अवैध बालू का उठाव नहीं होने दिया जायेगा.

#### खास बातें

- सकरी नदी से रोज सैंकड़ों ट्रैक्टर बालू उठाव
- इससे खराब हो रही है नदी की संरचना

## कसमार मवि के शिक्षक को समारोहपूर्वक विदाई दी गई

**संवाददाता । बोकारो**

मध्य विद्यालय कसमार के प्रधानाध्यापक अनिल रजवार गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए. वे कसमार प्रखंड के सभी शिक्षकों की वेतन निकासी करने वाले एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ) भी थे. उनके सेवानिवृत्त होने पर मध्य विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. विद्यालय अनिल रजवार की दस वर्षों की सेवा को याद करते हुए शिक्षकों ने नम आंखों से उन्हें विदायी दी गई. उन्हें उपहार भी भेंट किए गए. प्लस टू हाई स्कूल कसमार के प्राचार्य फारूक अंसारी ने कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं. भले ही विद्यालय के दैनिक कार्यों व सरकारी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं, लेकिन समाज व परिवार में उनकी जिम्मेदारी पहले से ज्यादा बढ़ जाती है. शिक्षक का पद ही ऐसा है कि आजीवन वे शिक्षा देने की जिम्मेवारी निभाते रहते हैं. मौके पर शिक्षक रिजवान अंसारी, दुर्गा प्रजापति, सुनीता मुखर्जी, बीपीओ कमरू जमा, फटीक महतो, विजय कुमार, सुभाष चंद्र ठाकुर, नीलिमा बानसिंग, सीताराम कपरदार, लालमोहन महतो, त्रिभुवन पांडेय, मनोहर कपरदार, सूरज भूषण ठाकुर, तुलसी कपरदार, अब्दुस सलाम, वर्शिद अनवर, अख्तर अंसारी मौजूद थे.



**गिरिडीह**

### हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर झामुमो ने निकाला न्याय मंच

## जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा केंद्र : त्रिभुवन

**संवाददाता । सरिया (गिरिडीह)**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा करने को लेकर सरिया में विरोध व न्याय मार्च निकाला गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल उपस्थित थे.न्याय मार्च की शुरूआत मांदर व डुगडुगी के साथ सरिया क्षेत्र का भर्मण किया. इस दौरान हेमंत सोरेन को न्याय दो, ईडी का दुरपयोग करना बंद करो, मोदी सरकार हाय हाय, मोदी हटाव देश बचाव जैसे नारे लगाये गए.

त्रिभुवन मंडल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से



मोदी सरकार केंद्र में बनी हैं तब से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी हैं, लूट-भरष्टाचार ओर आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं. बेरोजगारी चरम पर हैं. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार चुनावी सभा मे बड़े बड़े दावें किये थें. प्रत्येक साल 10 लाख नोकरी देने की बात की थी, लेकिन नोकरी नहीं मिल सकी. छात्र, नौजवान बेरोजगार हो गए हैं.

मोदी सरकार चुनावी बातों को भूल कर एजेंसियां को गलत इस्तेमाल कर विपक्ष को निशाना बना रही हैं ओर राज्य की सुव्यस्थित स्थिति को उलझाना चाहती हैं. इससे साफ जाहिर होता हैं कि मोदी छात्र-नौजवानों को बेरोजगार करने पर आतुर हैं.

#### भाजपा के घर क्यों नहीं छापा डालती

जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मण्डल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा ईडी जैसी एजेंसियां के खिलाफ आज झामुमो ने विरोध प्रदर्शन किया हैं. इन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई अगर निष्पक्षता होती हैं तो वह भाजपा के घर क्यों नहीं छापा मारती हैं. इससे साफ जाहिर होता हैं कि मोदी की ईडी एजेंसियां विपक्ष को निशाना बना रही हैं.

## ग्लोरियल क्लब को 10 विकेट से हराकर नेताजी क्लब अगले चक्र में

**संवाददाता । साहिबगंज**

जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में गुरुवार को ग्लोरियल क्रिकेट क्लब को हराकर नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू अगले चक्र में पहुंच गया. ग्लोरियल क्रिकेट क्लब में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवर में 75 रन बना कर ऑल आउट हो गई. सौरभ कुमार ने 35 व प्रिंस राज ने 10 रनों की पारी खेली. नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अंकित कुमार ने 5 विकेट लिए. जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी क्रिकेट क्लब ने



3.5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 77 रन बना कर 10 विकेट से जीत हासिल कर ली, अमित कुमार ने नाबाद 34 व आदित्य कुमार मंडल ने नाबाद 31 रन बनाए. नेताजी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यतिथि डॉ. सुमित ने अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. अंपायरिंग मो. अशफाक आलम व राकेश कुमार रोशन ने किया. स्कोरिंग केएस सौरभ कर रहे थे.

## यह कैसी सियासत

अजीब विडंबना है. जोर-शोर से भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी बताने वाले ही लोकतंत्र को एक ऐसे तंत्र में तब्दील करते जा रहे हैं, जहां राजनीति में न तो विचारधारा का महत्व है, न ही संवेधानिकता का. महत्व है तो केवल सत्ता लिप्सा का. ऐसी लिप्सा, जिसके आगे लोकतंत्र के तमाम मूल्य, विचार, सिद्धांत, परंपरा और तमीज बेपर्द कर दिये गये हैं. जबसे राजनीति को खेला बताया जाने लगा है, तबसे वोटरों के चयन और संरक्षण को पूरी तरह धनबल, सत्ताबल और बाहुबल के आगे बेबस कर दिया गया है. दरअसल भारत में जब से कारपारेट घरानों से राजनीति को परोक्ष-प्रत्यक्ष हाइजैक कर लिया है. उसकी मनोनुकूल कानून-सत्ता और पार्टी की चाहत को अंजाम देने की क्षमता बाधारहित अमल में लायी जा रही है. बात नई नहीं है, लेकिन अब बहुत बदरूप ढंग ले चुकी है. अक्सर राज्यसभा चुनावों के दौरान इसका नंगा नाच देखने को मिलता है. इस दौरान की खरीद-फरोख्त को पार्टियों ने अपनी शक्ति और सियासी कौशल के प्रदर्शन का प्रतीक बना लिया है. अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है. मीडिया और विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग भी उससे मोहित होकर उसका गुणगान करने लगता है. चूंकि 'खेला' करने की सियासत से अधिकांश पार्टियों को गुरेज नहीं रह गया है. इसलिए इस हमाम में सभी नंगे नजर आते हैं. मसलन मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के समय हिमाचल प्रदेश. उत्तर प्रदेश और बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने अपने इस 'कौशल' का परिचय दिया. तो कर्नाटक में कांग्रेस इसमें भारी पड़ी. ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है. जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने 'खेला' कर दिखाने का एलान किया था. हालांकि असल वक्त आने पर खुद उनकी पार्टी के साथ 'खेला' हो गया. हिमाचल में क्रास वोटिंग करने वाले छह विधायकों को अयोग्य करार दिया गया है. यह साहसी कदम है. बहरहाल, जब कोई चलन इतना बेपर्द हो चुका हो तो यह जरूरी हो जाता है कि उसे संचालित करने वाली परदे के पीछे की परिघटना को समझने की कोशिश की जाए. तो अगर हम गौर करें तो यह साफ होने में देर नहीं लगती कि जिस 'लोकतंत्र' पर हम गर्व करते हैं. वह धीरे-धीरे धनिकतंत्र या अभिजात्य-तंत्र में तब्दील हो चुका है, जो राजनीतिक पार्टियां हैं. वे असल में देश के छोटे से प्रभु वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करने लगी हैं. इसके साथ ही देश में मजबूत होता व्यक्तिवाद विचारधारा की पराजय का एलान भी है. अगर गौर से देखें तो यह साफ होगा कि इन दलों के बीच होड़ प्रभु वर्ग का भरोसा हासिल करने के लिए लगी हुई है. फिलहाल यह भरोसा पार्टियों की चुनाव जीत सकने की क्षमता के आधार पर मिलता है तो दलों के बीच धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर भावनाएं भड़का कर जीत सकने की क्षमता दिखाने की होड़ लगी है. प्रभु वर्ग इसी क्षमता के अनुपात में पार्टियों को 'राज' का प्रबंधन करने के संसाधन उपलब्ध कराता है. मगर इस क्रम में निष्ठा, आदर्श, राजनीतिक नैतिकता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की बलि चढ़ गई है.

> अक्सर राज्यसभा चुनावों के दौरान इसका नंगा नाच देखने को मिलता है. इस दौरान की खरीद-फरोख्त को पार्टियों ने अपनी शक्ति और सियासी कौशल के प्रदर्शन का प्रतीक बना लिया है. अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है.

### सुभाषित

**यन्नवे भाजने लग्नः,संस्कारो नान्यथा भवेत**
**कथाच्छलेन बालानां नीतिस्तदिह कथ्यते।।**

जिससे कच्ची मिट्टी के घड़े में किये जाने वाले कलात्मक संस्कारों को पकाकर कभी मिटाया नहीं जा सकता, इसीलिए मैं अनेक कथाओं के बहाने मृदु बुद्धि के बच्चों को नैतिकता की बातें सुनाता हूं.

# किसान, गांव और ग़रीब पर केंद्रित बजट

**प्रस्तुत बजट के अनुसार झारखंड के छः बड़े शहरों में पलाशा मार्ट निर्माण का प्रस्ताव किया गया है. राज्य सरकार 2500 आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण करेगी . पेंशन मद में 1 हजार 447 करोड़ 17 लाख का प्रावधान किया गया है. 1 हजार 500 रुपए के मातृ कीट को 6 लाख लाभकारियों के बीच वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है . इस कीट में मच्छरदानी, जच्चा एवं बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी, मग पर 90 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.**



• देश-काल



विजय केसरी

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने 27 फरवरी को विधानसभा के पटल पर वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया. यह बजट गांव, गरीब, किसान और रोजगार सृजन पर केन्द्रित है, लेकिन बजट शहरों को अछूता नहीं छोड़ा है, बल्कि कई शहरों के विकास के लिए एक अच्छी खासी राशि बजट में प्रस्तावित की गई है. यह उनका वित्त मंत्री के रूप में पांचवां बजट रहा. जबकि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का यह पहला बजट रहा. इस बजट के उपरांत जब यह सरकार दोबारा चुनकर आएगी, तभी 2025-26 का बजट प्रस्तुत कर पाएगी. अर्थात मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव दोनों का अपने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट कहा जा सकता है. बजट के प्रावधानों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि यह बजट प्रांत के सभी वर्गों के लोगों को राहत देने वाला है. यह बजट किसानों, गरीबों, मध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों को राहत पहुंचाने वाला बजट है. साथ ही विशेष कर किसानों को इस बजट में बहुत राहत दी गई है. पहले किसानों के 50,000 रूपए तक ही ऋण माफी की गई थी. अब उसकी माफी की सीमा 2 लाख रुपए तक बढ़ा दी गई है. कर्ज का बोझ ढो रहे ऐसे किसानों को बजट के इस प्रावधान से तहुत राहत मिलने वाली है.

बजट के प्रावधानों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि झारखंड सरकार ने बजट बनाते समय आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रख कर ही इस बजट को अंतिम रूप दिया है. बजट के प्रावधान जिस रूप में प्रस्तुत हुए हैं, उस आधार पर विकास दर लगभग 8 प्रतिशत रहने की संभावना है. अगर इस प्रांत का विकास वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत रह जाता है, तब यह इस प्रांत के लिए बड़ी बात होगी. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जल, जंगल और जमीन की बात करते हैं. प्रस्तुत बजट जल, जंगल और जमीन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इन तीनों क्षेत्रों के विकास के लिए प्रांत के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन कृत संकल्पित हैं, ऐसा माना जा रहा है. उनके पास झारखंड में विकास के लिए मात्र 10 से 11 महीने शेष हैं. वे इतने ही समय में सारी योजनाओं को जमीन पर उतारना चाहते हैं . इस बात की झलक बजट में मिलती है. बजट में प्रस्तावित राशि को इतने कम समय में वे कितना खर्च कर पाते हैं ? यह उनकी कार्यशैली पर भी निर्भर करता है.

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वर्ष 2024-25 के लिए 1,28,900 रुपयों का कुल बजट सदन में प्रस्तुत किया. राज्य सरकार को कर राजस्व से 34 हजार 200 करोड़ , गैर कर राजस्व से 19 हजार 301 करोड़, केंद्रीय सहायता से 16 हजार 961 करोड़, केंद्रीय करों में राज की हिस्सेदारी 40 हजार 338 करोड़, लोक ऋण से 18 हजार करोड़, उधार एवं अग्रिम वसूली से 100 करोड़ प्राप्त होंगे. झारखंड सरकार ने बजट की अधिकतम राशि स्वयं ही उपार्जित करने का भी संकल्प लिया है. यह राज्य सरकार के लिए एक अच्छी खबर भी है कि वह खुद को अपने पैरों पर खड़ा करना चाहती है. झारखंड सरकार के माथे पर लदे कर्ज के बोझ को कितना कम कर पाती है, इस पर सरकार की कोई घोषणा नहीं हुई है. इससे प्रतीत होता है कि आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं में ज्यादा जोर दिया गया है, लेकिन आने वाली नई सरकार को इस कर्ज के बोझ को कम करने के लिए बजट में कुछ विशेष उपाय करने की जरूरत है. अन्यथा विकास का पैसा ब्याज में ही खर्च होता चला जाएगा.

प्रस्तुत बजट के अनुसार झारखंड के छः बड़े शहरों में पलाशा मार्ट निर्माण का प्रस्ताव किया गया है. राज्य सरकार 2500 आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण करेगी . पेंशन मद में 1 हजार 447 करोड़ 17 लाख का प्रावधान किया गया है. 1 हजार 500 रुपए के मातृ कीट को 6 लाख लाभकारियों के बीच वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है . इस कीट में मच्छरदानी, जच्चा एवं बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी, मग पर 90 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. यह पहली बार हुआ है कि आंगनबाड़ी भवन केंद्रों का इतनी संख्या में निर्माण किया जाना है और इसे एक वर्ष के अंदर ही पूरा करना है. बजट ने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों को खुशहाल बनाने अथवा मुख्य धारा में लाने के लिए कई अन्य उपायों की भी घोषणा की है. जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के लिए यह बड़ी राहत देने वाली बात साबित होगी. गर्भवती महिलाओं के प्रसव बाद जच्चा और बच्चा के ऊपर होने वाले खर्च सरकार खुद पर ले रही हैं . इससे गरीबी रेखा से नीचे रह रही मातृशक्ति को एक बड़ी राहत मिलेगी. अबुआ आवास के लिए बजट में 4821 करोड़ का प्रावधान किया गया है. पीएम फसल बीमा के लिए 50 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है. राज्य में चार डिग्री और चार महिला कॉलेज खोले जाएंगे. यह घोषणा यहां के छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि के समान है. इस साल कृषि विभाग के पास कुल बजट 4606 करोड़ रुपए का है. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत झारखंड प्रांत में बीते नौ वर्षों के दौरान काफ़ी संख्या में मकान बने हैं. इसके बावजूद झारखंड में गरीबी रेखा की नीचे जीवन बसर कर रहे लोगों के पास छत की बहुत कमी है. आज भी इस प्रांत के करोड़ों लोग मिट्टी और खपरैल के मकान में जीवन गुजारने को मजबूर हैं. वहीं बरसात के दिनों में इन सबों का जीवन और भी कष्ट कारक बन जाता है. ऐसे में अबुआ आवास के लिए बजट में 4831 करोड़ रुपया का प्रावधान किया जाना निश्चित रूप से गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अस्थिर आस्था के लुटेरे

एक विशाल नगर में हजारों भीख मांगने वाले थे. अभावों में भीख मांगकर आजिविका चलाना उनका पेशा था. उनमें कुछ अन्धे भी थे. उस नगर में एक ठग आया और भीखमंगों में सम्मलित हो गया. दो तीन दिन में ही उसने जान लिया कि उन भिखारियों में अंधे भिखारी अधिक समृद्ध थे. अन्धे होने के कारण दयालु लोग उन्हें कुछ विशेष ही दान देते थे. उनका धन देखकर ठग ललचाया. वह अंधों के पास पहुंच कर कहने लगा-"सूरदास महाराज! धन्य भाग जो आप मुझे मिल गये. मैं आप जैसे महात्मा की खोज में था! गुरुवर, आप तो साक्षात भगवान हो. मैं आपकी सेवा करना चाहता हूं! लीजिए भोजन ग्रहण कीजिए, मेरे सर पर कृपा का हाथ रखिए और मुझे आशीर्वाद दीजिये." अन्धे को तो जैसे बिन मांगी मुराद मिल गई. वह प्रसन्न हुआ और भक्त पर आशीर्वाद की झड़ी लगा दी. अंधे सभी साथ रहते थे. वैसे भी उन्हें आंखों वाले भीखमंगों पर भरोसा नहीं था. थोडे ही दिनों में ठग ने अंधों का विश्वास जीत लिया. अनुकूल समय देखकर उस भक्त ने, अंध सभा को कहा-" महात्माओं मुझे आप सभी को तीर्थ-यात्रा करवाने की मनोकामना है. आपकी यह सेवा कर संतुष्ट होना चाहता हूं. मेरा जन्म सफल हो जाएगा. सभी अंधों ने अपना अपना संचित धन साथ लिया और चल पडे. भक्त बोला- "महात्माओं, आगे भयंकर अट्वी है, जहां चोर डाकुओं का उपद्रव रहता है. आप अपने अपने धन को सम्हालें". अंध-समूह घबराया! हम तो अंधे है अपना अपना धन कैसे सुरक्षित रखें? अंधों ने उस भक्त को धन रखने का निवेदन किया. कहकर सभी ने नोटों के बंडल भक्त को थमा दिये. ठग ने इस गुरुवर्ग को आपस में ही लडा मारने की युक्ति सोच रखी थी. उसने सभी अंधों की झोलियों में पत्थर रखवा दिये और कहा – "आप लोग मौन होकर चुपचाप चलते रहना. कोई मीठी मीठी बातें करे तो उस पर विश्वास न करना और ये पत्थर मार-मार कर भगा देना.". इस प्रकार सभी का धन लेकर ठग चलते बना. उधर से गुजर रहे एक राहगीर सज्जन ने, इस अंध-समूह को इधर उधर भटकते देख पूछा –"सूरदास जी आप लोग सीधे मार्ग न चल कर, उन्मार्ग - अटवी में क्यों भटक रहे हो"? बस इतना सुनते ही सज्जन पर पत्थर-वर्षा होने लगी. पत्थर के भी कहां आंखे होती हैं, एक दूसरे अंधो पर भी पत्थर बरसने लगे. अंधे आपस में ही लडकर समाप्त हो गये. अस्थिर आस्थाओं की ठग़ी ने आज जोर पकड़ा हुआ है. निष्ठा पर ढुल-मुल नहीं सुदृढ बनें.

## म्यांमार के हालात पर वैश्विक चुप्पी क्यों?

• देशांतर

सलीम समद

अगर कोई म्यांमार के सरकारी दैनिक समाचार पत्र, ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार, समाचार कवर करने वाला सबसे पुराना अंग्रेजी दैनिक, राज्य म्यांमार रेडियो और टेलीविजन (एमआरटीवी) को देखता या पढ़ता है, तो उसे म्यांमार सरकार के सामने आने वाले संकट का अंदाजा नहीं होगा. म्यांमार के विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदर असंतुष्टों, पत्रकारों और मीडिया कार्यकर्ताओं से आने वाली खबरें बिल्कुल विपरीत खबरें होती हैं, जो राजधानी नेपीडॉ में सैन्य जुंटा के लिए आरामदायक नहीं है. विद्रोही अराकान सेना (एए) के हमले के बाद उत्तरी राखीन राज्य से सरकारी सैनिकों को वापस बुलाने पर विद्रोही उत्साहित हैं. एए ब्रदरहुड एलायंस में तीन जातीय सेनाओं में से एक है, जिसने म्यांमार के सैन्य तानाशाह के खिलाफ ऑपरेशन 1027 शुरू किया, जिसने फरवरी 2021 में नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को हटा दिया, जिससे दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र खूनी उथल-पुथल में, लोकतंत्र के साथ 10 साल का प्रयोग समाप्त हो गया और वह गिर गई. तख्तापलट विरोधी प्रदर्शनों पर सैन्य सरकार की कार्रवाई के जवाब में राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा सशस्त्र विद्रोह पूरे म्यांमार में भड़क उठे हैं. 7 फरवरी, 2024 तक, बच्चों सहित कम से कम 6,337 नागरिक जुंटा बलों द्वारा मारे गए हैं और 21,000 गिरफ्तार किए गए हैं. इस बीच, सोशल मीडिया और कई अन्य वेबसाइटों पर विद्रोहियों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए, जिससे संकेत मिलता है कि उन्होंने रखाइन राज्य के छह शहरों-पौक्ताव, क्याउक्ताव, मिनब्या, मरौक-यू, ताउंगप्योलेटवे और मायबोन- और चिन राज्य में एक शहर पर कब्जा कर लिया है. बांग्लादेश सीमा रक्षकों (बीजीबी) और तटरक्षकों की गहन गश्त और सतर्कता ने उन्हें नदी पार करने से हतोत्साहित किया है, जो म्यांमार के साथ बांग्लादेश की सीमा बनाती है. कॉक्स बाजार के उखिया और बंदरबन के घुमधुम में कई स्रोतों ने संकेत दिया है कि कुछ रोहिंग्या, पहाड़ी जंगलों के माध्यम से खतरनाक यात्रा करने के बाद, शिविरों में चले गए हैं. अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों के साथ काम करने वाले अधिकारियों ने कुछ अवैध प्रवासन की घटनाओं की पुष्टि की है और ज्यादातर लोगों को रिश्तेदारों ने शिविरों में आश्रय दिया है. शरणार्थी नेता और शिविर नेता सीमा पार राखीन राज्य में स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं. वे बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं के संपर्क में हैं, जो अत्यधिक कठिनाइयों में रह रहे हैं. होम बॉस और बीजीबी के प्रमुख ने दोहराया है कि वे किसी भी परिस्थिति में एक भी रोहिंग्या को बांग्लादेशी क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देंगे. संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत टॉम एंड्रयूज ने बुधवार को जिनेवा में कहा कि दुनिया के दूसरे छोर पर, म्यांमार के सत्तारूढ़ सैन्य शासन ने नागरिक हमलों को 'दोगुना' कर दिया है, जबकि सैन्य सेवा लागू करके 'तेजी से हताश'होने के संकेत दे रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र के टॉम एंड्रयूज ने एक बयान में कहा, ''घायल और तेजी से हताश होने के बावजूद, म्यांमार सैन्य शासन बेहद खतरनाक बना हुआ है.'' इस महीने की शुरुआत में, भर्ती कानून में, जुंटा जबरन भर्ती के अपने पैटर्न को उचित ठहराने और उसका विस्तार करने की कोशिश कर रहा था. निर्वाचित नागरिक सरकार से सत्ता छीनने के तीन साल बाद जुंटा को अपने शासन में व्यापक सशस्त्र विरोध का सामना करना पड़ा और हाल ही में जातीय अल्पसंख्यक समूहों के सशस्त्र गठबंधन को आश्चर्यजनक नुकसान का सामना करना पड़ा है. पिछले साल नवंबर के मध्य में एए द्वारा म्यांमार के जुंटा के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू करने के बाद से उत्तरी और दक्षिणी राखीन राज्य में लड़ाई जारी है. एए ने दक्षिणी चिन राज्य में मरौक-यू, मिनब्या, क्याउक्टाव और पॉक्टाव कस्बों और पलेतवा के साथ-साथ कई जुंटा अड्डों और सीमा चौकियों को जब्त कर लिया है. केवल सितवे पर एए का कब्जा बाकी है. एए ने राज्य की राजधानी सितवे में सरकार के क्षेत्रीय संचालन कमान से आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया है. सितवे रखाइन में जुंटा की प्रशासनिक सीट है. जुंटा बल सितवे में व्यवस्थित रूप से अपनी रक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं. उन्होंने एए की प्रगति में बाधा डालने के लिए सड़कों की पहुंच बाधित कर दी है और कई पुलों को भी नष्ट कर दिया है. सड़क पर लड़ाई के दौरान अपनी जान के डर से नागरिक प्रशासनिक अधिकारियों और निवासियों ने सितवे छोड़ दिया है.

> बांग्लादेश सीमा रक्षकों (बीजीबी) और तटरक्षकों की गहन गश्त और सतर्कता ने उन्हें नदी पार करने से हतोत्साहित किया है, जो म्यांमार के साथ बांग्लादेश की सीमा बनाती है. कॉक्स बाजार के उखिया और बंदरबन के घुमधुम में कई स्रोतों ने संकेत दिया है कि कुछ रोहिंग्या, पहाड़ी जंगलों के माध्यम से खतरनाक यात्रा करने के बाद, शिविरों में चले गए हैं.

## अनाज से गायब हुए पोषक तत्व से नुकसान

• कृषि

पुष्परंजन

जैसा आप खाते हैं, वैसा ही आप बनते हैं, या यूं कहें, जो उगाते हैं, वही खाते हैं. कल्पना कीजिए, पूरी आबादी ऐसी चीज खा रही हो, जिसमें कम पोषण हो, जिसमें विटामिन और वे जरूरी तत्व नहीं हों जो विकास, बीमारियों से बचाने और स्वस्थ रहने के लिए जरूरी हैं. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करने वाले भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मृदा वैज्ञानिक सोवन देबनाथ के शब्दों में कहें तो, यही हमारा भविष्य है जिसकी तरफ हम बढ़ रहे हैं. नवंबर 2023 में, देबनाथ के साथ-साथ आईसीएआर, पश्चिम बंगाल के बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय और तेलंगाना के राष्ट्रीय पोषण संस्थान के 11 दूसरे वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण शोध प्रकाशित किया. इसमें बताया गया कि हरित क्रांति ने भारत को खाद्य सुरक्षा हासिल करने में तो मदद की, लेकिन पोषण सुरक्षा कमजोर कर दी. यह पहला शोध है, जो बताता है कि ज्यादा उपज देने वाली फसलें बनाने के लिए किए गए प्रयासों ने चावल और गेहूं के पोषण मूल्यों को कम कर दिया है. ये दोनों भारत के मुख्य अनाज हैं. पौधों की आनुवांशिकी बनावट में इतना बदलाव किया गया है कि अब वे मिट्टी से अनाज तक पोषण पहुंचाने का अपना मुख्य काम नहीं कर पाते हैं. 2018 से 2020 के बीच, वैज्ञानिकों ने 1967 में हरित क्रांति के बाद के दशकों में जारी की गई "उत्कृष्ट" ऊंची पैदावार वाली चावल और गेहूं की किस्मों को उगाया. किस्में ऐसे पौधे हैं, जिन्हें खास तरह से विकसित किया जाता है. चावल के लिए 16 और गेहूं के लिए 18 किस्मों को चुना गया. देबनाथ कहते हैं, "1960 के दशक से लेकर अब तक चावल और गेहूं की लगभग 1,500 किस्में जारी की गई हैं. इनमें से उत्कृष्ट किस्मों को देश के विभिन्न संस्थानों के ब्रीडरों के साथ चर्चा के बाद चुना गया. ये किस्में लोकप्रिय थीं और इसलिए पूरे देश में एक या दो दशक तक बड़े पैमाने पर उगाई गईं. चावल के लिए हमने 2000 के दशक और गेहूं के लिए 2010 के दशक तक ही अध्ययन किया, क्योंकि उसके बाद के दशक में ऐसी कोई किस्म नहीं मिली, जिसे उत्कृष्ट कहा जा सके." इन किस्मों के बीज को जीन बैंकों से लिया गया था. फसल के अनाजों के पोषण स्तर के मूल्यांकन से पता चला कि चावल और गेहूं, जो भारत में लोगों की दैनिक ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत से अधिक पूरा करते हैं, पिछले 50 वर्षों में अपना 45 प्रतिशत तक पोषण मूल्य खो चुके हैं.

> पिछले 50 सालों में चावल में जिंक और आयरन जैसे जरूरी तत्वों की मात्रा 33 प्रतिशत और 27 प्रतिशत कम हो गई है, जबकि गेहूं में यह क्रमशः 30 प्रतिशत और 19 प्रतिशत घटी है. इसके उलट, चावल में जहरीले तत्व आर्सेनिक की मात्रा 1,493 प्रतिशत बढ़ गई है. दूसरे शब्दों में, हमारा मुख्य भोजन न सिर्फ कम पौष्टिक हुआ है, बल्कि सेहत के लिए हानिकारक भी हो रहा है.

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इसी रफ्तार से 2040 तक ये अनाज मानव उपभोग के लिए पर्याप्त पोषण देने में असमर्थ हो जाएंगे. और ज्यादा चिंता की बात यह है कि पोषण कम होने के साथ-साथ अनाज में जहरीले तत्वों की मात्रा भी बढ़ गई है. पिछले 50 सालों में चावल में जिंक और आयरन जैसे जरूरी तत्वों की मात्रा 33 प्रतिशत और 27 प्रतिशत कम हो गई है, जबकि गेहूं में यह क्रमशः 30 प्रतिशत और 19 प्रतिशत घटी है. इसके उलट, चावल में जहरीले तत्व आर्सेनिक की मात्रा 1,493 प्रतिशत बढ़ गई है. दूसरे शब्दों में, हमारा मुख्य भोजन न सिर्फ कम पौष्टिक हुआ है, बल्कि सेहत के लिए हानिकारक भी हो रहा है. वैज्ञानिकों ने चावल और गेहूं के पोषण मूल्यों में इस "ऐतिहासिक बदलाव" का स्वास्थ्य पर पड़े असर का भी आकलन किया है. वे चेताते हैं कि कम पोषण वाले अनाज देश में गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) के बढ़ते बोझ और भी बदतर कर सकते हैं. साइंस जर्नल नेचर में प्रकाशित वैज्ञानिकों की रिपोर्ट कहती है कि इन जरूरी तत्वों की कमी से हड्डी, जोड़ों, मांसपेशियों के साथ-साथ तंत्रिका तंत्र और प्रजनन संबंधी बीमारियां बढ़ सकती हैं. यही नहीं, आर्सेनिक और क्रोमियम जैसे जहरीले तत्व फेफड़ों के कैंसर, दमा, हृदय रोग और हड्डियों की कमजोरी का कारण बन सकते हैं. वैज्ञानिक यह भी बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में पौष्टिकता से भरपूर ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाजों का सेवन कम हो गया है. अनुमानों के मुताबिक, दुनिया के उन 2 अरब लोगों में से एक तिहाई भारत में रहते हैं, जो सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से ग्रस्त हैं. हालांकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में 2015-16 और 2019-21 के बीच बच्चों के बौनेपन (सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का एक संकेतक) में गिरावट दिखाई गई है, लेकिन 5 साल से कम उम्र के बच्चों में यह दर अभी भी 35 प्रतिशत पर काफी अधिक है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## चौंकाता घरेलू उपभोग सर्वेक्षण

**हाल** ही में सामने आए भारतीयों के घरेलू उपभोग सर्वेक्षण के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं. जिससे पता चलता है कि आज के भारत में लोगों द्वारा खाद्यान्न की तुलना में दूध. फल और सब्जियों पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है. वहीं ग्रामीण व शहरी परिवारों में अंडे. मछली और मांस पर भी खर्च बढ़ा है. इसको लोगों की आय में वृद्धि के बाद खानपान की आदतों में आए बदलाव के रूप में देखा जा रहा है. अब ये देखना दिलचस्प है कि वे किस प्रकार के खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च कर रहे हैं. यहां विश्लेषण भी जरूरी है कि यह परिवर्तन लोगों की खानपान की रुचियों में आए बदलाव का प्रतीक है या फिर ये आदतें बाजार की शक्तियों के प्रभाव में बदली हैं. दरअसल. हालिया किसान आंदोलन में किसानों की बड़ी मांग खाद्यान्नों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने की रही है, लेकिन बाजार में विस्तार डेयरी, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सब्जियों के उत्पादन को मिल रहा है, जो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में नहीं आते. दरअसल वर्ष 2022-23 के सामने आए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस में भारतीयों के खाद्य बजट में खाद्यान्नों के खर्च में गिरावट की ओर इशारा किया है, जिसमें गेहूं, चावल और चीनी पर होने वाले खर्च में कमी देखी गई है. यही रुझान कुछ बदलावों के साथ ग्रामीण उपभोक्ताओं की खानपान की आदतों में आ रहे बदलाव के रूप में भी सामने आता है. इस प्रवृत्ति को एक जर्मन विशेषज्ञ के सिद्धांत के रूप में भी दर्शाया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि आय बढ़ने के साथ लोगों का खाद्यान्नों पर खर्चा कम होता है और फल, सब्जी, डेयरी उत्पादों को तरजीह दी जाती है. असल में लोगों के व्यवहार में यह बदलाव कैलोरी प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थों से लेकर प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों के उपभोग के नजरिये से भी हो रहा है. दरअसल, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा किये गए नवीनतम घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकडों से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में खाद्यान्न की हिस्सेदारी 2022-23 में घटकर 46 फीसदी के करीब हो गई है जो वर्ष दो हजार में साठ फीसदी के करीब थी. यूं तो शहरी इलाकों में भी खाद्यान्न पर होने वाले खर्च में गिरावट आई मगर वह ग्रामीण भारत की तुलना में कम है, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खाद्यान्न उपभोग में अनाज और दालें कम हो गई हैं. (द ट्रिब्यून)



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


## हुए/हुये/हुई/हुयी

**रोते** हुए आते हैं सब, हंसता हुआ जो जाएगा. वो मोकद्दर का सिकंदर जानेमन कहलाएगा. इस गीत के मुखड़े पहले दो शब्दों पर गौर करें-रोते हुए. हिंदी भाषा में ऐसे लेखकों की कमी नहीं है, जो हुए को हुये लिखते हैं. इसी प्रकार वे जब हुए का स्त्रीलिंग रूप लिखते हैं तो हुई के बजाय हुयी लिख कर मस्त रहते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि हुये या हुयी शब्द किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है. यह भी सही है कि वैसे लेखकों में बहुत सारे ऐसे भी हैं, जो अज्ञानतावश ऐसा लिखा करते हैं, लेकिन वे भी भ्रम के शिकार हैं, जो अपनी गलती को गलती मानते ही नहीं. उल्टे समझानेवाले को ही समझा देते हैं-आप अपना ज्ञान अपने पास रखिए. इस प्रकार के भ्रम का कारण यह है कि हिंदी लिखनेवालों के सामने ये और ए को लेकर समस्या रही है कि दोनों में किसे अपनायें. गया का बहुवचन रूप लिखना है तो गये लिखें या गए, स्त्रीलिंग रूप लिखना है तो गयी लिखें या गई. नया का बहुवचन नये लिखें या नए, स्त्रीलिंग रूप लिखना है तो नयी लिखें या नई. तो हिंदी के सरलीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई. सबको ए या ई कर दिया गया. ये, ए, यी और ई का झंझट समाप्त. कम से कम अस्सी प्रतिशत हिंदी लेखक अब ऐसा ही लिखने लगे-जो लोग आए थे, वे चले गए. हालांकि इससे पूर्व तो इसका बहुत ही सरल नियम था कि जिस शब्द का अंतिम अक्षर य हो तो उसका बहुवचन रूप ये और स्त्रीलिंग रूप यी हो जाएगा. जैसे नया का बहुवचन रूप नये और स्त्रीलिंग रूप नयी हो जाएगा. उसी प्रकार आया का बहुवचन रूप आये तथा स्त्रीलिंग रूप आयी हो जाएगा. इसी प्रकार जिस शब्द का अंतिम अक्षर आ हो तो उसका बहुवचन रूप ए तथा स्त्रीलिंग रूप ई हो जाएगा. जैसे हुआ का बहुवचन हुए और स्त्रीलिंग रूप हुई होगा.

## एक कवि ने पत्नी को लिखा प्रेमपत्र

• तीर-तुक्का

राजीव राणा



प्रिय कविता, प्यार भरी शायरी, जब से तुम मेरे साहित्य रूपी दिल में प्रवेश करके अपने मायके गई हो तब से, मैं तुम्हारी जुदाई का ग़म कागज़ पर लिख-लिखकर घर में कागज़ के पहाड़ बना रहा हूँ, मैं जानता हूँ कि तुम मेरी ग़ज़ल का मिसरा बनकर किसी अन्य शायर के दिल (मायके) में इस समय रह रही हो, लेकिन मेरे दिल से पूछो कि मेरी हर ग़ज़ल तुम्हारी याद में बिना 'काफिये के तड़प रही है और एक तुम हो कि अभी आने का नाम ही नहीं ले रही हो. मैं जानता हूं कि तुम विलंब से किसी संपादक की खेद सहित रचना की तरह ही आओगी, लेकिन तुम मेरे दिल की धड़कन को उपन्यास के पन्नों की तरह क्यों बढ़ा रही हो ? हे मेरी शायरी की सुन्दर सी ग़ज़ल तुम शीघ्र ही वापस आ जाओ. मैं तुम्हें किसी संपादक की तरह बार-बार पत्र डालकर थक गया हूं. कभी तो तुम मेरी रचना की स्वीकृति भेज दिया करो, ताकि मुझे थोड़ी सी तसल्ली हो जाया करे. ओ, मेरी प्यारी पत्रिका रूपी प्रिया, मुझे तुम्हारा पेन की तरह कद, कहानी की तरह बोलना और अक्षर की तरह सलोना रूप बहुत याद आ रहा है. मैं जानता हूं कि तुम मायके में खा-खाकर ग़ज़ल से कोई मोटा उपन्यास बनकर ही मेरी नयी विधा के रूप में वापस आओगी, इसलिए तुम मेरी ग़ज़ल ही बनी रहो और हो सके तो अपना वज़न कम करके मेरी लघु कविता या क्षणिका ही बन जाओ तो मुझे बहुत खुशी होगी. हे मेरे साहित्य की जननी, मुझे विश्वास है कि तुम मेरे पत्र को संपादक की नज़र से न देखकर अपने प्यारे पति के रूप में ही देखोगी और ठीक उसी तरह वापिस आ जाओगी जैसे संपादक मेरी रचना को शीघ्र ही वापिस लौटा देते हैं. मुझे उम्मीद हैं कि तुम मेरी पत्र रूपी रचना को अपने दिल रूपी पुस्तक में अवश्य ही प्रकाशित करोगी. हे मेरे काव्य की अनमोल कृति प्रिया, तुम शीघ्र ही वापिस आ जाओ. जाने कब तुम्हारे पिता रूपी प्रकाशक मेरी इस ग़ज़ल को अपने पास रखेंगे. वहां तुम्हारे मायके में तुम्हारी मां और सहेलियां न जाने क्या-क्या सिखा कर अपनी समीक्षा रूपी सलाह देकर तुम्हें कब ससुराल भेजेगी. तुम उनकी आलोचना पर ध्यान न देकर सीधे मेरे पास चली आओ. मैंने तुम्हारी याद में 108 नयी रचनाएं लिखी हैं, यदि तुम शीघ्र नहीं आयी तो मैं प्रत्येक रचना को 108 बार सुनाऊंगा, फिर मत कहना कि हमें पहले से बताया ही नहीं था. इसलिए भलाई इसी में है कि तुम यहां पर मेरे पास रह कर ही रोज़ एक-एक रचना ही सुनो. आगे तुम्हारी मर्जी. कोई गलती हो गयी हो तो सौरी, तेरे प्यार में पागल राणा लिधौरी.

# धर्म अध्यात्म

**भारतीय संस्कृति में संयम को अत्यधिक महत्व दिया गया है. सामान्यत: संयम को ऋषि-मुनियों की साधना और तपस्या से जोड़ा जाता है. ऋषि-मुनियों की साधना और तपस्या को संयम का उत्कर्ष कहा जा सकता है.**


मोहन मंगलम

*संयम संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'निग्रह' या 'नियंत्रण' यानी अपनी इच्छाओं, भावनाओं और इंद्रियों को संयत रूप से नियंत्रित करना, ताकि हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकें. मानव जीवन में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है. महर्षि पतंजलि कहते हैं, ध्यान, धारणा और समाधि के एकीकरण से संयम की अवस्था निर्मित होती है. उन्होंने संयम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि इससे प्रज्ञा रूपी आलोक का उद्भव होता है. संस्कृत साहित्य में मन के लिए कहा गया है - "मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः." मन बंधन का कारण भी बनता है और मोक्ष का कारण भी बनता है. जो मन विषयों में आसक्त रहता है, वह बंधन की ओर ले जाता है और जो मन विषयासक्ति से मुक्त रहता है, वह मुक्ति की ओर ले जाने वाला होता है. आसक्ति से असंयम का पोषण होता है तो अनासक्ति से संयम की साधना होती है. एक साधक के सामने संयम ही मुख्य तत्व होता है. उसका खाना भी संयम युक्त हो, उसका चलना भी संयम युक्त हो, उसका बोलना, देखना आदि हर क्रियाकलाप संयम युक्त हो.*

# संयम

## एकै साधे सब सधे



### संयम से मिलेगा लक्ष्य

संयम शब्द सुनते ही यह भय सताने लगता है कि जैसे हमारा कुछ छिन जाएगा, हमें कुछ छोड़ना पड़ेगा, हमारे जीवन में कुछ कमी हो जाएगी, हमारे जीवन में कोई रस ही नहीं रह जाएगा, लाइफ बोरिंग हो जाएगी. ऐसे में संयम शब्द को ब्लैक लिस्टेड शब्दों में शामिल कर दिया जाता है, जबकि वास्तविकता में संयम का अभाव ही व्यक्तिगत जीवन से लेकर पारिवारिक और सामाजिक जीवन में संघर्ष और क्लेश पैदा कर रहा है. संयमहीनता की वजह से ही देश और दुनिया में भयंकर युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. एक बात और, जब हम संयमित जीवन की बात करते हैं तो इसके अभिप्राय को प्राय: इंद्रियों के संयम तक सीमित कर देते हैं, लेकिन व्यापक संदर्भ में देखा जाए तो इसमें विचार संयम, समय संयम, स्वाद संयम, वाक् संयम, पठन संयम, दर्शन संयम, श्रवण संयम, स्पर्शन संयम, मनन संयम, परिग्रह संयम भी इसके दायरे में आते हैं और इन्हें साधकर ही व्यक्ति अपने परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है. मानव जीवन अति दुर्लभ है और परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकम्पा से इसे प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है. इस सौभाग्य को संयम से ही बरकरार रखा जा सकता है. गांधीजी ने कसौटी दी कि अधिक से अधिक कर्मशील व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा संयमी होगा. इसीलिए गांधीजी संयम को जीवन का स्वर्णिम सूत्र मानते हैं और कहते हैं कि संयमशील व्यक्ति का जीवन सदा सुखी रहता है.

### अध्यात्म की पहली और अंतिम सीढ़ी

संयम अध्यात्म की पहली और अंतिम सीढ़ी है. अब प्रश्न उठता है कि जब संयम की इतनी अधिक महिमा है तो यह हमारे जीवन में क्यों नहीं आ पाता है? दरअसल आत्मनियंत्रण और विवेक के अभाव में ही व्यक्ति कमजोर पड़ जाता है और संयम के पथ से भटक जाता है. कर्मठ, दृढ़ संकल्प वाला और विवेकशील व्यक्ति कभी असंयमी नहीं बनता. तभी तो इस संसार में जहां कहीं भी महान कार्यों को संपादित करने वाले लोग हुए हैं, उन्होंने संयम के पथ पर चलकर ही उपलब्धियां हासिल की हैं. असंयमित और विवेक रहित जीवन ही मनुष्य के पतन का प्रधान और एकमात्र कारण है. जहां संयम होता है, वहां जीवन आनंद और सुख के संगीत से भर जाता है. साधना के पथ पर अग्रसर साधक के लिए संयम से ज्यादा सहायक और कुछ भी नहीं हो सकता. संयम की महिमा ऐसी है कि साधना के पथ पर वह निमित्त और उपादान दोनों ही बन जाता है. संयम के उद्देश्य से ही मनोयोग, वचनयोग और काययोग की प्रवृत्ति होती है.

### ऐसे सधेगा संयम

संयम को साधने के लिए मन और इंद्रियों को वश में करना होगा. हालांकि इन्हें वश में करना तो अत्यंत दुरूह कार्य है. महात्मा गांधी के गुरु श्रीमद् राजचंद्र ने इसके लिए ज्ञान रूपी लगाम और पवित्र गार्हस्थ्य के अभ्यास का साधन बताया है. हमें मन से प्रेरित नहीं होना चाहिए, बल्कि उल्टे मन को ही प्रेरित करना चाहिए. मन को मोक्ष-मार्ग के चिंतन में लगाना चाहिए. श्रीमद् कहते हैं, कोई व्यक्ति स्वयं ही विशेष सदाचार और संयम में प्रवृत्ति करता हो तो उसके संपर्क में आने वालों को भी उस पद्धति के अवलोकन से सदाचार और संयम का जैसा लाभ होता है, वैसा लाभ प्राय: विस्तृत उपदेश से भी नहीं होता.

### समस्याओं का समाधान

हमारे भीतर एक संघर्ष चलता है. भिन्न-भिन्न वृत्तियों के संस्कार उभरते रहते हैं. कभी मन में गुस्सा आ जाता है तो कभी अहंकार का भाव देखने को मिलता है. कभी लोभ का भाव तो कभी कामोत्तेजना का भाव उभर जाता है. उन भावों को परास्त करने का उपाय भी हमारे पास होना चाहिए. अन्यथा वे भाव हमें परास्त कर सकते हैं. और उन भावों को परास्त करने का एकमात्र उपाय है संयम. संयम एक ऐसा तत्व है जो आन्तरिक समस्याओं का समाधान है तो बाह्य समस्याओं का भी समाधान है. संयम, एक शक्ति है जो हमें अपनी इच्छाओं, विचारों और क्रियाओं पर नियंत्रण बनाए रखने में मदद करती है. यह एक महत्वपूर्ण गुण है जो हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता और शांति की प्राप्ति में मदद करता है. संयम का पालन करने से हमारा जीवन समृद्धि और सुख से परिपूर्ण बन सकता है.

हम अपने दैनंदिन क्रिया-कलापों को यदि बारीकी से स्कैन करें तो संयम में हमें हर समस्या का समाधान नजर आने लगेगा और हर समस्या की जड़ में किसी न किसी रूप में असंयम छुपा मिलेगा. सामान्यजन भी संयम को साध सकता है. हमें ही यह निर्धारण करना होगा कि संयम और असंयम के बीच हम कैसे और कितना संतुलन साध सकते हैं. संयम के प्रभाव को अपना स्वभाव बना लेने की क्षमता हमें अपने भीतर कैसे विकसित करनी है, यह हमारे स्वयं पर ही निर्भर है. न्यूरल फ्लैक्सिबिलिटी का सिद्धांत बताता है कि नियमित अभ्यास से हम अपनी आदतों को, अपने स्वभाव को बदल सकते हैं. हमारी आदतों में संयम का समावेश जीवन की बड़ी जंग को जीतने में सहायक हो सकता है.

**कवि रहीम का प्रसिद्ध दोहा है -**

एकै साधे सब सधे, सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय।

इस दोहे में रहीम 'एक' को साधने की सलाह देते हुए कहते हैं - वह एक जो मूल हो, वह एक जिसे साधने से सब कुछ स्वत: सध जाए. 'संयम' को हम यह 'एक' कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. जीवन की सफलता के अनेक सूत्र हो सकते हैं, लेकिन संयम के रूप में एक मूल सूत्र सध जाए तो इससे विलक्षण बात और क्या हो सकती है?

---

ओशो प्रवचन

## तुम कामना करते हो पर हारना नहीं चाहते

संतोष का अर्थ है-जो कुछ है सुंदर है; यह अनुभूति कि जो कुछ भी है श्रेष्ठतम है, इससे बेहतर संभव नहीं. एक गहन स्वीकार की अनुभूति है संतोष. संपूर्ण अस्तित्व जैसा है, उस के प्रति 'हां' कहने की अनुभूति है संतोष.

साधारणतया मन कहता है, 'कुछ भी ठीक नहीं है.' साधारणतया मन खोजता ही रहता है शिकायतें- 'यह गलत है, वह गलत है.' साधारणतया मन इनकार करता है : वह 'न' कहने वाला होता है, वह 'नहीं' सरलता से कह देता है. मन के लिए 'हां' कहना बड़ा कठिन है, क्योंकि जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; तब मन की कोई जरुरत नहीं होती.

क्या तुमने ध्यान दिया है इस बात पर? जब तुम 'नहीं' कहते हो, तो मन आगे और आगे सोच सकता है; क्योंकि 'नहीं' पर अंत नहीं होता. नहीं के आगे कोई पूर्ण-विराम नहीं है; वह तो एक शुरुआत है. 'नहीं' एक शुरुआत है; 'हां' अंत है.

जब तुम 'हां' कहते हो, तो एक पूर्ण विराम आ जाता है; अब मन के पास सोचने के लिए कुछ नहीं रहता, बड़बड़ाने-कुनमुनाने के लिए, खीझने के लिए, शिकायत करने के लिए कुछ नहीं रहता- कुछ भी नहीं रहता. जब तुम 'हां' कहते हो, तो मन ठहर जाता है; और मन का वह ठहरना ही संतोष है.

संतोष कोई सांत्वना नहीं है- यह स्मरण रहे. मैंने



बहुत से लोग देखे हैं जो सोचते हैं कि वे संतुष्ट हैं, क्योंकि वे तसल्ली दे रहे हैं स्वयं को. नहीं, संतोष सांत्वना नहीं है.

वस्तुतः भीतर बहुत गहरा असंतोष होता है. लेकिन यह समझ कर कि असंतोष चिंता निर्मित करता है, यह समझ कर कि असंतोष परेशानी खड़ी करता है, यह समझ कर कि असंतोष से कुछ हल तो होता नहीं-बौद्धिक रूप से तुमने समझा-बुझा लिया होता है अपने को कि 'यह कोई ढंग नहीं है.' तो तुमने एक झूठा संतोष ओढ़ लिया होता है स्वयं पर; तुम कहते रहते हो, 'मैं संतुष्ट हूं. मैं सिंहासनों के पीछे नहीं भागता; मैं धन के लिए नहीं लालायित होता; मैं किसी बात की आकांक्षा नहीं करताए.' लेकिन तुम आकांक्षा करते हो. अन्यथा यह आकांक्षा न करने की बात कहां से आती?

तुम कामना करते हो, तुम आकांक्षा करते हो, लेकिन तुमने जान लिया है कि करीब-करीब असंभव ही है पहुंच पाना; तो तुम चालाकी करते हो, तुम होशियारी करते हो. तुम स्वयं से कहते हो, 'असंभव है पहुंच पाना.' भीतर तुम जानते हो: असंभव है पहुंच पाना, लेकिन तुम हारना नहीं चाहते, तो तुम कहते हो, 'मैं चाहता ही नहीं.'

तुमने सुनी होगी लोमड़ी की कहानी. वह एक बगीचे में जाती है. वह ऊपर देखती है: अंगूरों के सुंदर गुच्छे लटक रहे हैं. वह कूदती है, लेकिन वहां तक पहुंच नहीं पाती. वह बहुत कोशिश करती है, लेकिन वह पहुंच नहीं पाती.

फिर वह चारों ओर देखती है कि किसी ने उसकी हार देखी तो नहीं. फिर वह अकड़ कर चल पड़ती है. एक नन्हा खरगोश जो झाड़ी में छिपा हुआ था बाहर आता है और पूछता है, 'मौसी, अंगूर नहीं खाओगी?' लोमड़ी कहती है, नहीं, अंगूर खट्टे हैं.

(साभार: ओशो वर्ल्ड फाउंडेशन)

---

त्योहारों का महीना फागुन

## शिवरात्रि से होली तक की रौनक

***अभी फाल्गुन का महीना चल रहा है. यह हिन्दू पंचांग का अंतिम महिना है. इस महीने की पूर्णिमा को फाल्गुनी नक्षत्र होने के कारण इस महीने का नाम फाल्गुन है. इस महीने को आनंद और उल्लास का महीना कहा जाता है. इस महीने से धीरे धीरे गर्मी की शुरुआत होती है और सर्दी कम होने लगती है. इस बार फाल्गुन मास 25 फरवरी यानी आज से 25 मार्च तक रहेगा. आइए जाने कि एक मार्च से 25 मार्च तक कौन-कौन से फागुन मास के पर्व मनाए जाएंगे-***





| दिनांक | दिन | पर्व |
|---|---|---|
| 1 मार्च 2024 | (शुक्रवार) | यशोदा जयंती |
| 3 मार्च 2024 | (रविवार) | शबरी जयंती, भानु सप्तमी |
| 4 मार्च 2024 | (सोमवार) | जानकी जयंती |
| 6 मार्च 2024 | (बुधवार) | विजया एकादशी |
| 8 मार्च 2024 | (शुक्रवार) | महाशिवरात्रि, प्रदोष व्रत (कृष्ण), मासिक शिवरात्रि, पंचक शुरू |
| 10 मार्च 2024 | (रविवार) | फाल्गुन अमावस्या |
| 12 मार्च 2024 | (मंगलवार) | फुलैरा दूज, रामकृष्ण जयंती |
| 13 मार्च 2024 | (बुधवार) | विनायक चतुर्थी |
| 20 मार्च 2024 | (बुधवार) | आमलकी एकादशी |
| 22 मार्च 2024 | (शुक्रवार) | प्रदोष व्रत |
| 24 मार्च 2024 | (रविवार) | होलिका दहन, फाल्गुन पूर्णिमा व्रत |
| 25 मार्च 2024 | (सोमवार) | होली (धुलेंडी), चंद्र ग्रहण |

---


स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

## घर में इनकी मौजूदगी से बरसेगा धन, बढ़ेगी समृद्धि

***फेंगशुई कुछ खास चीजों/प्रतीकों को सुख-सौभाग्य-धन आवक के लिए शुभ मानता है. खास दिशा व स्थान पर इन चीजों/प्रतीकों की उपस्थिति धन्य-धान्य के लिए संभावनादायक बताता है. आइए, कुछ ऐसे ही उपायों की चर्चा करें जो फेंगशुई में समृद्धिकारक माने गए हैं-***

### तीन सिक्के



फेंगशुई में तीन सिक्कों को बेहद शुभ माना गया है. अगर पैसे-रुपए की आवक प्रभावित हो रही है तो सलाह दी जाती है कि इन सिक्कों को लाल रंग के कपड़े में लपेटकर या लाल धागे में बांधकर घर के मुख्य द्वार पर लटका दें.


### तीन टांगों वाले मेंढक



घर में ऐसा तीन टांगों वाला मेंढक रखें जिसके मुंह में सिक्के लगे हो. ऐसा मेंढक घर में रखने से आर्थिक उन्नति होती है. तीन टांगों वाले मेंढक को घर के मुख्य दरवाजे के बाद रख सकते हैं या फिर तिजोरी के पास रख सकते हैं.

### फेंगशुई कछुआ

फेंगशुई का कछुआ घर या ऑफिस में रखना आमदनी में वृद्धिकारक माना जाता है. इसे सही दिशा में रखने से आर्थिक दिक्कतें भी दूर होती हैं. इसे उत्तर दिशा में रखना शुभ माना गया है.



### लॉफिंग बुद्धा



आर्थिक सफलता के लिए घर या ऑफिस में उत्तर-पूर्व में 30 डिग्री की ऊंचाई पर लॉफिंग बुद्धा रखें. ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा. मान्यता है कि इसकी मुस्कान से ही घर में समृद्धि आती है.

### गुडलक बेल



फेंगशुई में को बहुत शुभ माना गया है क्योंकि गुडलक बेल जिसके ऊपर चीनी देवता कुवानयिन बने होते हैं, फेंगशुई में समृद्धिकारक माने जाते हैं. ये अलग रंगों और डिजाइन में भी मिलती हैं.

### एमेथिस्ट का पौधा

उत्तर पूर्व या उत्तर पश्चिम दिशा में घर या कार्यस्थल पर रत्नों से तैयार पौधा जिसे एमेथिस्ट का पौधा कहते हैं, लगाना शुभ माना जाता है. फेंगशुई में मान्यता है कि यह पौधा घर में सौभाग्य-समृद्धि लाता है.



### फिश एक्वेरियम



माना जाता है कि निश्चित रंग और संख्या में एक्वेरियम में मौजूद मछलियां आपके घर की दरिद्रता को दूर करने का माद्दा रखती हैं. इसलिए अगर आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर है तो अपने घर में फिश एक्वेरियम रखें.

### जेड प्लांट



वास्तु के अनुसार जेड प्लांट को मनी ट्री, फोलर प्लांट, डॉलर प्लांट, फ्रेंडशिप ट्री या गुड लक ट्री के नाम से भी जाना जाता है. मान्यता है कि घर में सही दिशा में लगा हुआ जेड प्लांट घर की समृद्धि का कारक बन सकता है और यह धन को विशेष रूप से अपनी और आकर्षित करता है.

### मनी प्लांट

अगर आप आर्थिक परेशानी से घिरे हुए हैं तो आज ही अपने घर मनी प्लांट लाएं. मनी प्लांट बेहद ही लकी माना जाता है. माना जाता है की मनी प्लांट लगाने से रुपए पैसों की दिक्कतें दूर हो जाती हैं.

### बैंबू प्लांट



इसे भी घर के लिए बेहद ही शुभ व लाभकारी माना जाता है. मान्यता है कि इसे पूर्व दिशा में लगाने से घर की सुख-समृद्धि बनी रहती है. इस छोटे से पॉट में पानी में लगाया जा सकता है.

---

खुशी संदेश-06

## मन के हारे हार है मन के जीते जीत


मुकेश चौहान

एक व्यक्ति की राशन की बड़ी दुकान थी. समय के साथ बढ़ता मॉल कल्चर, ऑन लाइन सुविधा, होम डिलेवरी आदि से उनकी दुकानदारी प्रभावित होने लगी. उनके मन में निराशा भरने लगी कि अब दुकान ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी. लगातार घाटे का बाद उनकी दुकान बंद हो गई. बाहर पढ़ रहा उनका बेटा वापस लौटा. यही सोचा कि पापा की दुकान इलाके की पहचान थी. यह असफल हो ही नहीं सकती. हौसले के साथ उसने फिर से दुकान खोल दी. ऑन लाइन के साथ-साथ होम डिलेवरी की व्यवस्था भी शुरू कर दी. चूंकि यह नाम लोगों का पहचाना हुआ था और यहीं से आधुनिक सुविधा भी शुरू हो गई. नतीजन दुकान फिर चल निकली. लब्बोलुआब यह, किसी भी चीज में हम सबसे पहले मन से हारते हैं, फिर जीवन में. लेकिन जैसे ही हम मन-मस्तिष्क में सफलता को बैठाकर समर्पित भाव से कार्य में जुड़ जाते हैं, सफल होने से हमें कोई रोक नहीं पाता. मशहूर लेखक स्वेट मार्डेन ने भी कहा था- असफलता पहले आपके मस्तिष्क में आती है, फिर आपके जीवन में.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अब तक चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, अब आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा

# धर्मशाला टेस्ट में 112 साल पुराना टेस्ट रिकॉर्ड तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

भाषा। नयी दिल्ली

इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में अब तक चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें से तीन मुकाबले जीतकर सीरीज में 3-1 से आगे है. अब आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा. टीम इंडिया ने इस सीरीज के दौरान इंग्लैंड के मैच बैजबॉल की रणनीति को धराशाई करते हुए शानदार तरीके से इंग्लैंड के ऊपर हावी होते हुए दिखाई दी है. कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया खासकर युवा खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. टीम के युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दो दोहरे शतक लगाए वहीं शुभमण गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर भारतीय टीम को जीत दिलाई.



### टूटेगा 112 साल पुराना रिकॉर्ड

सीरीज पर कब्ज़ा जमाने के बाद अब टीम इंडिया की नज़र इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट मुकाबले को जीतने का जी हां टीम इंडिया के पास एक और मौका है और वो है ऐसे रिकॉर्ड का जो 112 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ उस रिकॉर्ड को तोड़ने का जो रिकॉर्ड इंग्लैंड के ही नाम है. अगर टीम इंडिया धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट जीत जाती है तो वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 112 साल बाद ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएगी जिसने पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद बाकी बचे चारो मुकाबले जीती हो. इससे पहले इंग्लैंड ने साल 1912 में ये कारनामा कर दिखाया था और टेस्ट इतिहास की बात करें तो अब तक ऐसा तीन बार हो चुका है जिसमे दो बार ऑस्ट्रेलिया ने साल 1897 – 1898 और 1901 – 1902 में किया है और इंग्लैंड ने 1912 में ऐसा कारनामा किया था.

### लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली

चौथे टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं शृंखला जीत ली. जीत के लिये 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था. सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ( 44 गेंद में 37 रन ) और कप्तान रोहित शर्मा ( 81 गेंद में 55 रन ) ने पहले विकेट के लिये 84 रन जोड़े. दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए लेकिन शुभमन गिल ( नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल ( नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया था.

| टीम | साल |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1897 – 1898 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1901 – 1902 |
| इंग्लैंड | 1912 |

## ब्रीफ खबरें

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी सरकार

**नयी दिल्ली ।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी. इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी. डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा. ठाकुर ने एक्स पर लिखा कि हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम फैसला किया है. खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था.

### गोल्फ टूर्नामेंट में 23वें स्थान पर अदिति

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक एलपीजीए एशियाई चरण की अपनी दूसरी प्रतियोगिता के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से एचएसबीसी महिला चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 23वें स्थान पर हैं. दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी ने इस 18 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया. अदिति पिछले हफ्ते होंडा एलपीजीए थाईलैंड में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थी. अमेरिका की सारा स्मेलजेल चार अंडर 68 के स्कोर से शीर्ष पर चल रही हैं. उन्होंने पांच बर्डी और एक बोगी की.

### लेग साउड बाउंसर पर लगे रोक: स्मिथ

**वेलिंगटन।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने क्रिकेट अधिकारियों से आग्रह किया है कि तेज गेंदबाजों के लेग साउड पर लगातार बाउंसर फेंकने के मसले पर गौर करे क्योंकि इससे बल्लेबाज विकेट के सामने कहीं भी शॉट नहीं लगा पा रहे हैं. आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि गेंदबाज को ऐसी एक या दो गेंद डालने की ही अनुमति होनी चाहिये जिसके बाद उसे चेतावनी दी जानी चाहिये या गेंद वाइड करार दी जानी चाहिये. उन्होंने कहा कि लेग साउड में बाउंसर फेंकने को लेकर नियम में बदलाव किया जा सकता है. आप विकेट के सामने शॉट खेल ही नहीं पाते.

## हार्दिक पंड्या के बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट में होने पर फैंस नाराज

# ईशान-श्रेयस को लगा तगड़ा झटका, कॉन्ट्रैक्ट से हुए बाहर

भाषा। नयी दिल्ली

स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और धांसू विकेटकीपर ईशान किशन को बोर्ड ऑफ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 28 फरवरी को तगड़ा झटका दिया, दरअसल इन दोनों को ही बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया. वैसे केवल ईशान और श्रेयस ही नहीं बल्कि चेतेश्वर पुजारा, शिखर धवन, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, उमेश यादव और दीपक हुड्डा भी ऐसे खिलाड़ियों में शामिल रहे, जो कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से 'आउट' हो गए. इस पर क्रिकेट फैन्स के भी रिएक्शन आ रहे हैं. वहीं हार्दिक पंड्या अभी भी कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में क्यों हैं, इस पर कुछ फैन्स भड़के हुए नजर आए. वहीं ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ना होने से फैन्स निराश नजर आए. माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को इस कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से निकाला, क्योंकि वो डोमेस्टिक क्रिकेट से लगातार दूर थे.बीसीसीआई द्वारा श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से ना दिए जाने पर फैन्स ने प्रतिक्रिया दी है.

**इरफान ने खोला हार्दिक पंड्या के खिलाफ मोर्चा :** इरफान पठान ने हार्दिक पंड्या के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. पठान ने एक्स पर लिखा कि श्रेयस और ईशान दोनों ही प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं. उम्मीद है कि वे वापसी करेंगे और मजबूती से वापसी करेंगे. यदि हार्दिक जैसे खिलाड़ी रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं, तो क्या उन्हें और उनके जैसे अन्य लोगों को नेशनल ड्यूटी पर नहीं होने पर सफेद गेंद वाले घरेलू क्रिकेट में भाग लेना चाहिए? यदि यह सभी पर लागू नहीं होता है तो भारतीय क्रिकेट मनमाफि रिजल्ट प्राप्त नहीं कर पाएगा.

हाल में श्रेयस अय्यर ने बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था. अय्यर और ईशान किशन दोनों ने डोमेस्टिक क्रिकेट में नहीं खेले थे. ईशान किशन भी झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले थे.



### फैन ने दी प्रतिक्रिया, कहा- बीसीसीआई को शर्म करने की जरूरत

एक फैन ने लिखा कि हार्दिक पंड्या भी लगातार रणजी मैच को मिस कर रहे हैं. इसके बावजूद उनको कॉन्ट्रैक्ट 'ए' में शामिल किया गया है. वहीं श्रेयस ने केवल एक मैच मिस किया, इसके बावजूद उनको सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बहार कर दिया गया है. बीसीसीआई को शर्म करने की जरूरत है. वहीं एक यूजर इस बात पर भड़का हुआ नजर आया कि रजत पाटीदार तक को बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर रखा है. लेकिन जिस शख्स ने वर्ल्ड कप में 500 से ज्यादा रन बनाए, वो टीम में नहीं है. वहीं एक यूजर ने लिखा तिलक वर्मा को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिल गया, ये रोहित शर्मा और बीसीसीआई का फेवरेटिज्म दिखाता है.

### रणजी में तमिलनाडु के खिलाफ खेलेंगे श्रेयस

हालांकि, अब श्रेयस अय्यर मुंबई की टीम की ओर रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के खिलाफ खेलते हुए दिखाई देंगे. वहीं भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी ट्रॉफी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था. बीसीसीआई ने बुधवार को ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए ' का अनुबंध दिया गया.

- हार्दिक पंड्या को कॉन्ट्रैक्ट 'ए' में शामिल किया गया है
- रजत पाटीदार को भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट प्लेयर्स (अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 तक)

- **ग्रेड ए** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा.
- **ग्रेड ए** : आर अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या.
- **ग्रेड बी** : सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल.
- **ग्रेड सी** : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार.

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट प्लेयर्स को इस तरह मिलते हैं रुपये

- **ग्रेड ए** : 7 करोड़ रुपये सालाना
- **ग्रेड ए** : 5 करोड़ रुपये सालाना
- **ग्रेड बी** : 3 करोड़ रुपये सालाना
- **ग्रेड सी** : 1 करोड़ रुपये सालानानोट : पिछली बार कुछ इस तरह बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को रिटेनरशिप वैल्यू दी थी.

### जुरेल-सरफराज के पास C ग्रेड में शामिल होने का मौका

ध्रुव जुरेल और सरफराज खान के पास अब भी सी ग्रेड में शामिल होने का मौका है. बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में साफ कहा है कि जो भी प्लेयर 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 सीजन के दौरान तीन टेस्ट या आठ वनडे या फिर दस टी20 इंटरनेशनल मैच खेलता है, तो उसे सी ग्रेड में शामिल किया जाएगा. उदाहरण के लिए अब तक ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में दो टेस्ट मैच खेल लिए हैं. यदि वो सीरीज का आखिरी यानी धर्मशाला टेस्ट मैच खेलते हैं, तो उन्हें सी कैटेगरी में शामिल किया जाएगा.

# सीनियर पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई



भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) करीब 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन के कारण शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में लग सकता है . डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश की तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था . इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा. डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का रोजमर्रा का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरूष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए. युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लिये जाने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिये राष्ट्रीय टीम चुनने के लिये ट्रायल का ऐलान किया.

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष चार पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जायेगा. अभी हमने शिविर के वेन्यू तय नहीं किये हैं. समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरूष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे. एक सूत्र ने कहा कि पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध के कारण हर किसी के लिये पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा. हमने इसलिये सरकार से महिलाओं के शिविर के लिये आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है. ट्रायल में जयपुर और पुणे में हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शीर्ष चार पर रहे पहलवानों को बुलाया जायेगा. राष्ट्रीय चैम्पियनशिप नहीं खेल सके अच्छे पहलवानों को भी मौक मिलेगा.

# आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर



भाषा। बेंगलुरू

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी.फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी. मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था. एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमन आज चयन के लिये उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ खेलेगी. मुझे इसका पूरा यकीन है. हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाये हैं. मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है . एडवडर्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना मुश्किल है.

उन्होंने कहा कि हम उसके लिये इंतजार कर रहे हैं. यह लंबा नहीं होना चाहिये लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते. यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है.

**बैडमिंटन**

## कश्यप ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा और सतीश ने इजराइल की मिशा को हराया

# जर्मन ओपन में 16वें राउंड में पहुंचे आकर्षी और सतीश

- दुनिया में 43वें नंबर के खिलाड़ी है आकर्षी कश्यप
- वर्ल्ड रैंकिंग में 50वें स्थान पर हैं सतीश करुणाकरण

भाषा ।नयी दिल्ली



भारत की शटलर आकर्षी कश्यप और सतीश करुणाकरण बुधवार को मुल्हेम में 2024 जर्मन ओपन बैडमिंटन सुपर 300 में क्रमशः वुमेंस सिंगल और मेंस सिंगल इवेंट के 16वें राउंड में पहुंच गए. कश्यप ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को हराया, वहीं सतीश ने अपने से अपर रैंकिंग वाली इजराइल की मिशा जिल्बरमैन को हराया. दुनिया में 43वें नंबर के खिलाड़ी कश्यप ने यूक्रेनी खिलाड़ी के खिलाफ 63 मिनट तक चले मैच को जीता है. भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम 21-23 से गंवा दिया और फिर वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-17, 21-11 से जीतकर वापसी की. इस बीच, सतीश ने जिल्बरमैन के खिलाफ बहुत शानदार मैच खेला. वर्ल्ड रैंकिंग में 50वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम 21-18 से जीता, लेकिन दूसरा 19-21 से हार गए. जिसके कारण मैच का फैसला आखिरी सेट तक चला गया. मैच रोमांचक हो गया और दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे पर शॉट दर शॉट लगा रहे थे, लेकिन 82 मिनट तक चले मुकाबले में सतीश ने धैर्य बनाए रखते हुए 21-19 से तीसरा गेम अपने नाम कर लिया.

शंकर मुथुसामी मेंस सिंगल के 16वें राउंड के मुकाबले में कनाडा के पांचवें वरीय ब्रायन यांग से 21-15, 18-21, 13-21 से हार गए. मुथुसामी ने मंगलवार को क्वालिफिकेशन राउंड में दो जीत के बाद मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई कर लिया था. इसके अलावा, अशिथ सूर्या और अमृता प्रमुतेश की मिक्सड डबल्स की जोड़ी गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में 12-21, 14-21 से हार गई. सतीश और आद्या वरियाथ की अन्य भारतीय मिक्सड डबल्स जोड़ी भी हांगकांग की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट से 21-23, 17-21 से हार गई, जबकि वुमेंस डबल्स में स्वेतापर्णा और रुतापर्णा पांडा की जोड़ी जर्मनी की जोड़ी को 17-21, 21-10, 14-21 से हार गई. भारत की महिला सिंगल्स शटलर तान्या हेमंथ भी रत्चानोक इंतानोन से 15-21, 13-21 से हार गईं.

# पहले टेस्ट के पहले दिन ग्रीन ने जड़े शतक

भाषा। वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)



- न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कमाल कर दिया
- हैनरी ने 43 रन देकर 4 विकेट हासिल किए

आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक नौ विकेट गंवाकर 279 रन बना लिये. न्यूजीलैंड ने ठंडे और बादलों भरे मौसम में सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया. बीती रात हुई बारिश से पिच पर नमी थी. लेकिन, जैसे ही धूप निकली, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कमाल कर दिया. लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का एकमात्र विकेट झटका था. लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (01), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (01) पवेलियन पहुंच गये. इससे आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 89 रन हो गया. मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने फिर पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी निभाकर पारी को संभाला. मार्श 39 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 40 रन बनाकर मैट हैनरी का शिकार हुए. ग्रीन ने इसके बाद डटकर खेलते हुए न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. उन्होंने 154 गेंद में दिन के अंतिम ओवर में अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे. न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लंच के बाद 'वैरिएशन' का अच्छी तरह इस्तेमाल किया जिससे उन्हें जल्दी जल्दी विकेट मिले.

न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 43 रन देकर चार विकेट हासिल किये. विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट प्राप्त किये. रचिन रविंद्र को चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट मिला. ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से चंद्र नीच का है. मानसिक उलझन होगा. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**वृषभ** समय सामान्य है. बिना वजह जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** शिक्षा में विशेष ध्यान देने का समय है. किसी पुराना रोगनक इलाज संभव है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है. गणेश जी पर दुब और हल्दी अर्पण करें.

**कर्क** धार्मिक यात्रा का योग है. यात्रा में थोड़ी परेशानी होगी. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. देवी दुर्गा का पूजन ध्यान करें.

**सिंह** किसी से कहा सुनी हो सकती है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. विवाद से दूर रहें. सूर्य को जल दें. गायत्री मंत्र जापें.

**कन्या** रुखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मन-मुटाव हो सकता है. सोच विचार कर बोलें.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं. किसी अपनों से विवाद से बचें.

**वृश्चिक** मन प्रसन्न रहेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. गाय का दूध गरीब को दान करें.

**धनु** खर्च रोग में भी हो सकता है. परिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. कोई लंबी यात्रा से बचें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. अन्न का दान करें.

**मकर** समय सामान्य है. चंद्रमा मानसिक तनाव देगा. कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा.

**कुंभ** कुछ विवाद हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें.

**मीन** आपनों से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. योग का सहारा ले. माता दुर्गा का जोत जलावें.

## हुसैनाबाद से अपहृत डॉक्टर बरामद, तीन लोग हिरासत में



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद से अपहृत डॉक्टर को बरामद कर लिया गया है. पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है. इधर डॉक्टर से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान पुलिस के समक्ष डॉक्टर ने कई खुलासे किए हैं और अपहरण की एक नई कहानी निकलकर सामने आई है. बता दें कि पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव से सोमवार की देर शाम अपराधियों ने एक ग्रामीण चिकित्सक डॉ रहमान का अपहरण कर लिया था. हालांकि, अपहरण के बाद फिरौती की मांग नहीं की गई थी. घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने रोड को भी जाम किया था. पुलिस ने पूरे मामले में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था. पुलिस डॉक्टर की तलाश में कई इलाके में सर्च अभियान चला रही थी. इसी क्रम में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया था.

## कोल्हान के जंगल से फरार नक्सली देवेन हांसदा गिरिडीह से गिरफ्तार

**रांची।** भाकपा माओवादी नक्सली देवेन हांसदा गिरिडीह से गिरफ्तार हुआ है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस की बढ़ती दबिश से परेशान होकर देवेन हांसदा कोल्हान जंगल से फरार हो गया था. जिसके बाद से पुलिस की टीम उसके पीछे लगी हुई थी. इसी दौरान पुलिस की टीम ने उसे गिरिडीह से गिरफ्तार कर लिया है. गिरिडीह में उसे गुप्त स्थानों पर रखकर पुलिस पूछताछ कर रही है. बता दें कि नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. जिसे लेकर जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातू, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है.



**बजट सत्र : प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा- नल-जल योजना में राज्य की हिस्सेदारी है 50%**

# शोर-शराबे के बीच 18 विभागों का अनुदान मांग पास

विशेष संवाददाता ।रांची

शोर-शराबे और विपक्षी विधायकों के वॉकआउट के बीच 18 विभागों का अनुदान मांग (बजट) सदन से गुरुवार को पास हो गया. गुरुवार को कृषि विभाग, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज, भवन निर्माण, पथ निर्माण, नगर एवं आवास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद युवा कार्य, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, उच्च एवं तकनीकी शिक्ष तकनीकी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सेंकेडरी, माध्यमिक एवं व्यस्क, अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का बजट पास हो गया. अनुदान मांग पर सरकार का पक्ष रखते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के लोग चिल्लाते रहते हैं, यह मोदी ने दिया, यह मोदी ने दिया. मगर उन्हें बता दूं कि हर घर नल, जल योजना केवल केंद्र की नहीं है. इसमें राज्य की हिस्सेदारी भी 50 प्रतिशत है. कोरोना एवं झारखंड का भौगोलिक बनावट के बीच हम इस योजना में काम शुरू किए. कुल 62 लाख लक्ष्य से अब तक हमने 31. 700 लाख घरों तक शुद्ध पानी पहुंचा दिया. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जल संकट को देखते हुए पिछले पहले में प्रति पंचायत पांच-पांच फिर पिछले वित्तीय वर्ष में 10-10 चापानल दिया. शिक्षा के क्षेत्र में हम तेजी से विकास कर रहे हैं. यही कारण है कि हमने पहली बार बच्चों के लिए अलग से बाल बजट लाया. किसानों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया. 2 लाख रुपये तक लोन माफी करने जा रहे हैं. दुग्ध उत्पादन में हम नयी कहानी गढ़ने जा रहे हैं. ये लोग पहले तीन किसान कानून लाए.

### सवाल करके, फर्जी डाटा रखकर ये लोग भाग जाते हैं : कृषि मंत्री



कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने पूर्व कृषि मंत्री रंधीर कुमार सिंह का जवाब देते हुए कहा कि सवाल करके और फर्जी डाटा रखकर ये लोग भाग जाते हैं. मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इसकी राशि साल में तीन किश्त के तहत 2 हजार हजार रुपये मिलता था. मगर झारखंड में स्थिति यह थी कि यहां पर बीमा कंपनी की मनमानी चल रही थी. चिन्हित किसानों को लाभ देने में आनाकानी कर रहे थे. हमने किसानों को लाभ मिले बिना ही 573 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ा जबकि केवल 8 लाख किसानों में से केवल 57 हजार किसानों को ही इसका लाभ मिला.

### 23 साल में बजट में खर्च पैसे पर श्वेतपत्र जारी हो : लोबिन



झामुमो विधायक ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद यह राज्य बना. जिसमें शिबू सोरेन का आंदोलन का अहम योगदान रहा. पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी ने इस दर्द को समझा और राज्य गठन का सपना पूरा किया. मगर आज 23 साल में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या जिस उद्देश्य के लिए यह राज्य बना, वह पूरा हुआ. झारखंड गठन से लेकर अब तक 23 साल में विकास, गरीब, किसान पर खर्च पैसे पर सरकार को श्वेत पत्र जारी हो. कड़े-कड़े कानून रहते हुए भी आदिवासी जमीन लूटी जा रही है. कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है.

### किसान धान सरकार को बेचना नहीं चाहते हैं : नवीन जायसवाल

भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि यह सरकार किसानों को ठग रही है. दो लाख रुपये किसानों को लोन माफी करने की घोषणा की थी मगर माफ हुआ 50 हजार. धान बिक जाने के बाद धान क्रय केंद्र खोला जाता है. हालत यह है कि अब किसान सरकार को धान बेचना नहीं चाहते हैं, क्योंकि उसे उचित और तय राशि नहीं मिलती है. यह सरकार नहीं सकर्स है. पौने तीख लाख पद रिक्त हैं.

### सरकार को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं : मनीष जायसवाल

भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि इस सरकार को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं करती है. कोई मंत्री बनने के लिए दिल्ली जाता है तो कभी विधायकों को रायपुर और हैदराबाद ले जाती है. एनसीआरबी के रिपोर्ट के अनुसार झारखंड हत्या, प्रताड़ना मामले में सबसे अव्वल है. रघुवर के समय सभी विधायकों को 35 किमी सड़क मिलती थी. अब केवल सत्ता पक्ष के विधायकों को अधिक सड़क मिलती है.

### यहां के थानेदार बालू की वसूली में जुटे हुए हैं : अमित यादव

निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने सदन में सरकार को निशाने पर लिया. अमित यादव ने कहा कि यहां के थानेदार अपराध और अपराधियों के नियंत्रण का काम छोड़कर बालू की वसूली करने में जुटे हैं. सभी थानेदार का मासिक सेट है. ऐसा नहीं होना चाहिए था. इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं है. आज तक सरकार लोगों को सुलभ तरीके से बालू भी उपलब्ध नहीं करा पाई है.

### ओबीसी का आरक्षण बाबूलाल व सुदेश ने कम किया : कालिंदी

झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि आज आजसू पार्टी के विधायक ओबीसी आरक्षण की बात करते हैं. इन्हें बताना चाहिए कि ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण कम करके 14 प्रतिशत किसने किया. बाबूलाल और सुदेश महतो ही इसके लिए जिम्मेवार हैं. अब सदन में अनाप-शनाप बोलते हैं. ओबीसी आरक्षण मांगते हैं. भाजपा के लोग एक आदिवासी मुख्यमंत्री को पांच साल कार्यकाल पूरा किए देखना नहीं चाहते हैं.

## अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान बीजेपी पर बरसे मंत्री मिथिलेश

**रांची।** अधूरे राम मंदिर के उद्घाटन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जमकर बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि 500 साल इंतजार किया लेकिन दो साल और इंतजार नहीं कर पाये. आध-अधूरे राम मंदिर का उद्घाटन कर बीजेपी इसका राजनीतिक लाभ लेना चाहती है. राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में आडवानी और राष्ट्रपति को नहीं बुलाए जाने पर उन्होंने सवाल खड़े किये. बीजेपी को नकली रामभक्त बताया. वहीं भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्रवाई शुरू होते ही कृषि पशुपालन विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पेयजल स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सेकेंडरी, प्राथमिक, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग आदि विभागों का अनुदान मांग (बजट) पर चर्चा के बाद सभी मांग को पास कर दिया गया.

## इरफान ने हेमंत को राम और खुद को बताया हनुमान



**रांची।** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को राम, हनुमान, पाकिस्तान, आरएसएस, बांग्लादेश, इटली और अंबेडकर का नाम गूंजा. दरअसल, कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आप लोग क्या सोच रहे हैं कि हमारे राम को जेल भेज देंगे और हनुमान चुप रहेगा. जेल का ताला टूटेगा और हमारे राम हेमंत छूटेंगे'. वहीं भीमराव अंबेडकर और दलितों का मुद्दा उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी और इरफान अंसारी भिड़ गए. उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान बन रहा था तो उस समय वहां 22% हिंदू थे. आज सिमट कर एक प्रतिशत रह गए हैं. यही हाल बांग्लादेश का है. बांग्लादेश में भी हिंदू दो प्रतिशत ही बचे हैं. वहीं भाजपा की ओर से भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देने को लेकर प्रतिक्रिया दी गई. इसका जवाब देते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि राम मंदिर के शिलान्यास के समय देश के दलित राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया. राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाया गया. यही है इनलोगों का आदिवासी दलित प्रेम. राम के पुजारी नहीं बल्कि राम के व्यापारी हैं. अमर बावरी ने कहा कि ये लोग इटली के नुमाइंदे हैं. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और जयंती नहीं मनाते हैं. डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आप लोग कितने बड़े आदिवासी प्रेमी हैं यह तो पूरा देश देख रहा है. ये लोग नकली राम भक्त हैं.

**झारखंड कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्ताव पर लगी मुहर**

# डॉ विकास लाल को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी

विशेष संवाददाता।रांची

गुरुवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें मंत्रिपरिषद ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई, जो इस प्रकार हैंः

- जल संसाधन विभाग के लघु सिंचाई प्रक्षेत्र रांची अंतर्गत काशीसोत मध्यम सिंचाई योजना, प्रखंड-हुसैनाबाद, जिला-पलामू के निर्माण के लिए लागत राशि 1246.45502 लाख के पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की स्वीकृति दी गई. राज्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति एवं सेवाशर्त) नियमावली (संशोधन) 2017 को संशोधित करने की स्वीकृति दी गई. डॉ विकास लाल, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडल अस्पताल, राजमहल, साहिबगंज को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई.
- राज्य योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में 21148.00 लाख के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह की स्थापना हेतु झारखंड राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई.
- ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्य अंचलों एवं कार्य प्रमंडलों के कार्यालय भवन एवं पदस्थापित अभियंताओं/कर्मियों के आवास निर्माण के लिए कार्यालय/आवासीय भवन का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण योजना प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई.
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III, बैच-1, 2023-24 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पांच पथ एवं दो पुल योजनाओं की राशि 4743.21 लाख की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने तथा राज्यांश के रूप में कुल 2102.61 लाख व्यय करने की स्वीकृति दी गई. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रशास्निक दृष्टिकोण से ग्रामीण कार्य विभाग, गोड्डा प्रमंडल के पथों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई.
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अन्तर्गत योजना के लाभार्थियों को चिकित्सा सहायता अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया के सरलीकरण की स्वीकृति दी गई. झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई.
- झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब आवासविहीन लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराने हेतु राज्य सम्पोषित योजना के रूप में चालू अबुआ आवास योजना (एएवाई) के लक्ष्य वृद्धि एवं मार्गदर्शिका में कतिपय संशोधन की स्वीकृति दी गई.
- राज्यान्तर्गत संचालित तेजस्विनी योजना के कार्यान्वयन का दिनांक-31.12.2023 तक अवधि विस्तार एवं एतद् पर कुल 1075.00 लाख के व्यय की घटनोत्तर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत् पोषण अभियान के क्रियान्वयन निमित्त राज्यस्तरीय एसपीएमयू, जिला स्तरीय हेल्प डेस्क तथा बाल विकास परियोजना स्तरीय हेल्प डेस्क के लिए परियोजना अवधि तक संविदा अधारित विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई.
- दुमका जिला अन्तर्गत मयूराक्षी बांया तट नहर योजना से निकलने वाली पतजोर वितरणी, हरीपुर वितरणी, एवं रानेश्वर वितरणी के पीसीसी लाइनिंग एवं विभिन्न चेनों पर स्थित संरचनाओं के मरम्मति कार्य हेतु कुल रु० 4198.881 लाख के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. विश्व बैंक सम्पोषित झारखंड पावर सिस्टम इंपावरमेंट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम लि के लिए स्वीकृत राशि को रिस्ट्रक्चर करने की स्वीकृति दी गई. विश्व बैंक सम्पोषित स्वीकृत संचरण योजना राशि 2655.81 करोड़ के अन्तर्गत अन्य तीन कार्य योजनाओं के सम्मिलित होने के फलस्वरूप पुनर्गठित योजना की स्वीकृति दी गई.
- देवघर अन्तर्गत कानो से मदनकट्टा भाया महुआटांड़, मुरलीपहाड़ी, बासकुपी, बदिया, नागाडोरी पथ एवं मुरलीपहाड़ी से रामजनी मोड़ लिंक पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (पुल कार्य, भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टिंग, वृक्षारोपण एवं आरएंडआर सहित) हेतु 65,53,35,600 मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. झारखंड वन सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली, 2024 की स्वीकृति प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई.

## पेज 1 का शेष

### जिस्म क्या है रूह का...

लेकिन राजनीति में जाति ऐसी जमीं है कि जाती ही नहीं. जिन्होंने जाति तोड़ो अभियान चलाया उनके चेलों ने इसे और छतनार बनाया, वह भी अपने परिवार की राजनीतिक सुरक्षा के लिए. यानी जातिवादी कलरफुल पेंट का पेटेंट वंशवादियों के ही पास है. इनके पास भ्रष्टाचार रूपी शिष्टाचार का सीएनएफ भी है. जिनके पास यह नहीं है, वे इसी ब्रांड के वितरकों को अपने साथ ला रहे हैं. दुकान में हर तरह का माल चाहिए, ताकि ग्राहक दूसरी दुकान में न जाए. भ्रष्टाचार के मामले में कुछ सर्टिफायड हैं, कुछ नोटिफायड. कुछ इसके टायफायड से ग्रस्त हैं, तो कुछ इसकी आशंका से हाफ फ्रायड हैं. इसका रंग श्याम (काला) होता है. चढ़ता है तो उतरता नहीं है. लेकिन अहसास उज्ज्वलता का कराता है. बिहारी ने लिखा ही है-ज्यों-ज्यों डूबे श्याम रंग, त्यौं-त्यौं उज्ज्वल होय. इसका स्थाई भाव है कर्षण यानी खींचना. इसे ऐसे समझिए-गांव में ताल, ताल में लेड़ई (एक तरह की घास), लेड़ई में भैंस, भैंस पर जोंक. सब खींच रहे हैं. भर जाएंगे तो खुद छोड़ देंगे. लेकिन ये हैं समुद्र सोख. इनका पेट भरता ही नहीं है. जितना खींचते हैं, प्यास उतनी ही बढ़ती जाती है-त्यों-त्यों प्यासेई रहत ज्यों-ज्यों पियत अघाइ. अब इस कर्षण क्रिया का हिसाब-किताब होने लगा है. इसीलिए लोकतंत्र, संविधान वगैरह खतरे में आ गये हैं.

पहले नेता एक-दूसरे का लिहाज करते थे. आपस में एक अघोषित समझौता था. आप हमारा मत देखना, मैं तुम्हारा नहीं देखूंगा. वह समझौता टूट गया है या तोड़ दिया गया है. वैसे भी राजनीति में नैतिकता, आत्मसम्मान, सच्चाई, ईमानदारी आदि दुर्गुण की श्रेणी में गिने जाते हैं. जिनके पास यह थोड़ा-बहुत भी है, वे राजनीति में खप ही नहीं सकते. सियासत में खपना है तो पहले अपनी अंतरात्मा को मारो, नैतिकता को खूंटी पर टांगो. आलाकमान के आगे खीस निपोरने की आदत डालो, पाखंडपूर्ण ओष्ठ सेवा में दक्षता हासिल करो तब तो कुछ गुंजाइश बनेगी. कार्यकर्ता जरखरीद गुलाम होते हैं और दूसरी पार्टियों से आए या लाए गये सिरमौर. कार्यकर्ता अपने आलाकमान के हर फरमान से सहमत होने के लिए ही स्वतंत्र होते हैं, झंडा उठाने और नारा लगाने के लिए भी. पार्टियों में बस इतना ही लोकतंत्र है. अदम गोंडवी ने ठीक ही कहा है-

जिस्म क्या है, रूह का पूरा खुलासा देखिए,
आप भी इस भीड़ में घुसकर तमाशा देखिए...

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लागू करें...




याचिका में यह भी कहा गया था कि अगर राज्यों की सरकारें इलाज की फीस व अन्य चार्ज की सीमा तय नहीं करती हैं, तो केंद्र सरकार अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर ये आदेश जारी कर सकती है. लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मनमानी फीस व चार्ज वसूलने पर नाराजगी जाहिर की. कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय से कहा है कि सरकार अगले एक माह के भीतर महानगरों, बड़े और छोटे शहरों में अलग-अलग बीमारी व उसके इलाज के लिए मानक तय करे. केंद्र सरकार ने अदालत को बताया है कि बार-बार पत्र लिखने के बाद भी राज्य सरकारें इस ओर ध्यान नहीं दे रही हैं. इस पर कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी का मौलिक अधिकार है. कोई भी सरकार इस तरह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती.

**शिकायत** जीएम आयरन कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से कृष्णापुर के लोग हैं परेशान

# एक्शन में जियाडा, दिया कार्रवाई का आदेश

संवाददाता। आदित्यपुर



**होगी कार्रवाई**

- महिलाओं ने सरायकेला एसडीएम से की थी शिकायत
- प्रदूषण से सांसद विद्युत वरण महतो का गांव है प्रभावित

जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के फेज 3 में स्थित जीएम आयरन एंड स्टील कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की ग्रामीणों की शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है. बता दें कि कंपनी गेट पर प्रदर्शन के उपरांत ग्रामीण महिलाओं ने सरायकेला एसडीएम पारुल सिंह से भी लिखित शिकायत की थी.

जिसके बाद जियाडा का क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण के विरुद्ध एक्शन में आया है. बता दें कि जीएम आयरन एंड स्टील कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की शिकायत कृष्णापुर की महिलाओं ने मंगलवार को एसडीएम पारुल सिंह से की थी. एसडीएम ने महिलाओं को जांच के उपरांत कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया था. बता दें कि प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित गांव जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो का है. जहां उन्होंने बचपन बिताया है. बता दें कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के फेज 3 में स्थित आरआईटी थाना क्षेत्र में पड़ने वाली स्टील स्पॉन्ज आयरन कंपनी जीएम आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड के द्वारा पिछले कई महीनों से आसपास के क्षेत्रों में हवा के माध्यम प्रदूषण फैला रहा है. जिससे आसपास के ग्रामीण परेशान हैं. गत सोमवार को पार्वतीपुर कृष्णापुर, राहडगोडा समेत कई गांव के ग्रामीणों ने कंपनी पर हरवे हथियार के साथ प्रदर्शन किया था. ग्रामीण महिलाएं कंपनी पर जहरीला धुआं छोड़ने का आरोप लगा रही थीं. सैकड़ो की संख्या में महिलाएं तथा पुरुष कंपनी गेट के पास पहुंची और उग्र प्रदर्शन की थी. इस दौरान महिलाएं कंपनी प्रबंधन से गेट खोलने की मांग कर रहे थे लेकिन लाठी डंडे से लैस महिलाएं तथा पुरुष को देख कंपनी के अधिकारी कंपनी के गेट को बंद कर अंदर दुबके रहे थे.

## वन विभाग ने 18 पीस बोटा किया बरामद

**सिमडेगा/कोलेबीरा।** वन विभाग को बीती रात 7 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम इटाम की ओर से साल बोटा लदा 407 ट्रक बरसलोया छोटकाटोली के तरफ से गुजरने वाली है. विभाग की टीम छोटकाटोली के पास घात लगाए बैठी थी. रात लगभग 2 बजे इटाम की तरफ से गाड़ी आता हुआ दिखाई दिया. शक होते ही वन विभाग की टीम ने रोकने का प्रयास किया. वन विभाग के टीम के हलचल देखते ही वाहन चालक एवं खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए. पास जाकर देखा तो वाहन पीला रंग के तिरपाल से ढंका हुआ था. तिरपाल हटाने पर उसमें 18 पीस साल बोटा लदा पाया. बोटों पर कोई संपत्ति चिन्ह अंकित नहीं था. जांच में लकड़ी से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला.

# सबसे ताकतवर 100 भारतीयों की लिस्ट में नंबर-1 हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे शक्तिशाली भारतीय 2024 की लिस्ट में पहले नंबर उभरे हैं. इस लिस्ट में गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) के नेता भी शामिल हैं. साथ ही मशहूर बिजनेसमैन गौतम अडानी, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को भी टॉप 10 में जगह मिली है. वहीं, मशहूर क्रिकेटर विराट कोहली और बीसीसीआई के सचिव जय शाह को इस लिस्ट में जगह दी गई है. दरअसल, द इंडियन एक्सप्रेस ने एक लिस्ट जारी की है जिसमें 2024 के सबसे शक्तिशाली 100 भारतीयों के बारे में बताया गया है. इस लिस्ट में पीएम मोदी को पहले नंबर रखा गया है जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 16वें पायदान पर जगह मिली. वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 18वें नंबर पर रखा गया है.

## द इंडियन एक्सप्रेस ने जारी की सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची : जानें प्रमुख शख्सीयत की रैंकिंग




1 नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधान मंत्री
2 अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री
3 मोहन भागवत, आरएसएस प्रमुख
4 डीवाई चंद्रचूड़, भारत के मुख्य न्यायाधीश
5 एस जयशंकर, विदेश मंत्री
6 योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
7 राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री
8 निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री
9 जेपी नड्डा, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष
10 गौतम अडानी, चेयरमैन, अडानी ग्रुप
11 मुकेश अंबानी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आरआईएल
12 पीयूष गोयल, वाणिज्य मंत्री और सदन के नेता, राज्यसभा
13 अश्विनी वैष्णव, रेल, दूरसंचार और आईटी मंत्री
14 हिमंत बिस्वा सरमा, असम के सीएम
15 ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी प्रमुख
16 राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद
17 अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार
18 अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के सीएम और आप सुप्रीमो
19 शक्तिकांत दास, आरबीआई गवर्नर
20 हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
21 संजीव खन्ना, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
22 सिद्धारमैया, कर्नाटक सीएम
23 मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, रसायन और उर्वरक
24 नीतीश कुमार, बिहार के सीएम और जेडीयू प्रमुख
25 एमके स्टालिन, तमिलनाडु के सीएम
26 नीता अंबानी, चेयरपर्सन और संस्थापक, रिलायंस फाउंडेशन
27 शाहरुख खान, अभिनेता
28 नटराजन चन्द्रशेखरन, चेयरपर्सन, टाटा समूह
29 सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष
30 राहुल नवीन, कार्यवाहक निदेशक, प्रवर्तन निदेशालय
31 भूपेन्द्र यादव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
32 अनुराग ठाकुर, सूचना एवं प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री
33 धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री
34 दत्तात्रेय होसबले, महासचिव, आरएसएस
35 जय शाह, बीसीसीआई सचिव
36 मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
37 अजीम प्रेमजी, संस्थापक, विप्रो
38 विराट कोहली, भारत के बल्लेबाज
39 अनुमुला रेवंत रेड्डी, तेलंगाना सीएम
40 विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली एल-जी
41 उदय कोटक, गैर-कार्यकारी निदेशक
42 नंदन नीलेकणि, सह-संस्थापक और बोर्ड के अध्यक्ष, इंफोसिस
43 आनंद महिंद्रा, महिंद्रा समूह के अध्यक्ष
44 राजीव बजाज, प्रबंध निदेशक, बजाज ऑटो
45 नीलकंठ मिश्रा, मुख्य अर्थशास्त्री, एक्सिस बैंक
46 नीरज चोपड़ा, ओलंपिक चैंपियन
47 नवीन पटनायक, ओडिशा के मुख्यमंत्री
48 एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री
49 पिनाराई विजयन, केरल के मुख्यमंत्री
50 देवेन्द्र फड़णवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री
51 तुषार मेहता, भारत के सॉलिसिटर जनरल
52 पीके मिश्रा, प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
53 मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल
54 समीर निगम, संस्थापक और सीईओ, फोन-पे
55 मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री
56 वाईएस जगन मोहन रेड्डी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री
57 किरण नादर, अध्यक्ष, किरण नादर कला संग्रहालय
58 एमएस धोनी, भारतीय क्रिकेटर
59 राजीव चन्द्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, कौशल विकास और उद्यमिता और जल शक्ति राज्य मंत्री
60 सुनील बंसल, राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा
68 रोहित शर्मा, भारतीय क्रिकेटर
79 आलिया भट्ट, अभिनेत्री
80 दीपिका पादुकोण, अभिनेत्री
97 करण जौहर
99 अमिताभ बच्चन, अभिनेता
100 विनेश फोगाट, पहलवान

## ब्रीफ खबरें

### दो बसों की टक्कर में 17 लोगों की मौत

**तेगुसिगल्पा (होंडुरास)।** होंडुरास में पश्चिम क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में 17 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई गई है. अधिकारियों ने कहा कि ला मोंटेनिटा गांव में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के समय दोनों बसों की गति मध्यम थी. उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया. गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हेलीकॉप्टर से सैन पेड्रो सुला शहर के एक अस्पताल ले जाया जायेगा.

### द्रमुक ने भाकपा, माकपा को 2-2 सीट की पेशकश की

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को वाम दलों के साथ अपने सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसके तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को दो-दो सीट की पेशकश की गई है. द्रमुक की ओर से एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीट-बंटवारे की बातचीत को आज अंतिम रूप दिया गया और उसके आधार पर निर्णय लिया गया है. एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक ने इससे पहले आगामी चुनावों के लिए अपने सहयोगी आईयूएमएल और केएमडीके को एक-एक सीट की पेशकश की थी.

### वीजा के सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं बाइडन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार, 'ग्रीन कार्ड' के लंबित मामलों और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. एच-1बी एक गैर आव्रजक वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष व्यवसायों में तकनीकि दक्षता रखने वाले विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है. व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जीन पीयरे ने कहा कि एच-1बी वीजा में सुधार तथा अन्य मुद्दों से निपटने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं.

## टीएमसी नेता शाहजहां शेख गिरफ्तार, चीफ जस्टिस ने शेख के वकील से कहा-

# वंडरफुल... आपका ही इंतजार कर रहे थे

भाषा। बशीरहाट (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के नेतृत्व में हुये हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया. शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखाली से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था. उसके अनुसार गिरफ्तार करने के बाद उसे बशीरहाट अदालत में पेश किया गया जिसने उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया. हिरासत के बाद टीएमसी ने शाहजहां शेख को पार्टी से 6 साल के लिए सस्पेंड कर दिया है

**संदेशखाली के कुछ हिस्सों में अतिरिक्त बल तैनात :** हालात को नियंत्रित करने के लिए संदेशखाली के कुछ हिस्सों में अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है और यहां के 49 क्षेत्रों में दंड प्रकिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगायी गई है.



### शाहजहां शेख से कोई हमदर्दी नहीं : चीफ जस्टिस

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी पर हमले और महिलाओं से यौन उत्पीड़ने के आरोपों में घिरे शाहजहां शेख पर कलकत्ता हाईकोर्ट का कड़ा रुख सामने आया है. शाहजहां शेख की गिरफ्तारी के कुछ घंटों के बाद जब उसके वकील कोर्ट में पहुंचे तो चीफ जस्टिस ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा वंडरफुल...हम आपका ही इंतजार कर रहे थे. शाहजहां शेख के वकील की तरफ से जल्द सुनवाई की मांग गई तो चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली खंडपीठ ने साफ कहा कि हमें शाहजहां से कोई हमदर्दी नहीं हैं. कोर्ट का कहना था कि शाहजहां पर 42 मुकदमे हैं. इसलिए सुनवाई के बाद ही जमानत पर फैसला होगा. चीफ जस्टिस टीएस शिवगणम की अध्यक्षता वाली पीठ ने संकेत दिया कि वह उस दिन मामले की सुनवाई के लिए इच्छुक नहीं है. पीठ ने शाहजहां शेख के वकील को 4 मार्च को वापस आने के लिए कहा.

### कोर्ट ने कहा

- शाहजहां शेख पर 42 मामले दर्ज हैं, 4 मार्च को आइए
- सुनवाई के बाद ही जमानत पर होगा फैसला
- शेख पर कलकत्ता हाईकोर्ट का कड़ा रुख सामने आया

### शेख के खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें दर्ज

पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में शेख के खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं. इस दौरान उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिलाओं के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुआ. उन्होंने बताया कि शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376डी (सामूहिक दुष्कर्म) समेत कई मामला दर्ज किये गये है. इसके अलावा, उसके एक अन्य सहयोगी अजीत मैती को भी जमीन हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. पुलिस ने बताया कि ज्यादातर शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि शाहजहां ने लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया और इलाके की महिलाओं पर अत्याचार किया.

### अंधकार के बाद उजाला जरूर होता है : राज्यपाल

राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कहा कि अंधकार के बाद उजाला जरूर होता है. उन्होंने कहा कि यह एक अंत की शुरुआत है. हमें बंगाल में हिंसा के चक्र को समाप्त करना होगा. बंगाल के कुछ हिस्सों में गुंडे राज कर रहे हैं. यह खत्म होना चाहिए और गैंगस्टर को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए.

### शेख की गिरफ्तारी पर संदेशखाली में जश्न

**संदेशखाली (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले के अशांत क्षेत्र संदेशखाली के लोगों ने महिलाओं का यौन शोषण करने और इलाके में जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जश्न मनाते हुए गुरुवार को एक-दूसरे को मिठाइयां बाटीं. एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया. हम बस यही आशा करते हैं कि उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाए और वह इस इलाके में कभी लौटकर न आ सके.



## देश भर में पांच ट्रेन में किया था विस्फोट

# सिलसिलेवार बम धमाके मामले में मुख्य आरोपी करीम टुंडा बरी

भाषा। जयपुर



अजमेर की एक अदालत ने लगभग देश भर में पांच ट्रेन में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया. आतंकवाद और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) अदालत ने दो अन्य आरोपियों इरफान और हमीदुद्दीन को इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है. याचिकाकर्ता के वकील शफकत सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि अब्दुल करीम टुंडा को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है. अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका. टुंडा पर छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर कई ट्रेन में बम विस्फोट करने का आरोप है.

# दुनिया में भारत की साख कई गुना बढ़ी है : पीएम मोदी

भाषा। भोपाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है. मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए यह बात कही.

# भारत, बांग्लादेश के बीच सीमा वार्ता अगले माह ढाका में होगी

भाषा। नयी दिल्ली

भारत और बांग्लादेश के बीच द्वि-वार्षिक महानिदेशक-स्तरीय सीमा वार्ता अगले माह ढाका में आयोजित होगी, जिसमें सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने और उनके सुरक्षा बलों तथा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. सूत्रों के मुताबिक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पांच से नौ मार्च तक होने वाली बैठक के लिए बांग्लादेश की यात्रा पर जाएगा. बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच यह 54वीं बैठक होगी जो ढाका के पिलखाना स्थित बीजीबी मुख्यालय में आयोजित की जाएगी. बीजीबी महानिदेशक मेजर जनरल मो. अशरफुज्जमां सिद्दीकी बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे.

## फिलिस्तीनियों पर हमले में 70 की मौत, 280 घायल

**रफाह।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मानवीय सहायता के लिए इंतजार कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर हमला करने से कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल किदरा ने बताया कि गाजा शहर में गुरुवार तड़के किए गए हमले में 280 लोग घायल भी हुए हैं. इजराइली सेना ने कहा कि वह रिपोर्ट पर गौर कर रही है. 'अल जज़ीरा' नेटवर्क ने कुछ दृश्य प्रसारित किए हैं जिनमें बड़ी संख्या में शवों और घायलों को अस्पतालों में ले जा रहे है.

## मध्य प्रदेश के डिंडोरी में गहरी घाटी में गिरा वाहन

# 14 लोगों की मौत, 20 घायल

भाषा। डिंडोरी

मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में एक वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह दुर्घटना बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे बड़झर घाट के पास हुई. उन्होंने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन 40-50 फुट गहरी घाटी में गिर गया. अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही



मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए. पुलिस के अनुसार मृतकों में सात पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़का शामिल है. पुलिस उपमंडल अधिकारी मुकेश अविंद्र ने बताया कि वाहन सवार लोग जिले के शाहपुरा ब्लॉक के मसूरघुघरी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अमहाई देवरी गांव वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ.

### प्रधानमंत्री ने लोगों की मौत पर दुख जताया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की.

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों के मारे जाने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है और उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की. राष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बना सकते हैं सुनहरा कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची

ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग की एक विशेष शाखा है और कारों, वाहनों और उनके इंजन जैसे ऑटोमोटिव के डिजाइन और निर्माण के अध्ययन से संबंधित है. यह इंजीनियरिंग की वह शाखा है जो ऑटोमोबाइल के विकास, डिजाइनिंग, उत्पादन, निर्माण परीक्षण, सर्विसिंग, प्रबंधन और नियंत्रण से संबंधित है. इसके कार्य के मुख्य फोकस क्षेत्र वाहन डिजाइन, कारों के उत्पादन में शामिल प्रक्रियाएं, मोटर इंजन के निर्माण और ईंधन प्रबंधन में हैं. इसके अलावा, अध्ययन का यह क्षेत्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, परिवहन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और सुरक्षा इंजीनियरिंग है.

### ऑटोमोबाइल इंजीनियर कितने प्रकार के होते हैं?

- डेवलपमेंट इंजीनियर
- मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियर
- प्रोडक्ट एंड डिज़ाइन इंजीनियर

### डिप्लोमा

- डिप्लोमा इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- डिप्लोमा इन मेकेनिकल इंजीनियरिंग
- डिप्लोमा इन एडवांस ऑटोमोबाइल टेक्नोलोजी
- डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग

### बैचलर

- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोटिव डिजाइनिंग इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग)



### मास्टर

- मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ साइंस इन ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग इन ऑटोमोशन एंड कंट्रोल पावर सिस्टम
- मास्टर ऑफ टेक्नोलोजी इन ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग एंड ई मेनुफेक्टरिंग
- एमएस इन ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग

### ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के लिए प्रवेश परीक्षा

- यूजी स्तर के लिए : जेईई मेन
- पीजी स्तर के लिए : गेट

### ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के पढ़ाई के कुछ प्रमुख संस्थान

- अजिंक्य डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे
- नूतन महाराष्ट्र विद्या पॉलिटेक्निक, पुणे
- ढोले पाटिल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- जयहिंद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे
- दत्तकला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, पुणे
- नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा
- जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- दयालबाग शैक्षिक संस्थान, आगरा
- इंजीनियरिंग और ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद
- शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई
- अजिंक्य डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, पुणे
- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अहमदनगर
- एमएच साबू सिद्दीक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मुंबई
- सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलिटेक्निक, मुंबई
- वीजेटीआई मुंबई – वीरमाता जीजाबाई प्रौद्योगिकी संस्थान
- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नासिक
- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नागपुर
- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, औरंगाबाद
- एमआईटी मणिपाल – मणिपाल प्रौद्योगिकी संस्थान
- दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बैंगलोर
- इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी स्कूल, जैन विश्वविद्यालय, बैंगलोर
- आचार्य प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंगलोर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- ऑक्सफोर्ड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बैंगलोर
- पीईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मांड्या
- एलडीसीई अहमदाबाद – एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- एलजे पॉलिटेक्निक, अहमदाबाद
- गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अहमदाबाद

### जॉब प्रोफाइल्स

- ऑटोमोबाइल इंजीनियर
- डिजाइनर इंजीनियर
- सेल्स ऑफिसर
- आर एंड डी इंजीनियर
- परचेज मैनेजर
- ऑटोमोबाइल डिजाइनर
- मैकेनिक
- डीजल मैकेनिक
- ड्राइवर इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियर
- ऑटोमोबाइल टेक्नीशियन




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)